6 राज्य
2 केंद्रशासित प्रदेश
22 संस्करण

राजधानी ••
वर्ष 23 | अंक 30 | पृष्ठ : 22
मूल्य : साढ़े चार रुपये


# अमर उजाला


नई दिल्ली
शनिवार, 10 मई 2025
वैशाख शुक्ल-त्रयोदशी
विक्रम संवत-2082




कूटनीति | भारत-पाकिस्तान संघर्ष से अमेरिका का कोई वास्ता नहीं...20



# पाकिस्तान ने तुर्किये में बने 400 ड्रोन दागे, यात्री विमानों को बनाया कवच

## लेह से सरक्रीक तक हमले की नापाक कोशिश

### वायुसेना ने जवाबी हमले में पड़ोसी मुल्क की सर्विलांस रडार प्रणाली नष्ट कर दी...पंजाब के बठिंडा में मानव रहित विमान भी मार गिराया

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने के लिए बृहस्पतिवार की रात तुर्किये में बने सोंगर ड्रोन का इस्तेमाल किया। यही नहीं, भारतीय हमले से बचने के लिए यात्री विमानों को ढाल की तरह इस्तेमाल किया। 8 व 9 मई की मध्य रात्रि को पाकिस्तान ने भारतीय वायुसीमा का उल्लंघन किया। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लेह से सर क्रीक तक 36 जगहों पर हमले के लिए 300 से 400 ड्रोन के जरिये घुसपैठ की गई। भारतीय सैन्यबलों ने इनमें से कई को मार गिराया।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री, कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने शुक्रवार को नियमित प्रेस ब्रीफिंग में सबूतों के साथ पाकिस्तान की पोल खोली। उन्होंने बताया, घुसपैठ का मकसद खुफिया जानकारी जुटाने के साथ हमारी वायु रक्षा क्षमता को परखना था। वायुसेना ने तत्काल जवाबी हमला किया, जिसमें पाकिस्तान की सर्विलांस रडार प्रणाली को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया।

कर्नल सोफिया ने बताया, ड्रोन के मलबे की शुरुआती फोरेंसिक जांच से खुलासा हुआ कि ये तुर्किये के बने असिसगार्ड सोंगर ड्रोन थे। इनकी गहन जांच जारी है। व्योमिका ने बताया, पाकिस्तान ने बठिंडा एयर बेस पर हमले की कोशिश की। भारत ने पाकिस्तान के मानव रहित विमान को मार गिराया। कर्नल सोफिया ने कहा, बृहस्पतिवार को भारत ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। एक हमले में उसका एयर डिफेंस रडार सिस्टम नष्ट किया। भविष्य में पाकिस्तान ने फिर दुस्साहस किया, तो और कड़ा जवाब मिलेगा। उन्होंने बताया, नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान ने भारी फायरिंग की, जिसमें कुछ जवान जख्मी हुए हैं। जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को भारी नुकसान हुआ। जम्मू-कश्मीर के तंगधार, उड़ी, पुंछ, मेंढर, राजौरी, अखनूर व उधमपुर में हमले किए जा रहे हैं। पाकिस्तान की कायराना हरकत के बावजूद सेना ने बहुत संयम दिखाया है।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, पाकिस्तान ने उकसाने वाली कार्रवाई में भारतीय शहरों, नागरिक ढांचों व कुछ सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। हमारे सैन्य बलों ने सटीक जवाब दिया।





पाकिस्तान के इन ड्रोनों को बृहस्पतिवार रात भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने मार गिराया। एजेंसी

### 32 हवाईअड्डे 15 तक बंद...दिल्ली से 138 उड़ानें रद्द

32 हवाईअड्डों को यात्री विमानों के लिए 15 मई तक बंद कर दिया गया है। इनमें चंडीगढ़, श्रीनगर, अमृतसर, लुधियाना, भुंटर, किशनगढ़, पटियाला, शिमला, धर्मशाला, बठिंडा, जैसलमेर, लेह, जोधपुर, बीकानेर, पठानकोट, जम्मू, जामनगर व भुज प्रमुख हैं।

दिल्ली के आईजीआई हवाईअड्डे से शुक्रवार को घरेलू व अंतरराष्ट्रीय 138 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। सभी टर्मिनलों पर सुरक्षा भी बढ़ा दी है।

### बंद नहीं किया हवाई क्षेत्र

व्योमिका ने बताया, रात 8:30 बजे हवाई हमला करने के बावजूद पाकिस्तान ने अपना हवाई क्षेत्र नागरिक विमानों के लिए बंद नहीं किया। उल्टे यात्री विमान का इस्तेमाल अपने सुरक्षा कवच के रूप में किया। वे जानते थे कि उनके हमले के जवाब में वायु रक्षा प्रणाली सक्रिय हो जाएगी। ऐसे में सीमा के पास यात्री विमानों, जिनमें अंतरराष्ट्रीय विमान भी शामिल हैं, का उड़ान भरना पूर्ण असुरक्षित था।

- **व्योमिका ने स्क्रीनशॉट दिखाते हुए कहा,** पंजाब सेक्टर में हाई एयर डिफेंस अलर्ट के दौरान फ्लाइटरडार24 के डाटा में साफ दिख रहा है, प्रतिबंध के कारण भारत का हवाई क्षेत्र खाली है। कराची व लाहौर में विमान उड़ रहे हैं।
- तमाम उकसावे के बावजूद भारतीय वायुसेना ने जवाबी हमले में संयम बनाए रखा, जिससे अंतरराष्ट्रीय नागरिक विमानों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकी।
- **करतारपुर कॉरिडोर बंद :** सुरक्षा कारणों से सिख श्रद्धालुओं के पाकिस्तान स्थित करतारपुर साहिब जाने वाला कॉरिडोर अगली सूचना तक बंद किया है। सामान्य दिनों में रोज 5,000 श्रद्धालु वहां जाते हैं।

**आईपीएल स्थगित :** बीसीसीआई ने आईपीएल-18 को एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का फैसला किया है। सचिव देवजीत सैकिया ने बताया, जब देश आतंकी हमले का जवाब देने के साथ सीमापार से अनुचित आक्रमण का सामना कर रहा है, राष्ट्रहित में आईपीएल स्थगित कर रहे हैं।

### जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात में हमले, अमृतसर में ड्रोन गिराया, फिरोजपुर में 25 धमाके, तीन लोग घायल

**जम्मू/पठानकोट/जैसलमेर।** पाकिस्तान ने शुक्रवार को रात गहराते ही जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान से गुजरात तक के 26 इलाकों में फिर ड्रोन से हमला बोला। पंजाब के फिरोजपुर में ड्रोन से करीब 25 धमाके हुए। इसमें एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। भारतीय सैन्य बलों ने कई हमलों को वायु रक्षा प्रणाली के जरिये नाकाम कर दिया।

जम्मू-कश्मीर में सीमा पर देर रात शुरू हुई जोरदार गोलाबारी का भारतीय सेना कड़ा जवाब दे रही है। रिहायशी इलाकों पर पाकिस्तान के हमलों के बाद जम्मू, श्रीनगर समेत कई शहरों में तत्काल ब्लैक आउट कर दिया गया। श्रीनगर हवाईअड्डे पर हमले की कोशिश नाकाम कर दी गई।

अंतरराष्ट्रीय सीमा व नियंत्रण रेखा से सटे इलाकों में पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए। इनमें हथियारयुक्त ड्रोन भी थे, जो रिहायशी इलाकों व सैन्य ठिकानों के लिए खतरा हो सकते थे। ऐसे ही एक ड्रोन ने फिरोजपुर के रिहायशी इलाके खाईफेमिकी को निशाना बनाया, जिसमें तीन लोग जख्मी हो गए। भारतीय सैन्य बल लगातार सतर्क हैं। स्थिति पर करीबी निगाह रखते हुए त्वरित कार्रवाई की जा रही है। सरकार ने सीमावर्ती इलाके में लोगों से घरों में रहने और अपनी गतिविधि नियंत्रित रखने की अपील की है।

इससे पहले, पंजाब में ब्यास में सैन्य प्रतिष्ठान के पास कई धमाके सुने गए। अमृतसर के छेहरटा में ड्रोन गिराने की सूचना है। करतारपुर कॉरिडोर व होशियारपुर में सैन्य प्रतिष्ठान के पास और गुरदासपुर में भी धमाके की सूचना है। फाजिल्का में चार ड्रोन गिराए गए। पठानकोट एयरबेस के पास भी रात को सायरन बजते रहे।

जम्मू में धमाके की आवाज के बाद सायरन बजने लगे। सीएम उमर अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया पर लिखा, जहां मैं हूं वहां रह-रहकर धमाकों की आवाज आ रही है। उन्होंने एक तस्वीर भी साझा की। लिखा-जम्मू में ब्लैक आउट लागू है। ब्यूरो/एजेंसी

>> आतंक पर प्रहार : पेज 12, 13, 14 व 15



फिरोजपुर

**कई स्थानों पर देखे गए ड्रोन**

पाकिस्तानी ड्रोन देर रात तक इन जगहों पर देखे गए...जम्मू-कश्मीर के बारामुला, श्रीनगर, अवंतीपुरा, कुपवाड़ा, उधमपुर, नागरोटा, जम्मू, पंजाब के फिरोजपुर, पठानकोट, फाजिल्का, राजस्थान के बाड़मेर, लालगढ़ जट्टा, जैसलमेर, गुजरात के भुज, कच्छ के कॉरबेट व लखी नाला।



### नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी में जवान बलिदान

नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी में आंध्र प्रदेश के सैनिक मुरली (25) बलिदान हो गए। 8 मई को पाकिस्तानी गोलीबारी का जवाब देते समय मुरली घायल हो गए थे। उन्हें बचाया नहीं जा सका।

### ग्राउंड जीरो से अमर उजाला की विशेष रिपोर्ट

पाकिस्तान से संघर्ष के बीच अमर उजाला के 25 रिपोर्टर सरहदों के हालात आप तक पहुंचाएंगे। लोग किस तरह जिंदगी गुजर-बसर कर रहे हैं, बंकरों में कैसे रह रहे हैं...दहशत के बीच भारतीय सेना की कार्रवाई पर क्या सोच रहे हैं...हर पहलू आपसे साझा करेंगे...**खास रिपोर्ट** >> पेज 12

### शीर्ष सैन्य अफसरों के साथ पीएम की बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार शाम रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजीत डोभाल, सीडीएस जनरल अनिल चौहान और तीनों सेना प्रमुखों के साथ बैठक में सुरक्षा की ताजा स्थिति की समीक्षा की। करीब 1 घंटे 50 मिनट चली बैठक में भावी रणनीति पर भी मंथन हुआ। पाकिस्तान के रवैये को देखते हुए यह बैठक खासी महत्वपूर्ण थी। सुबह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इन वरिष्ठ सैन्य अफसरों से मुलाकात की थी।


- पीएम मोदी ने थल, वायु सेना और नौसेना के पूर्व प्रमुखों के अलावा कई पूर्व सैन्य अधिकारियों के साथ भी चर्चा की। गृह मंत्री अमित शाह ने भी सीमा और हवाईअड्डों पर सुरक्षा की स्थिति की समीक्षा की।

### जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति रहेगी सुचारु

सरकार ने जरूरी वस्तुओं की कमी की अफवाहों के बीच भरोसा दिलाया कि देश में पर्याप्त भंडार हैं। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, अनाज भंडार भरे हैं। फल-सब्जियां भी पर्याप्त मात्रा में हैं। वहीं, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, अस्पतालों में जरूरी दवाएं, ऑक्सीजन, रक्त की आपूर्ति पर्याप्त है।

- **इंडियन ऑयल** व भारत पेट्रोलियम ने कहा, देश में पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।
- बैंकों ने कहा, एटीएम चालू हैं। उनमें पर्याप्त नकदी है।


MAHARISHI UNIVERSITY
FOR BETTERING THE BEST IN U
ADMISSION OPEN for Session 2025-26
UG, PG & Diploma Programs





Lucknow Campus
ADMISSION HELPLINE ☎ +91-98702 00541 | maharishiuniversity.ac.in | /muitindia
Maharishi University of Information Technology
Sitapur Road, P.O-Maharishi Vidya Mandir, Lucknow, Uttar Pradesh - 226013

UG Programs
B.Tech (CSE/ECE/EE/ME/Civil), B.Tech (CSE and specialization in Data Science / Cyber Security), BCA, B.Com, BBA, B.Sc. (Bio Technology/ Physics / Chemistry / Mathematics / Botany / Zoology), B.Sc. Agriculture, BA (History / Economics / English / Hindi / Sociology / Education / Psycology / Political Science/ Social Work), Bachelor of Library Science (B.Lib.) B. Pharm, BA Yoga.

PG Programs
M.Tech (CSE/ECE/EEE/ME/Civil), MCA, M.Com, MBA, M.Sc. (BioTechnology / Physics / Chemistry / Mathematics / Botany / Zoology), M.Sc. Agriculture, MA (History / Economics / English / Hindi / Sociology / Education / Psycology / Political Science), Master of Social Work (MSW), Master of Library Science (M.Lib.), Master of Public Health (MPH), Master of Pharmacy (M.Pharm), MA Yoga

Diploma Programs
Diploma in Engineering (CS / ME / EE / CIVIL / EC), D. Pharm

Noida Campus
ADMISSION HELPLINE ☎ +91-98702 00341 | muitnoida.edu.in | /muitindia
Maharishi University of Information Technology
Sector 110, Noida, PO- Maharishi Nagar, Distt. Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh - 201304

UG Programs
B.Tech CSE and specialization in Data Science / Cyber Security, B.Sc. In Statistics & Actuarial Science, BCA, BCA (AI & ML ), BA LLB, BBA LLB, LLB, BA JMC, Bachelor of Animation, BA (English / Psycology / Political Science) , B.Com, BBA, B. Pharm, BA (Consciousness & Human Potential / Yoga), B.Sc. (Ayurveda Diet & Nutrition)

PG Programs
MCA (AI & ML), LLM, MA JMC, MA (English / Psychology / Political Science), MBA, MA (Consciousness ), MA (Yoga)

Diploma Programs
Diploma in Engineering ( CS / ME / EE / CIVIL / EC), D. Pharma

ISO 21001 | ISO 29993 | ISO 9001 | ISO 14001

Campus Highlights
- Green & Spacious Campus 24x7 Wi-Fi Campus.
- Best In The Class Campus Security.
- Spacious Hostel Ac Rooms & Attached Bathroom.
- Convenient Transport Facility.

Campus Placement



नमस्ते इंडिया डेयरी प्रोडक्ट्स





हम इंडियन्स थोड़ा ज़्यादा चाहते हैं और थोड़ा ज़्यादा करते भी हैं। शगुन का 100 रुपया भी 101 होते ही शुभ हो जाता है। इसी भारतीय सोच के साथ हम लाखों किसानों से बिना किसी बिचौलिये के सीधे दुग्ध संग्रहण करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय तकनीक से लैस उत्पादन के स्वचालित प्लांट में सख्त रूप से मल्टीलेवल क्वालिटी चेक करने के बाद ही उत्पाद आप तक पहुँचाते हैं। ताकि हम सुनिश्चित कर सकें, ज़्यादा स्वाद, ज़्यादा सेहत, ज़्यादा पोषण, ज़्यादा शुद्धता और ज़्यादा गुडनेस का प्रॉमिस।

नमस्ते इंडिया करता है
प्रॉमिस थोड़े ज़्यादा का!

☎ : 1800-123-0800 | : +919090858576 | ✉ : crm@nirpl.com | : www.namasteindiafoods.com

• 6 राज्य
• 2 केंद्रशासित प्रदेश
• 22 संस्करण

राजधानी ••
वर्ष 23 | अंक 30 | पृष्ठ : 22
मूल्य : साढ़े चार रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
शनिवार, 10 मई 2025
वैशाख शुक्ल-त्रयोदशी
विक्रम संवत-2082


amarujala.com | रणनीति | जरूरत पर आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल करें राज्य...14 | दिल्ली-एनसीआर



## भारत ने आईएमएफ से पाकिस्तान को नए कर्ज का विरोध किया, मतदान से दूर रहा

### कहा, पाकिस्तान बड़ा कर्जदार...आतंकवाद के लिए करेगा धन का दुरुपयोग

**नई दिल्ली/इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को हर मोर्चे पर घेरते हुए भारत ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से उसे नए कर्ज देने का विरोध किया है। पाकिस्तान को बहुत बड़ा कर्जदार बताते हुए भारत ने कहा कि आईएमएफ से उसे 2.3 अरब डॉलर (19,412 करोड़ रुपये) का विस्तारित और नया कर्ज मिलता है तो वह इसका दुरुपयोग आतंकवाद के लिए कर सकता है। आईएमएफ की कार्यकारी बोर्ड की बैठक में इस मुद्दे पर हुए मतदान का भी भारत ने बहिष्कार किया।

भारत के कड़े विरोध के बावजूद आईएमएफ ने पाकिस्तान को 1 अरब डॉलर के विस्तारित कर्ज को मंजूरी दे दी। वहीं, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा, हमारा देश लगातार विकास की ओर बढ़ रहा है। भारत आक्रामकता के जरिये हमारे देश के विकास से ध्यान हटाने की साजिश रच रहा है।

भारत ने आईएमएफ के बोर्ड में विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि पाकिस्तान बहुत बड़ा कर्जदार है। उसका शर्तों के पालन का रिकॉर्ड भी खराब रहा है। 1989 के बाद से ही पाकिस्तान को आईएमएफ से धन मिलता रहा है। लेकिन उसका सही उपयोग नहीं हुआ। पाकिस्तान के आर्थिक मामलों में उसकी सेना का बहुत अधिक दखल है। इससे कर्ज के दुरुपयोग का खतरा है। एजेंसी



भारत ने कहा, पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को लगातार बढ़ावा देता है। उसे कर्ज दिया जाता है तो वित्तपोषण एजेंसियों और कर्जदाताओं की प्रतिष्ठा पर भी आंच आती है।

**इसलिए मतदान से दूर रहा भारत**

आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड में 25 निदेशक हैं, जो सदस्य देश या सदस्य देशों के समूह का प्रतिनिधित्व करते हैं।

- संयुक्त राष्ट्र की तरह यहां हर सदस्य देश के पास एक वोट नहीं होता, बल्कि आईएमएफ की वोटिंग शक्ति सदस्य देश के आर्थिक आकार को दर्शाती है।
- आमतौर पर सर्वसम्मति से फैसला होता है। लेकिन जहां वोटिंग की आवश्यकता होती है, वहां विरोध में मतदान का प्रावधान नहीं है।
- निदेशक या तो पक्ष में वोट कर सकते हैं या अनुपस्थित रह सकते हैं।
- इसलिए भारत ने मतदान से दूरी बनाते हुए कड़ा विरोध जताया।

# मौजूदा हालात में महिला सैन्य अफसरों का मनोबल न गिराएं

### सुप्रीम कोर्ट की स्थायी कमीशन के मामले में टिप्पणी, कहा-69 महिला अधिकारियों को अगली सुनवाई तक सेवामुक्त नहीं करें

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह शॉर्ट सर्विस कमीशन की महिला सैन्य अधिकारियों को सेवा मुक्त न करे, जिन्होंने स्थायी कमीशन देने से इन्कार करने के फैसले को चुनौती दी है। शीर्ष अदालत ने कहा, मौजूदा हालात में हमें उनका मनोबल नहीं गिराना चाहिए।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने 69 अधिकारियों की याचिकाओं को अगस्त में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया और कहा कि अगली सुनवाई तक उन्हें सेवामुक्त नहीं किया जाना चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत ने केंद्र सरकार से कहा, वे प्रतिभाशाली महिला अधिकारी हैं, आप उनकी सेवाएं कहीं और ले सकते हैं। यह समय नहीं है कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट में घूमने के लिए कहा जाए। उनके पास देशसेवा करने के लिए बेहतर जगह है।

केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि यह सशस्त्र बलों को युवा बनाए रखने की नीति पर आधारित प्रशासनिक निर्णय था। उन्होंने शीर्ष अदालत से महिला सैन्य अधिकारियों को सेवा मुक्त करने के निर्णय पर रोक नहीं लगाने का आग्रह किया। कहा, भारतीय सेना को युवा अधिकारियों की जरूरत है और हर साल केवल 250 कर्मियों को स्थायी कमीशन दिया जाता है।



यह समय नहीं है कि महिला अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट में घूमने के लिए कहा जाए। उनके पास देशसेवा के लिए बेहतर जगह है। - पीठ

### कर्नल कुरैशी का भी हुआ जिक्र

कर्नल गीता शर्मा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मेनका गुरुस्वामी ने कर्नल सोफिया कुरैशी के मामले का उल्लेख किया, जो उन दो महिला अधिकारियों में से एक हैं, जो ऑपरेशन सिंदूर के बाद लगातार मीडिया को जानकारी दे रही हैं।

- **गुरुस्वामी :** कर्नल कुरैशी को स्थायी कमीशन से संबंधित राहत के लिए इस अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा था। अब उन्होंने देश को गौरवान्वित किया है।
- **पीठ :** अदालत के समक्ष मामला पूरी तरह कानूनी है, इसका अधिकारियों की उपलब्धियों से लेना-देना नहीं है।



**महिलाओं को अन्य पदों से बाहर रखना अन्याय...**17 फरवरी, 2020 को शीर्ष अदालत ने कहा था, स्टाफ नियुक्तियों को छोड़ सभी पदों से महिलाओं को बाहर रखा जाना अन्याय है। बिना किसी औचित्य के कमांड नियुक्तियों के लिए विचार न करना कानूनी रूप से सही नहीं है। शीर्ष कोर्ट ने कहा, महिला शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारियों को स्टाफ नियुक्तियों तक सीमित रखने से स्पष्ट है कि सेना में स्थायी कमीशन देने का मकसद पूरा नहीं हुआ।

### सरकार की दलील परेशान करने वाली

**शीर्ष कोर्ट ने महिला अधिकारियों के स्थायी कमीशन की अनुमति दे दी थी।**

- कोर्ट ने सरकार की उस दलील को परेशान करने वाली और समानता के सिद्धांत के विपरीत बताया था, जिसमें शारीरिक सीमाओं और सामाजिक चलन का हवाला देते हुए कमान मुख्यालय में नियुक्ति नहीं देने का तर्क था।

### महिला अधिकारियों ने देश का मान बढ़ाया

**सुप्रीम कोर्ट ने तब कहा था,** अतीत में महिला अधिकारियों ने देश का मान बढ़ाया है और सशस्त्र सेनाओं में लैंगिक आधार पर भेदभाव समाप्त करने के लिए सरकार की मानसिकता में बदलाव जरूरी है।

- वर्ष 2020 के फैसले के बाद से शीर्ष अदालत ने सशस्त्र बलों में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन के मुद्दे पर कई आदेश पारित किए हैं। इसी तरह के आदेश नौसेना, भारतीय वायु सेना और तटरक्षक बल के मामले में पारित किए गए थे।

## टोल मुक्त ही रहेगा डीएनडी फ्लाईवे

### राहत : सुप्रीम कोर्ट ने टोल मामले पर पुनर्विचार याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-नोएडा-डायरेक्ट (डीएनडी) फ्लाईवे को टोल मुक्त रखने के अपने आदेश पर पुनर्विचार से इन्कार कर दिया। शीर्ष अदालत ने फैसले की समीक्षा की मांग वाली नोएडा टोल ब्रिज कंपनी लि. की याचिका खारिज कर दी।

जस्टिस सूर्यकांत व जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने डीएनडी फ्लाईवे पर टोल वसूलने वाली निजी कंपनी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, उसके 20 दिसंबर, 2024 के फैसले पर पुनर्विचार करने की कोई जरूरत नहीं है। इस फैसले में शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के 2016 के आदेश को बरकरार रखते हुए टोल वसूली रोकने को कहा था।

सुनवाई के दौरान कंपनी के वकील ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि इसमें कंपनी के पक्ष में कुछ सकारात्मक टिप्पणियां थीं, जो फैसले में नहीं दिखाई गई थीं। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, आपने पहले ही बहुत सारा पैसा कमा लिया है। हालांकि, पीठ ने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी प्रदीप पुरी की एक याचिका पर विचार किया, जिसमें उन्होंने उनके खिलाफ की गई व्यक्तिगत टिप्पणियों को हटाने या स्पष्ट करने की मांग की थी। अदालत ने कहा कि वह कैग रिपोर्ट का प्रासंगिक अंश रिकॉर्ड में शामिल करेगी और देखेगी कि क्या टिप्पणियों को स्पष्ट किया जा सकता है। ब्यूरो

**नोएडा प्राधिकरण, दिल्ली व यूपी सरकार पर की थी सख्त टिप्पणी**

शीर्ष कोर्ट ने मूल फैसले में नोएडा प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश व दिल्ली सरकार की भूमिका पर सख्त टिप्पणी की थी। कोर्ट ने इनकी भूमिका लोकहित के प्रति गंभीर विश्वासघात बताई थी। कहा था, कैग के अनुसार 2001 से 2016 के बीच कंपनी ने टोल से 892.51 करोड़ रुपये की कमाई की, 243.07 करोड़ रुपये लाभांश के रूप में बांटे और 31 मार्च, 2016 तक कोई बकाया ऋण नहीं था। कंपनी ने लागत व मुनाफा पहले ही वसूल लिया, इसलिए टोल जारी रखने का औचित्य नहीं बचता।

## घुसपैठ नाकाम, जवानों ने ढेर किए सात आतंकी



सांबा में पाकिस्तान की ढांढर चौकी से उठता धुआं।

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल ने जम्मू-कश्मीर के सांबा में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की बड़ी कोशिश नाकाम कर 7 आतंकियों को मार गिराया। इस कार्रवाई में पाकिस्तान रेंजर्स की चौकी भी नष्ट हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि निगरानी ग्रिड से आतंकियों के बड़े समूह का पता लगा। इसके बाद बृहस्पतिवार रात करीब 11 बजे आतंकियों से मुठभेड़ हुई। घुसपैठ में ढांढर चौकी पर पाकिस्तान रेंजर्स लगातार कवर गोलीबारी से मदद कर रहे थे। गोलीबारी और इस चौकी के बंकर के नष्ट होने की थर्मल इमेज क्लिप भी साझा की गई। अधिकारियों ने बताया, अभी और आतंकी सीमापार करने की कोशिश में हो सकते हैं। ब्यूरो

## डिप्टी कलेक्टर पदावनत, फिर बनाया तहसीलदार

### जबरन हटाई थीं झोपड़ियां : सुप्रीम कोर्ट ने कहा, कानून से कोई ऊपर नहीं

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून का शासन हमारे लोकतंत्र का आधार है, लेकिन अदालती आदेशों की अवहेलना करना इस कानून के शासन की नींव पर हमला है। शीर्ष अदालत ने आंध्र प्रदेश में हाईकोर्ट के निर्देश की अवहेलना करने वाले डिप्टी कलेक्टर को पदावनत कर तहसीलदार बनाने का आदेश दिया। अधिकारी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए शीर्ष अदालत ने कहा, कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आंध्र प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि वह डिप्टी कलेक्टर को वापस तहसीलदार के पद पर नियुक्त करे, जिन्होंने जनवरी, 2014 में गुंटूर जिले में कई झोपड़ियों को जबरन हटाया था, जबकि अदालत ने ऐसा करने पर रोक लगाई थी। जस्टिस गवई ने कहा कि हम चाहते हैं कि पूरे देश में यह संदेश जाए कि कोई भी अदालत के आदेशों की अवहेलना बर्दाश्त नहीं करेगा। पीठ ने कहा, जब कोई सांविधानिक न्यायालय कोई निर्देश जारी करता है, तो हर अधिकारी, चाहे वह कितने भी उच्च पद पर क्यों न हो, उस आदेश का सम्मान और उसका अनुपालन करने के लिए बाध्य है।

**याचिका में खंडपीठ के आदेश को दी थी चुनौती**



शीर्ष अदालत हाईकोर्ट की खंडपीठ के आदेश के खिलाफ अधिकारी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने उनकी अवमानना अपील को खारिज कर दिया था।

- खंडपीठ ने एकल न्यायाधीश के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया, जिसमें अधिकारी को कारावास की सजा सुनाई गई थी। **अधिकारी पर आरोप था कि** तहसीलदार रहते उसने 11 दिसंबर, 2013 के निर्देश के बावजूद जनवरी, 2014 में गुंटूर में झुग्गियां हटा दीं।

**हाईकोर्ट ने सुनाई थी दो महीने की सजा**

- शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के आदेश की पुष्टि की, लेकिन हाईकोर्ट की ओर से अधिकारी को सुनाई गई दो महीने की सजा में संशोधन कर याचिकाकर्ता को पदावनत करने की सजा सुनाई।
- **याचिकाकर्ता का साल 2023 में तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर के पद पर प्रमोशन हुआ था।**
- **अधिकारी के वकील ने दलील थी,** उन्होंने सरकारी जमीन को बचाने के लिए झुग्गियां हटाई थीं। 48 घंटे से अधिक की कैद की सजा पर सेवा नियमों के अनुसार उनकी नौकरी चली जाएगी। इससे उनका परिवार प्रभावित होगा।




# सभी सुरक्षा एजेंसियां, सरकार भी सतर्क, डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द, आपदा से निपटने के लिए अस्पताल भी पूरी तरह अलर्ट

- पीडब्ल्यूडी मुख्यालय पर बजा सायरन, 40-50 और लगेंगे, दिल्ली की ऊंची इमारतों पर एक-दो दिनों में सायरन स्थापित किए जाएंगे
- भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ रहे तनाव को देखते हुए अस्पतालों में 10 से लेकर 70 तक बेड आरक्षित


भारत- पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच आतंकवादियों के हमले की आशंका को देखते हुए पुलिस ने राजधानी की सड़कों पर किया मार्च। अमर उजाला


पुलिस ने एहतियातन की मॉक ड्रिल। खबर पेज 3 पर


पीडब्ल्यूडी मुख्यालय पर सायरन का परीक्षण किया गया। अमर उजाला



चौकसी के बीच इंडिया गेट पर पसरा रहा सन्नाटा। अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध की आशंका देखते हुए राजधानी में सभी सुरक्षा एजेंसियों के साथ ही सरकार भी अलर्ट मोड पर है। पुलिस से लेकर डॉक्टरों तक की छुट्टियां रद कर दी गई हैं। जो भी अधिकारी छुट्टी पर हैं उन्हें बुलाने के आदेश दे दिए गए हैं। आपात स्थिति से निपटने के लिए दिल्ली सरकार ने आईटीओ स्थित पीडब्ल्यूडी मुख्यालय पर हवाई हमले से बचने के लिए सायरन का परीक्षण किया। अस्पतालों में एहतियातन आपदा वार्ड को सतर्क कर दिया गया है और सभी प्रकार की जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई हैं।

मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि दिल्ली सरकार आपातकाल के लिए पूरी तरह तैयार है। दिल्ली में सायरन लगाने का काम शुरू हो गया है। अगले 1-2 दिनों में 40-50 सायरन ऊंची इमारतों पर स्थापित कर दिए जाएंगे। इन सायरनों की रेंज 8 किलोमीटर है और इन्हें एक केंद्रीय कमांड सेंटर से नियंत्रित किया जाएगा। आपात स्थिति में ये सायरन 5 मिनट तक बजेंगे। पीडब्ल्यूडी भवन एक ऊंची इमारत होने के कारण यहां सायरन का परीक्षण किया गया। इसका नियंत्रण राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पास होगा। सायरन के लिए उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्रियों, मुख्य सचिव और दिल्ली पुलिस आयुक्त सहित सभी प्रमुख अधिकारियों को सूचित किया गया है।

### सायरन सुनकर घबराने की जरूरत नहीं

सेंट्रल दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेट जी सुधाकर ने कहा कि यह परीक्षण नियमित तैयारियों का हिस्सा है। उन्होंने लोगों से शांत रहने और सायरन सुनकर घबराने के बजाय इसे सामान्य प्रक्रिया समझने की अपील की। जिला प्रशासन ने सोशल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जरिए इस परीक्षण के बारे में व्यापक प्रचार करने के निर्देश दिए हैं ताकि लोगों में भ्रम की स्थिति न हो।

### पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां भी की गईं निरस्त

दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सभी जिला पुलिस उपायुक्त ने जिले के व्हाट्सएप ग्रुप में छुट्टी निरस्त करने के आदेश दिए हैं।

आपदा वार्ड में 10 से लेकर 70 तक बिस्तर आरक्षित किए गए हैं। इन्हें जरूरत के आधार पर बढ़ाया भी जा सकता है। इनका इस्तेमाल आपदा प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए किया जाता है।

दिल्ली में 26 जनवरी, 15 अगस्त सहित दूसरे बड़े आयोजन, भूंकप सहित दूसरी घटनाओं को देखते हुए लगभग सभी बड़े अस्पतालों में 10 से 70 तक बिस्तर आरक्षित किए गए हैं। इन बिस्तर को अस्पतालों में आपदा प्रबंधन बिस्तर कहते हैं। इन बिस्तर को बनाते समय उपलब्ध जनशक्ति और बुनियादी ढांचे का विशेष ध्यान रखा जाता है। इनमें पर्याप्त कर्मचारियों, संस्थागत संसाधनों और संरचनाओं को नियुक्त किया जाता है। रोजाना इन बिस्तरों की जांच होती है।




### आपदा से निपटने के लिए आरक्षित किए गए बेड



| अस्पताल | बेड |
|---|---|
| लोकनायक | 70 |
| सफदरजंग | 60 |
| आरएमएल | 40 |
| जीटीबी | 40 |
| लेडी हार्डिंग | 30 |
| एम्स ट्रामा सेंटर | 20 |

**एयर लिफ्ट कर ला सकते हैं मरीज**

- सीमावर्ती क्षेत्रों में हो रही गोलाबारी में यदि कोई गंभीर रूप से घायल होता है और उसे एडवांस चिकित्सा सुविधा की जरूरत होती है तो उसे एयरलिफ्ट करके लाया जा सकता है। एम्स ट्रामा सेंटर में ऐसे मरीज आते है।

**आपदा प्रबंधन बिस्तर पर हर सुविधा**

- लोकनायक अस्पताल में इमरजेंसी विभाग के डॉक्टरों कहना है कि आपदा से निपटने के लिए अस्पताल में 70 बिस्तर की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि अस्पताल ऐसे किसी भी हादसे में घायल मरीज को हर संभव इलाज देने के लिए बनाया गया है।

## महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा बढ़ाई गई, की जा रही गश्त

नई दिल्ली। शुक्रवार को दिल्ली में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों सहित सरकारी भवनों और अधिक आवाजाही वाले क्षेत्रों में भारी सुरक्षा तैनात कर दी गई है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि सरकारी भवनों, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, अदालतों और विदेशी दूतावासों सहित सभी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा अर्धसैनिक बलों सहित अतिरिक्त बलों के हवाले हैं। एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने बाजार, रेलवे स्टेशन, मॉल, पार्क और मेट्रो स्टेशन सहित अधिक आवाजाही वाले क्षेत्रों में भी चौकसी बढ़ा दी है। राजधानी में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की जांच की जा रही है। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान वालीं जगहों पर जनरल गश्त की जा रही है। ब्यूरो

## 16 से एम्स सहित अन्य अस्पतालों में शुरू हो रही थीं छुट्टियां

नई दिल्ली। सफदरजंग अस्पताल, एम्स समेत अन्य अस्पतालों ने डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज व सफदरजंग अस्पताल की प्राचार्य गीतिका खन्ना के ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि मौजूदा हालात देखते हुए सभी संकाय की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। डॉक्टरों को किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा गया है।


सफदरजंग अस्पताल में संकाय (डॉक्टर) की छुट्टियां शुरू हो गई है। अस्पताल का आधा स्टाफ (डॉक्टर) इस दौरान छुट्टियों पर रहता है। एम्स, डॉ. राम मनोहर लोहिया, लेडी हार्डिंग सहित अन्य मेडिकल कॉलेजों से संबंधित अस्पतालों में भी डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द हो सकती हैं। एम्स, आरएमएल में 16 मई से डॉक्टरों की गर्मियों की छुट्टियां शुरू हो रही हैं। एम्स में आदेश के तहत 16 मई से 15 जुलाई तक गर्मी की छुट्टियां दी जानी थीं, लेकिन इन छुट्टियों को बाद में दिया जाएगा। ब्यूरो

### मरीजों को मिलेगी राहत

सफदरजंग, डॉ. राम मनोहर लोहिया सहित अन्य अस्पतालों में डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द होने से मरीजों को राहत मिलेगी। केंद्र सरकार के इन चार बड़े अस्पतालों में प्रति दिन 40 से 50 हजार मरीज ओपीडी में इलाज कराने आते हैं। हजारों की संख्या में रोजाना सर्जरी होती हैं। इन डॉक्टरों के छुट्टियों पर रहने से मरीजों को सर्जरी, ओपीडी, जांच सहित दूसरे चिकित्सा के लिए लंबी तारीख दी जाती है।

### जम्मू से तीन विशेष ट्रेनों का संचालन किया गया

उत्तर रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए 9 मई को जम्मू क्षेत्र से दिल्ली के लिए तीन विशेष ट्रेनों का संचालन किया। अधिकारियों के अनुसार विशेष सुपरफास्ट ट्रेन (04620) शुक्रवार शाम को जम्मू तवी से 19:10 बजे रवाना हुई और शनिवार तड़के 04:00 बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। इससे पहले जम्मू के शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन से नई दिल्ली तक विशेष वंदे भारत ट्रेन का संचालन 9 मई को किया गया। यह ट्रेन दोपहर 12:45 बजे रवाना हुई। जो रात 10:15 बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। शुक्रवार सुबह जम्मू से स्पेशल ट्रेन (04612) सुबह 9:40 बजे चलाई गई जो नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रात करीब नौ बजे पहुंची।



## तनाव के बीच जम्मू से ट्रेन से सुरक्षित पहुंचे यात्री

नई दिल्ली। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर दोपहर सवा तीन बजे श्री माता वैष्णो देवी कटरा के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस रवाना हुई।

यात्रियों से भरी ट्रेन में भारत-पाकिस्तान के बीच उत्पन्न तनाव चर्चा का विषय जरूर रहा, लेकिन उनमें यह विश्वास भी था कि भारतीय सेना हर परिस्थितियों में देश और देशवासियों की रक्षा करने में सक्षम हैं। ट्रेन में यात्री अपने मोबाइल फोन पर पूरे घटनाक्रम को लेकर नजर बनाए रहे। वहीं रेलवे प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क है।

### रेलवे प्रशासन सतर्क रहा, कहीं नहीं दिखी चूक

शुक्रवार को जब जम्मू-कश्मीर से आई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के यात्री नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर पहुंचे। ट्रेन निर्धारित समय से एक घंटे की देरी से रवाना हुई थी और रास्ते में पठानकोट स्टेशन पर भी एक घंटे के लिए रोकी गई। बताया जा रहा है कि पठानकोट में ब्लैकआउट के दौरान ट्रेनें रोकी गई। जम्मू-कश्मीर से दिल्ली पहुंचे यात्री रविंद्र ने बताया कि पूरे रास्ते सोशल मीडिया के जरिये वे स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। एक अन्य यात्री ने बताया कि जब ट्रेन पठानकोट में रुकी तो यात्री घबरा गए। हालांकि रेलवे अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए यात्रियों को कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। ब्यूरो

## स्कूलों ने एहतियातन वर्चुअल कक्षाएं शुरू कीं

नई दिल्ली। राजधानी के कई निजी स्कूलों ने एहतियातन शुक्रवार से ऑनलाइन कक्षाएं शुरू कर दी हैं। अधिकारियों के अनुसार वसंत कुंज में डीपीएस, पश्चिम विहार में इंद्रप्रस्थ वर्ल्ड स्कूल और मॉडल टाउन में क्वीन मैरी जैसे स्कूलों ने वर्चुअल कक्षाओं का विकल्प चुना। स्कूलों में दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जारी सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत मॉक ड्रिल भी कराई गई। शिक्षा निदेशालय की ओर से अभी स्कूलों को बंद करने का कोई निर्देश नहीं दिया गया है। ब्यूरो

### आवश्यक सेवाओं के लिए अवकाश पर रोक

नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां अगले आदेश तक रद्द कर दी हैं। आदेश में कहा गया कि किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को अगली सूचना तक छुट्टी नहीं दी जाएगी, चाहे वह अर्जित अवकाश हो या आकस्मिक हो। यह निर्णय आपात स्थितियों से निपटने और आवश्यक सेवाओं को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है।

### व्यापारी रात में साइनबोर्ड की लाइटें बंद रखें: कपूर

प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने राजधानी के व्यापारियों, होटल मालिकों और विज्ञापन एजेंसियों से अपील की है कि वे रात के समय अपने प्रतिष्ठानों पर जलते साइनबोर्ड को बंद कर दें। कपूर ने कहा कि मौजूदा सुरक्षा हालात को देखते हुए यदि शहर में ब्लैकआउट जैसी स्थिति घोषित होती है तो बंद दुकानों और प्रतिष्ठानों पर लगातार जलते साइनबोर्ड सामाजिक सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं।

### देशहित में सरकारी निर्देशों का पालन करें : सचदेवा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दिल्लीवासी सतर्क रहें और देशहित में सरकार के निर्देशों का पूरी गंभीरता से पालन करें। सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने कहा कि किसी भी वीडियो, खबर या लिंक को साझा करने से पहले उसकी सत्यता और स्रोत की विश्वसनीयता जरूर परख लें।

## महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों पर पसरा सन्नाटा, बढ़ाई गई सुरक्षा


### ऐतिहासिक स्मारकों में दस से 30 फीसदी गिरी पर्यटकों की संख्या, लालकिले का सुरक्षा घेरा बढ़ा

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। भारत-पाकिस्तान के बीच तनातनी का असर अब दिल्ली के पर्यटन स्थलों पर देखने को मिल रहा है। पहले की तुलना में स्मारकों में घूमने आने वाले पर्यटकों की संख्या 10-30 फीसदी घट गई है। चिड़ियाघर में भी पर्यटकों की संख्या में गिरावट आई है।

स्मारकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। लालकिला में पर्यटकों को अलग-अलग सुरक्षा घेरे से होकर गुजरना पड़ रहा है। लालकिला के दिल्ली गेट पर सुनहरी मस्जिद की तरफ से आने वाले रास्ते पर भी बैरिकेडिंग लगाकर पर्यटकों की सुरक्षा जांच की जा रही है। साथ ही लालकिला में प्रवेश के समय भी पर्यटकों को सुरक्षा जांच से होकर गुजरना पड़ रहा है। कुतुबमीनार के बाहर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के एक अधिकारी ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि जब से भारत-पाकिस्तान के बीच तनातनी बढ़ी है उसके बाद से पहले की तुलना में पर्यटकों की संख्या में गिरावट दर्ज की जा रही है। हालांकि इसकी वजह गर्मी भी है।


किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए लाल किले पर तैनात दिल्ली पुलिस के जवान। अमर उजाला

### हफ्ते में 1700 पर्यटक हुए कम

दिल्ली में स्मारकों में ही नहीं चिड़ियाघर में भी कम संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंच रहे है। चिड़ियाघर में एक हफ्ते में करीब 1700 पर्यटक कम हो गए हैं। चिड़ियाघर के निदेशक डॉ. संजीत कुमार ने बताया कि पिछले एक मई को चिड़ियाघर में 4000 के लगभग पर्यटक पहुंचे थे। आठ मई को बृहस्पतिवार के दिन 2300 पर्यटक घूमने के लिए आए। शुक्रवार को चिड़ियाघर बंद रहता है। शनिवार और रविवार का मूल्यांकन किया जाएगा।

### इन स्मारकों में घटे पर्यटक

लालकिला में पहले दस हजार के करीब पर्यटक आ रहे थे। अब इनकी संख्या घटकर छह-सात हजार के करीब पहुंच गई है। हुमायूं का मकबरा में चार-पांच हजार पर्यटक आते थे उनकी संख्या अब दो हजार के आसपास रह गई है। कुतुबमीनार और पुराना किला में भी लगभग दस फीसदी पर्यटक घट गए है। अब पांच-छह हजार पर्यटक घूमने के लिए आ रहे है।

**हालात** | ट्रेनों में भारी भीड़, बसों को री-शेड्यूल और रूट किया गया डाइवर्ट

## कंपनियों ने 10 मई तक सभी फ्लाइट कीं रद्द

सिमरन

नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण दिल्ली में परिवहन सेवाओं पर असर पड़ा है। सुरक्षा के लिहाज से दिल्ली से अन्य राज्यों में जाने वाले फ्लाइट, ट्रेन और बसों को रद्द कर दिया गया है। सभी एयरलाइंस ने 10 मई को 5.30 बजे तक सभी हवाई अड्डों पर आने जाने वाली उड़ाने रद्द कर दी हैं।

बसें और फ्लाइट सेवा जो चल रही हैं उनके किराए में इजाफा कर दिया गया है। कई फ्लाइट, ट्रेन और बसों को री- शेड्यूल और उनका रूट डाइवर्ट किया गया है। ऐसे में जो ट्रेन चल रही है उनमें यात्रियों की भारी भीड़ है। ऐसे में लोग ट्रेन में खड़े होकर या नीचे बैठकर सफर करने को मजबूर हैं।

दिल्ली से श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़ अमृतसर, लुधियाना, पटियाला बठिंडा, पठानकोट, शिमला, धर्मशाला, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, जामनगर, राजकोट, पोरबंदर, ग्वालियर तक ट्रेन से सफर करने के लिए यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेन कई घंटे की देरी से चल रही है। साथ ही, ब्लैकआउट के चलते ट्रेनों को रास्ते में रोक रोककर चलाया जा रहा है। इन इलाकों में बस यात्रियों को अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है।

### फ्लाइट टिकट और बस किराया बढ़ा

10 मई को 5.30 बजे तक सभी हवाई अड्डों पर आने-जाने वाली उड़ाने रद्द करने वाली कंपनियों में इंडिगो एयरलाइन ने श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, लेह, चंडीगढ़, धर्मशाला, बीकानेर, जोधपुर किशनगढ़ और राजकोट के लिए उड़ाने रद्द की है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अमृतसर, ग्वालियर, जम्मू, श्रीनगर और हिंडन की उड़ाने रद्द की है। स्पाइसजेट ने भी मौजूदा स्थिति का हवाला देते हुए श्रीनगर, जम्मू, लेह, धर्मशाला, कांडला और अमृतसर के लिए उड़ाने रद्द की हैं।

### फ्लाइट टिकट की कीमतों में दोगुना से तीन गुना तक आया उछाल

| दिल्ली से | वर्तमान | पहले |
|---|---|---|
| जम्म | 5,504-14,697 | 4,716-25,782 |
| श्रीनगर | 4,453-7,498 | 4,970-17,990 |
| लेह- | 26,748 | 4,926-18,089 |
| चंडीगढ़ | 4,333-42,685 | 3,036-22,016 |
| अमृतसर | 30,201-35,178 | 2,968-19,439 |
| धर्मशाला | 5,939-6,449 | 4,506-24,670 |
| शिमला | 3,146 | 7,875-13,891 |
| जोधपुर | 11,357-27,313 | 4,352-20,597 |
| पोरबंदर | 9,600-14,796 | 9,600- 24,614 |
| हिंडन | 13,780-40,367 | 10,423-18,099 |

(नोटः फ्लाइट टिकट बुकिंग एप के अनुसार)


धर्मशाला में पंजाब और दिल्ली के बीच खेले जा रहे आपीएल मैच के रद्द होने के बाद पंजाब किंग्स इलेवन के यजुवेंद्र चहल शुक्रवार को नई दिल्ली में सफदरजंग रेलवे स्टेशन पहुंचे। एजेंसी >> खबर स्पोर्ट्स पेज पर

### आज के कार्यक्रम

**नाटक**
- एलटीजी ऑडिटोरियम में शाम सात बजे दिल की दुनिया के नाटक का आयोजन किया जाएगा।

**नृत्य**
- कमानी ऑडिटोरियम में शाम छह बजे त्रिकाया डांस फाउंडेशन की ओर से भरतनाट्यम नृत्य का आयोजन किया जाएगा

**प्रदर्शनी**
- त्रिवेणी कला संगम में सुबह 11 बजे द लूमिनस एकल प्रदर्शनी का आयोजन

### आपकी आवाज

किसी कार्यक्रम की सूचना, अन्य जानकारी और फोटो हमें भेजें।
ईमेल
del.metrobureau@del.amarujala.com
व्हाट्सएप करें
9873687563

### मेरी आवाज सुनो...

कहीं पीने का पानी नहीं मिल रहा है तो कहीं सीवरेज की समस्या है। कहीं सड़क पर जाम से चलना दूभर तो कहीं सड़क की हालत खराब। बिजली परेशान कर रही है या नहर सूखी है। स्कूल छतविहीन है या पढ़ाने वाले ही नहीं हैं। अस्पताल बेहाल है .... ऐसी अनेक सामुदायिक समस्याओं पर आपकी आवाज अनसुनी रह जाती है तो अमर उजाला बनेगा आपकी बुलंद आवाज। आप हमें मेल से लिख भेजें ताकि अमर उजाला के माध्यम से वह समस्या अधिकारियों तक पहुँच सके।

मेल आईडी
del.metrobureau@del.amarujala.com

### न्यूज डायरी

#### एयरपोर्ट और स्टेडियम उड़ाने की फर्जी धमकी

नई दिल्ली। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच पाकिस्तानी छलकपट का सहारा ले रहे हैं। शुक्रवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट और अरुण जेटली स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी पाकिस्तान की ओर से भेजे गए। जांच में सब फर्जी पाया गया। जांच में पता चला कि आईजीआई एयरपोर्ट को यह धमकी एक्स पर पाकिस्तानी सेना के कथित आधिकारिक हैंडल से दी गई थी। वहीं डीडीसीए को धमकी भरा ईमेल 11:20 बजे मिला था। ब्यूरो

*अज्ञात एयरपोर्ट की फोटो लगा दी गई धमकी : सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में किसी अज्ञात एयरपोर्ट पर आग लगी फोटो लगाकर कहा गया, दिल्ली एयरपोर्ट को तुरंत खाली कर दो, इसे राख में बदल दिया जाएगा। इधर, डीडीसीए ने तुरंत मामले की सूचना जिला पुलिस को दी गई जांच में बम की धमकी अफवाह निकली।*

#### जामिया का ऑपरेशन सिंदूर को समर्थन

नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर का जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने भी समर्थन किया है। जामिया के कुलपति प्रो. मजहर आसिफ और रजिस्ट्रार प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी ने कहा कि जामिया को तीनों सशस्त्र बलों पर गर्व है। वह उनका समर्थन करता है जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की ताकत और दृढ़ता का प्रदर्शन करते हुए ऑपरेशन सिंदूर को पूरी सावधानी और सटीकता के साथ अंजाम दिया। ब्यूरो

#### डॉक्टरों की रक्तदान शिविर लगाने की तैयारी



नई दिल्ली। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए डॉक्टरों ने देशभर में रक्तदान शिविर लगाने का निर्णय लिया है। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया डॉक्टर एसोसिएशन (फाइमा), दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन, सहित अन्य एसोसिएशनों ने देशभर के डॉक्टरों ने रक्तदान शिविर में शामिल होने की अपील की है। डॉक्टरों ने कहा कि सेना के जवानों के उत्साहवर्धन और राष्ट्र के प्रति अपने भाव को बढ़ाने के लिए इन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ब्यूरो


# राजधानी में सिविल डिफेंस और कंट्रोल रूम की व्यवस्था पूर्ण

## राजस्व विभाग ने सभी 11 जिलों में प्रशासनिक स्तर पर किसी भी परिस्थिति से निपटने की तैयारियां कीं, मॉक ड्रिल की गई

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के कारण दिल्ली में हाई अलर्ट है। प्रशासन ने आपातकाल के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। ऊंची इमारतों पर हवाई हमले के सायरन लगाए जा रहे हैं। सिविल डिफेंस कर्मियों की तैनाती, कंट्रोल रूम बनाए जा रहे हैं। शुक्रवार को आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल की गई। सरकारी भवनों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में भारी सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। पुलिस ने बाजारों, मेट्रो स्टेशनों और रेलवे स्टेशनों में निगरानी बढ़ा दी है।

राजस्व विभाग ने बताया कि दिल्ली भर में सायरन लगाए जा रहे हैं। आईटीओ स्थित पीडब्ल्यूडी की बहुमंजिला इमारत पर एक सायरन का परीक्षण किया गया। दिल्ली के सभी 11 राजस्व जिलों में 10 सायरन तत्काल स्थापित किए जा रहे हैं। ये सायरन 10-15 किलोमीटर के दायरे में सुनाई देंगे।



राजेंद्र प्लेस के 16 विक्रम टावर में मॉक ड्रिल करते दिल्ली पुलिस के जवान। अमर उजाला

### कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द की गईं

दिल्ली सरकार के सेवा विभाग ने एक आदेश जारी कर कर्मचारियों की छुट्टियों पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। सरकारी भवनों, बाजारों, रेलवे स्टेशनों, मॉल, पार्कों और मेट्रो स्टेशनों जैसे अधिक भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में भारी सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। वहीं, पूर्वी जिला प्रशासन ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में सिविल डिफेंस कर्मियों को ट्रेनिंग दी गई है। जिला कंट्रोल रूम को सक्रिय कर दिया गया है। मध्य जिले में 50 सिविल डिफेंस कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है।

# सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं की बाढ़, मीम बना कर तनाव कर रहे दूर

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर प्रोपेगंडा और फर्जी खबरों को हवा दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह न केवल जनता के बीच भ्रम पैदा कर रहा है, बल्कि दोनों देशों के बीच शांति प्रक्रिया को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे एक्स, फेसबुक और व्हाट्सएप पर वायरल हो रहे कई पोस्ट और वीडियो में भड़काऊ सामग्री, पुराने फुटेज और मनगढ़ंत दावों का इस्तेमाल किया जा रहा है। हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें दावा किया गया कि भारतीय सेना ने सीमा पर आक्रामक कार्रवाई की, जबकि जांच में पता चला कि यह वीडियो कई साल पुराना था और इसका मौजूदा स्थिति से कोई लेना-देना नहीं था।

**विदेशी तंत्र से वित्त पोषित भ्रामक सूचनाओं से सचेत रहने की अपील**

सोशल मीडिया पर प्रोपेगंडा फैलाने के लिए संगठित समूह काम कर रहे हैं, जो देश के लोगों की भावनाओं को भड़काने का प्रयास कर रहे हैं। यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है, क्योंकि यह सामाजिक तनाव को बढ़ा सकती है। सरकार ने इस मुद्दे पर चिंता जताई है और सोशल मीडिया कंपनियों से ऐसी सामग्री को हटाने की अपील की है। गलत सूचनाओं के प्रसार को रोकने के लिए सरकार की ओर से आठ हजार फर्जी एक्स अकाउंट को ब्लॉक करने के लिए सूची जारी की गई है। असल युद्ध से पहले चालू डिजिटल युद्ध

### टोल फ्री नंबर जारी कर जनता को दें फैक्ट चेक का हथियार

साइबर एक्सपर्ट और अधिवक्ता विराज गुप्ता ने बताया कि फर्जी सूचनाओं के तीन संगठित हिस्से होते हैं। पहला जहां सूचनाओं का निर्माण हो रहा है, दूसरा जहां से वितरण और प्रसारण हो रहा हो और तीसरा विदेशी तंत्र के जरिए वित्त पोषण और प्रसारण पुलिस और प्रशासन को ऐसे मीडिया हैंडेल को चिन्हित कर उनकी शिकायत सोशल मीडिया के अधिकारियों से की जानी चाहिए। सरकार को विज्ञापन जारी कर सही सूचनाओं के तंत्र और फैक्ट चेक के लिए एक टोल फ्री नंबर जारी करना चाहिए।

### मीम बनाकर तनाव दूर कर रहे लोग

तनाव के बीच जारी सोशल मीडिया वार में लोग अपनी रचनात्मकता दिखाते हुए मीम बना रहे हैं। इन मीम को शेयर कर युद्ध के तनाव को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। शुक्रवार सुबह पाकिस्तान के एक मंत्रालय के ट्विटर हैंडल को हैक कर हैकर्स ने लोन मांगने का ट्वीट किया तो भारत सरकार के आधिकारिक हैंडल से भी मीम साझा किए जाने लगे जिन्हें लोग खूब शेयर करते दिखाई दिए।

सोशल मीडिया पर कई अकाउंट फर्जी जानकारी फैला रहे हैं जिसमें कहीं पाकिस्तान और कहीं भारतीय शहरों पर हमले की बात कही जा रही है। दोनों देशों के बीच यह डिजिटल युद्ध न केवल आपसी अविश्वास को बढ़ा रहा है, बल्कि आम लोगों के बीच गलत धारणाएं भी बना रहा है। मीडिया विश्लेषक प्रिया शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रोपेगंडा का जवाब प्रोपेगंडा नहीं हो सकता। एक संयुक्त तंत्र बनाना चाहिए, जो गलत सूचनाओं को रोके और सत्य को सामने लाए।

# किन्नर बनकर उगाही कर रहे 3 बांग्लादेशी गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**एजेंट की मदद से सीमा पार कर भारत में आए थे**

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम जिला पुलिस ने पहचान छिपाने के लिए किन्नर बनकर उगाही करने वाले तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। तीनों को आजादपुर नई सब्जी मंडी से पकड़ा गया। पुलिस ने इनके कब्जे से चार स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद किए हैं। वे इंस्टॉल आईएमओ एप के जरिए बांग्लादेश में रहने वाले रिश्तेदारों से बातचीत करते थे।

जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया, विदेशी प्रकोष्ठ के निरीक्षक विपिन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार ऐसे इलाकों पर निगरानी रख रही है, जहां इनके छिपकर रहने की आशंका होती है। पुलिस को सूचना मिली कि कुछ बांग्लादेशी खुद को छिपाने के लिए किन्नर का भेष धारण कर ट्रैफिक सिग्नल पर पैसे की उगाही और अन्य गतिविधियों में लिप्त हैं।

सूचना पर पुलिस टीम ने ऐसे लोगों पर तकनीकी निगरानी रखी। 8 मई को पुलिस को ऐसे तीन लोगों के बारे में जानकारी मिली कि वह आजादपुर नई सब्जी मंडी के पास मौजूद हैं। पुलिस ने वहां छापा मारकर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से चार मोबाइल फोन बरामद किए। इनकी पहचान ढाका बांग्लादेश निवासी मोहम्मद मकसुदा (40), अब्दुल हकीम (33) और फईम पायल के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि एजेंटों की मदद से उनलोगों ने अवैध रूप से सीमा पार कर भारत में घुसे और फिर ट्रेन के जरिए दिल्ली पहुंचे। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश में किन्नर के भेष में सिग्नलों पर उगाही करना गैर कानूनी है। वह सभी पुरुष हैं और वह मेकअप करके किन्नर का रूप धारण करते थे और फिर सिग्नलों पर उगाही करते थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीनों आरोपियों को निर्वासित करने के लिए विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय में पेश किया गया। जहां से तीनों को हिरासत केंद्र में भेज दिया गया है।

# शाहदरा में साइन बोर्ड को लेकर भिड़े दो दुकानदार, एक की मौत

**नई दिल्ली।** शाहदरा इलाके में दो दुकानदारों के बीच एक साइन बोर्ड को लेकर झगड़ा हो गया। कहासुनी के दौरान धक्का-मुक्की हुई, जिसमें एक दुकानदार को गंभीर चोट आई। घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान बक्शी राम के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी दुकानदार मनजीत सिंह के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, बक्शी राम मूल रूप से उत्तर प्रदेश के पिलाना गांव के निवासी थे और वर्तमान में परिवार के साथ शाहदरा स्थित ज्योति कॉलोनी में रहते है। उनके परिवार में पत्नी रीना सहित अन्य सदस्य हैं।

बक्शी राम की दुर्गापुरी चौक पर मोंटी मोटर्स ट्रेनिंग सेंटर नाम से एक दुकान है। पास में ही मनजीत सिंह नामक व्यक्ति मिंटू मोटर्स ट्रेनिंग सेंटर नाम से दुकान चलाता है। दोनों के बीच साइन बोर्ड को लेकर दस वर्षों से विवाद चल रहा था। ब्यूरो

# ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में 'जय हिंद यात्रा' निकाली

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को करारा जवाब दे रही भारतीय सेना के साहस और पराक्रम के समर्थन में प्रदेश कांग्रेस ने शुक्रवार को जय हिंद यात्रा निकाली। ऑपरेशन सिंदूर के तहत चल रहे सैन्य अभियानों को समर्थन देने के लिए जंतर मंतर से यात्रा की शुरुआत की गई।

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि भारतीय सेना पाकिस्तान को जवाब दे रही है और कांग्रेस पूरी मजबूती से उसके साथ खड़ी है। हमारी पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ भारत सरकार के हर फैसले का कांग्रेस समर्थन करेगी।

नेतृत्व कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा, महासचिव सचिन पायलट और दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन ने किया। ब्यूरो




यात्रा निकालते कांग्रेसी। अमर उजाला

## अपराध संक्षेप

### दो भाइयों पर जानलेवा हमला

**नई दिल्ली।** उत्तम नगर इलाके में झगड़ा करने से मना करने पर युवक ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर दो भाइयों पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने दोनों भाइयों पर कांच की बोतल और पत्थर से हमला कर उन्हें बुरी तरह से घायल कर दिया। पुलिस ने इनके बयान पर गंभीर चोट पहुंचाने का मामला दर्ज कर लिया है। महारानी एनक्लेव निवासी दोनों भाई अंकित व अमित दूध और सिगरेट लेने बाजार जा रहे थे। गली नंबर-7 के पास रहने वाला साहिल यादव का युवक से पैसे को लेकर झगड़ा कर रहा था। अंकित ने उसे झगड़ा करने से मना किया। इस बात पर गुस्से में आकर वह गाली गलौज करने लगा। फिर धमकी देकर वहां से चला गया। दोनों भाई वहां से सिगरेट लेने के लिए दुकान पर पहुंचे। तभी साहिल अपने तीन साथियों के साथ वहां पहुंचा और झगड़ा करने लगा। विरोध पर साहिल ने कांच की बोतल उठाकर अंकित के सिर पर हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। उसके साथियों ने पत्थर की सिल्ली उठाकर हमला कर दिया। ब्यूरो

### इमारत के मलबे की होगी जांच

**नई दिल्ली।** यमुनापार के मुस्तफाबाद में इमारत गिरने के मामले में मलबे की जांच की जाएगी। इसके लिए नमूनों के कार्बन डेटिंग टेस्ट और अल्ट्रा पल्स विलासिटी टेस्ट कराया जाएगा। इससे उसकी आयु और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को परखा जाएगा। यह भी जांच की जाएगी कि पूरी बिल्डिंग एक साथ बनी थी या ऊपरी मंजिलों को बाद में बनाया गया था। यही नहीं मुस्तफाबाद में कई जगह की मिट्टी के नमूने भी जांच के लिए भेजने की योजना है। 19 अप्रैल को मुस्तफाबाद के दयालपुर शक्ति विहार गली नंबर-एक में देर रात में तीन मंजिला इमारत गिर गई थी। उसमें दबने से 11 लोगों की मौत हुई थी। इस मामले में पूर्वी जिला प्रशासन को जांच का आदेश दिया था। वहां से 12 नमूने लेकर उनको एफएसएल जांच के लिए भेजा गया है। ब्यूरो

### चोरी के मामलों में आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिला की तिलक नगर थाना पुलिस ने लूट, झपटमारी और चोरी की 17 वारदातों को अंजाम देने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रघुवीर नगर निवासी अमित उर्फ हीरा के रूप में हुई है। पुलिस ने इसके कब्जे से चोरी की एक स्कूटी और एक मोबाइल फोन बरामद किया। जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि तिलक नगर थाना पुलिस ने इंद्रा कॉलोनी से आरोपी को गिरफ्तार किया। संवाद

### लूट करने वाले दो बदमाश पकड़े

**नई दिल्ली।** बवाना थाना पुलिस ने लूट, झपटमारी और चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाशों की पहचान जेजे कॉलोनी निवासी मो. समीर और प्रकाश उर्फ मोटा के रूप में हुई। प्रकाश पर पहले से तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वालसन ने बताया कि 3 मई को बदमाशों ने चाकू दिखाकर उनका मोबाइल फोन छीन लिया था। संवाद

### वाहन चोरी में दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिला की महरौली थाना पुलिस ने दो घोषित बदमाशों को बाइक चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से सात बाइक बरामद की हैं। बदमाशों की पहचान घिटोरनी निवासी रवि और अंकित उर्फ पोली के रूप में हुई है। बदमाशों पर पहले से ही 26 मामले दर्ज हैं। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया, फुटा रोड पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। संवाद

### चोरी का फोन बेचने वाले तीन दबोचे

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिले की वाहन चोरी निरोधक शाखा ने यात्रियों से मोबाइल फोन चोरी कर साइबर ठगों को बेचने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के 10 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बदमाश इन मोबाइल फोन को साइबर ठगी करने वाले मेवाती गैंग को बेच देते थे। आरोपियों की पहचान संगम विहार निवासी रवि, मनोज और जैतपुर निवासी रिजवान खान के रूप में हुई है। जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया, फुटेज में तीनों बदमाशों की पहचान हो गई। सूचना के आधार पर पुलिस ने तीनों बदमाशों को चिराग बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया। संवाद

### लूटपाट करने वाला बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिणी-पूर्वी जिला की स्पेशल टॉस्क फोर्स ने हथियार के बल पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से पुलिस ने पिस्टल और चार कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी की पहचान सीलमपुर निवासी अमन उर्फ अमान उर्फ लंबू के रूप में हुई है। इस पर लूट और झपटमारी के छह मामले दर्ज हैं। दक्षिणी-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने बताया, आरोपी अन्य साथी मुस्तफाबाद निवासी आमिर के साथ झपटमारी और लूट को अंजाम देता है। ब्यूरो

# एक करोड़ रुपये चुराने वाले घरेलू सहायक समेत दो आरोपी गिरफ्तार

## एक माह पहले ही कारोबारी ने आरोपी को काम कर रखा था

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम जिला पुलिस ने कारोबारी के घर से एक करोड़ से अधिक रुपये चुराने वाले उनके घरेलू सहायक को उसके दोस्त के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कब्जे से 1.06 करोड़ रुपये और तीन बैग बरामद किए हैं। आरोपी घरेलू सहायक एक महीना पहले ही काम पर आया था।

जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि 6 मई की सुबह 11 बजे शालीमार बाग के बीक्यू ब्लॉक में रहने वाले कारोबारी संजय अग्रवाल ने अपने घर में चोरी होने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि उनका घरेलू सहायक अनिल कुमार सुबह से गायब था। उसका फोन बंद था। शक होने पर उन्होंने अपनी अलमारी की जांच की, जिसमें से एक करोड़ से अधिक रुपये गायब थे। उन्होंने बताया कि सुपौल बिहार के रहने वाले अपने पूर्व घरेलू सहायक शिव चंद्र के कहने पर उसे एक माह पहले ही नौकरी कर रखा था। शालीमार बाग थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया।

मामले की जांच जिला के स्पेशल स्टाफ को सौंपी गई। निरीक्षक सोमवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने घटनास्थल के आस पास के सीसीटीवी कैमरे की जांच की। साथ ही पुलिस ने आरोपी के फोन को सर्विलांस पर लगाया। इस दौरान पता चला कि उसके पूरे परिवार के सदस्यों के भी फोन बंद हैं। छानबीन में पता चला कि काम करने के दौरान आरोपी घरेलू सहायक एक बार अपने दोस्त से मिलने के लिए गाजियाबाद गया था। पुलिस ने इस सूचना पर गाजियाबाद में दबिश देकर आरोपी घरेलू सहायक सुपौल बिहार निवासी अनिल कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मधुबनी बिहार निवासी दीपक की निशानदेही पर उसके घर से 1.06 करोड़ रुपये और तीन बैग बरामद कर लिए।

# ज्वेलरी की दुकान में लगी आग

**नई दिल्ली।** हरिनगर के फतेह नगर इलाके में शुक्रवार दोपहर इमारत की दूसरी मंजिल स्थित ज्वेलरी की दुकान में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने भयावह रूप ले लिया। मौके पर पहुंची दमकल की पांच गाड़ियों ने डेढ़ घंटे में आग पर काबू पा लिया। आग में कोई हताहत नहीं हुआ है। हरिनगर थाना पुलिस आग लगने के कारणों और इससे हुए नुकसान का आकलन कर रही है।

दमकल विभाग के अनुसार शुक्रवार दोपहर 12.44 बजे दमकल विभाग को फतेह नगर जेल रोड के बीए ब्लॉक स्थित दो मंजिला इमारत में आग लगने की जानकारी मिली। दमकल अधिकारियों ने देखा कि आग पहली मंजिल पर लगी है। दमकल अधिकारी ने बताया कि इमारत के भूतल पर रेस्टोरेंट है। जबकि पहली मंजिल पर ज्वेलरी की दुकान और दूसरी मंजिल पर कार्यालय है। जांच में पता चला कि घटना के समय तीन चार लोग वहां मौजूद थे। ब्यूरो

# डीटीसी कंडक्टर से बदमाशों ने बैग झपटा

**नई दिल्ली।** अलीपुर इलाके में देर रात डीटीसी बस कंडक्टर से बैग छीनकर बाइक सवार दो बदमाश भाग गए। बैग में नकदी के अलावा अन्य दस्तावेज थे। पीड़ित की शिकायत पर अलीपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

मोहल्ला अलीपुर गढ़ी निवासी शिववीर सिंह डीटीसी में बतौर कंडक्टर हैं। उनकी तैनाती बवाना डिपो में है। पुलिस को दी शिकायत में शिववीर ने बताया कि 7 मई की रात साढ़े ग्यारह बजे ड्यूटी खत्म करने के बाद वह अपनी स्कूटी से घर जा रहे थे। मिंडा बाल ग्राम पहुंचने पर बाइक सवार दो युवक आए और उनका बैग झपट लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस को पीड़ित ने बताया कि बैग में 17 सौ रुपये, पहचान पत्र, दो एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड और पैन कार्ड था। ब्यूरो

# महिला के सिर में संदिग्ध हालात में लगी गोली, हालत नाजुक

**बेगमपुर इलाके की घटना, अस्पताल में भर्ती कराकर संदिग्ध भागा**

**नई दिल्ली।** बेगमपुर इलाके में महिला के सिर में संदिग्ध हालत में गोली लग गई। घायल महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराने के बाद शख्स भाग गया। महिला की हालत नाजुक बनी हुई है और वह बयान देने की हालत में नहीं है।

बेगमपुर थाना पुलिस ने सूचना के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि सात मई की रात सेक्टर-23 के निजी अस्पताल से महिला के सिर में गोली लगने की जानकारी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देखा तो महिला के सिर में गोली लगी थी। वह नशे की हालत में लग रही थी। महिला कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं थी। महिला ने बताया कि वह एनी टाइम फिटनेस जिम के पास रहती है। पुलिस टीम बताई हुई जगह पर पहुंची तो पता चला कि महिला यहां एक फ्लैट में किराए पर रहती है। पुलिस टीम फ्लैट पर पहुंची तो दरवाजा खुला था और कमरे में खून बिखरा था। अधिकारी ने बताया कि घटना का कोई चश्मदीद नहीं मिला है। सीसीटीवी के जरिये संदिग्ध की पहचान की जा रही है। ब्यूरो

# मुनाफे का झांसा देकर ठगी, दो गिरफ्तार

## फर्जी आईडी से खोले गए खातों से 6 करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ

अमर उजाला ब्यूरो


**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिमी जिले की साइबर थाना पुलिस ने ठगों के गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान जयपुर, राजस्थान निवासी प्रशांत जांगिड़ (25) और प्रद्युमन चौहान (26) के रूप में हुई है। आरोपी शेयर बाजार में बड़े मुनाफे का लालच देकर निवेश कराने के नाम पर ठगी करते थे। शिकायतकर्ता से इन्होंने स्टॉक और आईपीओ में निवेश के नाम पर 36.48 लाख रुपये ठगे थे।

दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि पालम गांव, दिल्ली निवासी सैमुअल थॉमस ने जिले के साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दी थी। इसमें उसने बताया कि अक्तूबर-नवंबर, 2023 के दौरान, उन्हें अर्जुन कपूर ने व्हाट्सएप ग्रुप के जरिये ट्रेडिंग टिप्स भेजी। उनके झांसे में आकर उन्होंने निवेश भी कर दिया। कुछ दिनों बता बताया गया कि उन्होंने इस प्लेटफॉर्म पर बहुत सारा पैसा जमा कर लिया है। सैमुअल ने बताया कि जब पैसे निकालने की कोशिश की तो राशि नहीं निकली। बाद में पैसे निकालने के एवज में अलग-अलग राशि मांगी गई। इस तरह उन्हें 36,48,000 रुपये का चूना लगाया गया। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक की टीम ने पैसों के लेनदेन के आधार पर राजस्थान के चिड़ावा में खाताधारक की पहचान की। एक इनपुट से पता चला कि वहां फर्जी कंपनियां पंजीकृत हैं, जो चालू खाते खोलती हैं, जिनमें ठगी की गई रकम निकाली जाती है। टीम ने पड़ताल के बाद खरड़ सिटी, मोहाली पंजाब में छापेमारी कर एक आरोपी प्रशांत को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के आधार पर न्यू आगरा, यूपी से दूसरे आरोपी प्रद्युमन चौहान को दबोचा गया। इस दौरान तीन मोबाइल फोन उनके कब्जे से बरामद किए गए।

### फेक आईडी पर खोले खाते

पूछताछ पर पता चला कि आरोपियों ने फेक आइडी देकर खाते खोले और इन्हीं में ठगी के पैसे ट्रांसफर किए और निकाले। जिला पुलिस उपायुक्त का कहना है कि अन्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है। अब तक 10-15 ऐसी फर्जी कंपनियों और 25 ऐसे खातों का पता चला है। आरोपी पीके एंटरप्राइज के बैंक खाते को संभाल रहे थे, जिसके जरिये करीब छह करोड़ रुपये निकाले गए।



# आपदा प्रबंधन के लिए तैयार रहें दिल्ली के अस्पताल : सीएम

## मुख्यमंत्री ने अस्पतालों के मेडिकल सुपरिटेंडेंट के साथ की बैठक

अमर उजाला ब्यूरो



नई दिल्ली। सीएम रेखा गुप्ता ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अस्पतालों को तैयार रहने के लिए कहा है। उन्होंने शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह और विभिन्न अस्पतालों के मेडिकल सुपरिटेंडेंट के साथ दिल्ली सचिवालय में बैठक की। डेंगू, फ्लू, हीटवेव जैसी मौसमी बीमारियों और संभावित आपदाओं के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए।

सीएम ने एसओपी, मॉक ड्रिल और दवाओं की आपूर्ति के लिए पहले ही भंडारण करने के लिए कहा है। चिकित्सा संबंधी खरीदारी को पारदर्शी, दवा या उपकरणों की कमी को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। अस्पतालों के बीच समन्वय के साथ काम करने, सफल मॉडलों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए कहा है। कर्मचारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की सलाह दी है। सभी अस्पतालों को हर महीने कामकाज का मूल्यांकन कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने अस्पतालों में बिस्तरों, आईसीयू और उपकरणों की उपलब्धता बढ़ाने, डिजिटल प्रणाली को मजबूत करने को कहा है। अस्पतालों में डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल व प्रशासनिक स्टाफ की नई भर्ती करने, अनुपस्थिति पर नियंत्रण और ड्यूटी रोस्टर को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए हैं।

# तीनों लैंडफिल साइटों से कूड़े के पहाड़ हटाने के दिए निर्देश

नई दिल्ली। सीएम रेखा गुप्ता ने तीनों लैंडफिल साइटों की सफाई को लेकर शुक्रवार को एमसीडी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मीटिंग की। इस दौरान नरेला-बवाना, गाजीपुर, ओखला और तेहखंड में चल रहे वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट्स और उनके विस्तार से संबंधित प्रगति की समीक्षा की गई।

इन प्लांट्स की वर्तमान स्थिति, उनकी क्षमता में संभावित वृद्धि और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। सीएम ने कहा कि इन

**सीएम ने एमसीडी के अफसरों के साथ कूड़े के पहाड़ों की सफाई को लेकर की बैठक**

परियोजनाओं के विस्तार के लिए पूरी पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और निर्धारित समय सीमा का कड़ाई से पालन किया जाए, ताकि दिल्ली वासियों को कूड़े के पहाड़ों से मुक्ति मिल सके। ओखला और तेहखंड के वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट्स के विस्तार को जल्द पूरा करने के भी निर्देश दिए। ब्यूरो

## उपमहापौर बोले, एक सप्ताह में करें टूटे नाले की मरम्मत

नई दिल्ली। उपमहापौर जयभगवान यादव ने शुक्रवार को दक्षिणी जोन के खानपुर वार्ड का निरीक्षण करते हुए स्वच्छता अभियान को लेकर कई दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महरौली-बदरपुर रोड पर डीएमआरसी के निर्माण के चलते अवरुद्ध हुए मुख्य नाले की मरम्मत एक सप्ताह के भीतर पूरी की जाए। यहां पर बारिश से पहले जलभराव की समस्या से निजात होना चाहिए।

यादव ने निर्देश दिया कि क्षेत्र में खुले में पड़े कूड़े के ढेर व सड़क किनारे फैले मलबे को तत्काल हटाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को खानपुर वार्ड के पार्कों की सफाई और बागवानी की नियमित निगरानी करने के भी निर्देश दिए।

उपमहापौर जयभगवान यादव ने महरौली-बदरपुर रोड के पास कॉलोनी का दौरा किया, जहां स्थानीय नागरिकों ने बताया कि नाले से गंदा पानी उनके घरों और दुकानों में भर रहा है, जिससे बदबू और बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। यादव ने तत्काल इस समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया और संबंधित विभाग को डीएमआरसी से समन्वय कर मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू करने का आदेश दिया। ब्यूरो

# सीसीटीवी से रखेंगे जलभराव पर नजर

**मानसून से पहले मूलचंद-पुल प्रह्लादपुर अंडरपास में लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे**

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। मानसून के दौरान जलभराव से निपटने के लिए मूलचंद और पुल प्रह्लादपुर अंडरपास में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इनसे जलभराव की रीयल-टाइम निगरानी होगी। आईटीओ जैसे जलभराव के लिए संवेदनशील क्षेत्रों के लिए 1,800 अस्थायी वाटर पंप सेट किराए पर लेने और नई ड्रेन लाइन बिछाने की योजना है। सीएम रेखा गुप्ता ने जलभराव वाले संवेदनशील स्थानों की पहचान कर नालों के निर्माण, सफाई और पंप लगाने के निर्देश दिए हैं।

पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने बताया कि दोनों जगह आठ बुलेट और तीन डोम कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही ऑनलाइन क्लाउड डेटा सिस्टम के लिए अन्य उपकरण लगाए जाएंगे, जो निगरानी और समय पर अलर्ट जारी करेंगे।

इन कैमरों के जरिये अंडरपास की स्थिति की रीयल-टाइम जानकारी मिलेगी, जिसके आधार पर कार्रवाई तेज की जाएगी। इस परियोजना के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। इसपर 88 लाख रुपये खर्च होंगे। पीडब्ल्यूडी ने यमुना नदी के किनारे के इस क्षेत्र को जलभराव के लिए सबसे संवेदनशील माना है।

### दोनों अंडरपास बन जाते हैं तरणताल

मौजूदा समय यदि किसी अंडरपास में 6-8 इंच तक पानी जमा होता है, तो कंट्रोल रूम तुरंत फील्ड यूनिट को सूचित करता है। इसके बाद पंप ऑपरेटर पंपों की कार्यक्षमता जांचते हैं। यदि पानी का स्तर बढ़ता है, तो ट्रैफिक पुलिस को सूचित कर यातायात को अंडरपास से दूर डायवर्ट किया जाता है। पिछले साल जून में भारी बारिश से मूलचंद और प्रह्लादपुर अंडरपास में जलभराव हुआ। इसके चलते दक्षिण और दक्षिण-पूर्व दिल्ली में यातायात प्रभावित रहा। इससे निपटने के लिए पीडब्ल्यूडी ने तैयारी की है।

**आईटीओ पर दो नई ड्रेन लाइन बिछ रहीं :** आईटीओ में बाढ़ से बचने के लिए पीडब्ल्यूडी दो नई ड्रेन लाइन बिछा रहा है और मौजूदा नालियों की सफाई का काम भी कर रहा है। पीडब्ल्यूडी के मुताबिक 2025 में ट्रैफिक पुलिस के डेटा के आधार पर 445 जलभराव बिंदु चिह्नित किए गए हैं, जिनमें से 335 की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी की है।

# नाबालिग से यौन उत्पीड़न के दोषी को 5 साल की सजा

नई दिल्ली। तीस हजारी कोर्ट ने 2016 में छह साल की नाबालिग बच्ची से यौन उत्पीड़न के 27 वर्षीय आरोपी को दोषी करार देते हुए 5 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार ने सजा सुनाते वक्त टिप्पणी की कि बच्चों को निशाना बनाने वाले यौन अपराधियों के प्रति समाज की घृणा को अदालत के फैसलों में प्रतिबिंबित होना चाहिए। कोर्ट ने पीड़िता को 3 लाख रुपये का मुआवजा भी देने का निर्देश दिया।

दोषी को प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेज (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 10 (गंभीर यौन उत्पीड़न) के तहत दोषी ठहराया गया। अतिरिक्त लोक अभियोजक ने कोर्ट से दोषी के लिए कोई रियायत न बरतने और समाज में कड़ा संदेश देने के लिए कठोर सजा की मांग की थी। कोर्ट ने कहा, बच्चों के खिलाफ अपराधों में खतरनाक वृद्धि और समाज का ऐसे बच्चों के लिए न्याय की पुकार ने पॉक्सो अधिनियम के निर्माण को प्रेरित किया। इसलिए, बच्चों को निशाना बनाने वाले यौन अपराधियों के प्रति समाज की सामूहिक घृणा को भी अदालतों के फैसलों में दिखना चाहिए। ब्यूरो


यू.पी. पोस्टल प्राइमरी को-ऑपरेटिव बैंक लि०
3, वाल्मीकि मार्ग, लालबाग, लखनऊ
Registration No. 56-/27/08/1915
सावधि जमा पर सर्वाधिक ब्याज @ 9%★
110 वर्षों से सतत सेवारत | भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकिंग लाइसेंस प्राप्त RBI LICENSE UBD756P | जमा, बीमा एवं ऋण गारन्टी निगम भारत सरकार द्वारा गारंटीकृत | मोबाइल ऐप, इंटरनेट बैंकिंग एवं यू.पी.ई. सेवा जल्द ही उपलब्ध
for more details visit www.upppcbl.com or Contact : 8429000507


## स्वीटी बाय एमआर ग्रुप की 'स्वीट उपहार योजना' बनी पसंद



नई दिल्ली (वि)। स्वीटी बाय एमआर ग्रुप द्वारा शुरू 'स्वीटी का स्वीट उपहार' योजना ने देश के व्यापारियों, थोक विक्रेताओं और सेल्समैन के बीच नई उम्मीद और जोश पैदा कर दिया है। इस योजना के जरिए अब तक हजारों स्कैन किए जा चुके हैं, जिनमें से हर महीने 250 से भी अधिक व्यापारी मिक्सर ग्राइंडर, पंखा, फ्रिज, वॉशिंग मशीन और बाइक जैसे बहुमूल्य उपहार जीत चुके हैं। योजना का सबसे बड़ा आकर्षण रहा कार जीतने वाले व्यापारी। जनवरी 2025 में शुरू इस योजना के तहत स्वीटी बांड के उत्पादों के साथ दिए गए कूपन को व्यापारी पेटीएम एप से स्कैन करते हैं। हर स्कैन के साथ बढ़ जाती है व्यापारियों के इनाम जीतने की संभावना। स्वीटी बाय एमआर ग्रुप के एमडी लव कुमार बंसल ने बताया कि थोक विक्रेता, खुदरा व्यापारी और ग्राउंड लेवल सेल्समैन को इस योजना से न केवल व्यापारिक लाभ मिला है बल्कि उनके मनोबल को भी नई उड़ान मिली है।

## तकनीक और पर्यावरण का संतुलन समय की मांग : प्रो राणा प्रताप सिंह

नई दिल्ली। पर्यावरण और तकनीक का संतुलन समय की मांग है। आज दुनिया जिस तेजी से बदल रही है उसमें तकनीकी नवाचार और पर्यावरणीय संतुलन को साथ लेकर चलना अनिवार्य हो गया है। इन्हें छात्रों को न केवल अकादमिक स्तर पर जानने और समझने की आवश्यकता है बल्कि विद्यार्थियों को अपने जीवन और व्यवहार का अभिन्न हिस्सा बनाने की भी आवश्यकता है। सुप्रसिद्ध कैंसर वैज्ञानिक एवं ग्रेटर नोएडा के गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह ने डीयू के राजधानी कॉलेज के 61वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि यह बातें कहीं।

**राजधानी कॉलेज में 61वां वार्षिक दिवस मनाया गया**

कॉलेज प्राचार्य प्रो पांडेय ने सत्र 2024-25 में कॉलेज की शैक्षणिक, सांस्कृतिक व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में हुई उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। डीन ऑफ कॉलेजज प्रो बलराम पाणि ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

कॉलेज में 25 वर्ष पूर्ण करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं का लोकार्पण भी हुआ। वहीं, विद्यार्थियों को शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए स्मृति चिन्ह व प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। ब्यूरो


अमर उजाला

यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें

1800 121 1166
सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक

circulation@amarujala.com



**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण**
विकास पथ गाजियाबाद
(ISO 9001 :2015 एवं ISO 14001 :2015 प्रमाणित संस्था)

''सार्वजनिक सूचना''

एतद्द्वारा जन-साधारण को सूचित किया जाता है कि गाजियाबाद, मोदीनगर एवं लोनी महायोजना-2031 (प्रारूप) मानचित्र दिनांक 30.04.2022 में पायी गयी 65 ड्राफ्टिंग त्रुटियों के अतिरिक्त अन्य 15 त्रुटियों को संशोधित कराते हुए जनसामान्य से 07 दिवस की अवधि हेतु आपत्ति/सुझाव प्राप्त किये जाने हेतु मा० प्राधिकरण बोर्ड द्वारा दिनांक 09.05.2025 को अनुमोदन प्रदान किया गया है।
तदक्रम में उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 की धारा-11 के अन्तर्गत अतिरिक्त 15 त्रुटियों को मानचित्र पर दर्शित करते हुए जनसाधारण के अवलोकनार्थ स्वागत कक्ष-गा०वि०प्रा० एवं चीफ को-आर्डीनेटर प्लानर, कार्यालय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सेल (NCR Cell), द्वितीय तल, नगर निगम, गाजियाबाद में दिनांक 10.05.2025 की प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 16.05.2025 की सांय 5:00 बजे तक जनसामान्य से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं।

उक्त का अवलोकन किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित स्थलों पर किया जा सकता है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उक्त के सम्बन्ध में अपनी कोई आपत्ति/सुझाव देना चाहे तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति/सुझाव स्वागत कक्ष-गा०वि०प्रा० एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सेल, द्वितीय तल, नगर निगम, गाजियाबाद में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त समयावधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले किसी भी आपत्ति/ सुझाव पर विचार नहीं किया जा सकेगा। निर्धारित अवधि में प्राप्त सुझाव/आपत्तियों पर शासन द्वारा गठित समिति की सुनवाई दिनांक 17.05.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे प्राधिकरण सभागार में नियत की गयी है तथा इसके लिए प्राधिकरण द्वारा पृथक से कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा।

अतः आपत्तिकर्ता/सुझावकर्ता से यह भी अपील की जाती है कि उपरोक्त निर्धारित तिथि एवं समय पर प्राधिकरण सभागार में स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि को सुनवाई में उपस्थित होने हेतु अधिकृत करने का कष्ट करें। उक्त निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर सुनवाई का अवसर नहीं दिया जायेगा और न ही विचार किया जायेगा।

उपाध्यक्ष

ई-मेल : helplinegda@gmail.com, @Gda Ghaziabad : gdagzb
हेल्पलाईन नं: 0120-4418384 व्हाट्सएप :9990988004, वेबसाईट : www.gdaghaziabad.in
एक सुन्दर शहर ............ हमारा संकल्प



**कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण, राजस्थान**
राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल-कोटा
email :nnksouth@gmail.com, websites : www.urban,rajasthan.gov.in/nnks, Ph.: 0744-2502142

क्रमांक :-ननिको/दक्षिण/निर्माण/2025/177-191 दिनांक :-08.05.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या :11/2025-26**

नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) द्वारा विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागों "A" एवं "AA" श्रेणी एवं नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निम्नांकित कार्यो हेतु कुल राशि 276.11 लाख रूपये की ऑन लाईन निविदायें दिनांक 15.05.2025 से दिनांक 26.05.2025 तक आमन्त्रित की जाती हैं। टेन्डर बेचे जाने, प्राप्त करने की तिथि व निविदा की शर्तें इत्यादि नगर निगम की वेबसाईट www.urban.rajasthan.gov.in/nnks http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in परदेखी जा सकती हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाखों में) |
|---|---|---|
| 1 | नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में स्थित चम्बल उद्यान की दिवारों एवं रैलिंग पर पेन्ट करने का कार्य एवं अन्य कार्य। | 3.00 |
| 2 | नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में स्थित किशोरपुरा मुक्तिधाम में आर.सी.सी. खेल/वाटर टैंक व ग्रेनाईट का वाटर स्टेशन बनाने का कार्य एवं अन्य विकास कार्य। | 16.61 |
| 3 | नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में स्थित किशोरपुरा मुक्तिधाम में विभिन्न प्रकृति सिविल, निर्माण/मरम्मत कार्य अन्य विकास कार्य। | 29.50 |
| 4 | नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में स्थित किशोरपुरा मुक्तिधाम में स्टोन जाली, स्टोन क्लेडींग व स्टोन छतरी निर्माण का कार्य एवं अन्य विकास कार्य। | 30.00 |
| 5 | नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में मुख्य मार्गो के फुटपाथो पर अतिक्रमण की रोकथाम हेतु रैलिंग लगाने का कार्य एवं अन्य विकास कार्य। | 30.00 |
| 6 | नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में स्थित ज्योति मन्दिर के सामने के चौक से धोकड़े वाले हनुमान जी मन्दिर पुलिया तक एवं एस.एन. पारिक हॉस्पिटल से बालाकुण्ड नाला तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य एवं अन्य विकास कार्य। | 134.00 |
| 7 | नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में वृक्षारोपण हेतु ट्री-गार्ड आपूर्ति का कार्य। | 30.00 |
| 8 | नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में स्थित चम्बल उद्यान में झुलो की वेल्डींग/मरम्मत कार्य एवं अन्य विकास कार्य। | 3.00 |

NIB Code No.DLB2526A1099
UBN No.DLB2526WSOB04070
UBN No.DLB2526WSOB04071
UBN No.DLB2526WSOB04072
UBN No.DLB2526WSOB04073
UBN No.DLB2526WSOB04074
UBN No.DLB2526WSOB04075
UBN No.DLB2526WSOB04076
UBN No.DLB2526WSOB04077

अधिशाषी अभियन्ता
नगर निगम कोटा दक्षिण

राज.संवाद/सी/25/2056





# एसओएल में बीएससी कंप्यूटर साइंस व एमए साइकोलॉजी की होगी पढ़ाई

## यूजी स्तर पर एक व पीजी स्तर पर तीन नए कोर्स अगले सत्र से शुरू करने की तैयारी

रश्मि शर्मा

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) में छात्रों को अगले साल से बीएससी कंप्यूटर साइंस, एमए साइकोलॉजी जैसे पाठ्यक्रम पढ़ने को मिल सकते हैं। दरअसल एसओएल यूजी स्तर पर एक और पीजी स्तर पर तीन नए कोर्स शुरू करने की तैयारी कर रहा है।

एसओएल को अकादमिक काउंसिल, एग्जिक्यूटिव काउंसिल, डिस्टेंस एजुकेशन बोर्ड व एआईसीटीई से मंजूरी मिल गई तो इन पाठ्यक्रमों के पढने का विकल्प अगले साल छात्रों को मिल सकता है। शुरू होने के बाद एसओएल में पाठ्यक्रमों की संख्या 23 हो जाएगी। एसओएल इन पाठ्यक्रमों से संबंधित आशय का प्रस्ताव शनिवार को होने वाली अकादमिक काउंसिल में रखने जा रहा है। वहां से मंजूरी के बाद इसे डीयू की कार्यकारी परिषद (एग्जिक्यूटिव काउंसिल) की बैठक में रखा जाएगा।

कैंपस ऑफ ओपन लर्निंग की निदेशक प्रो पायल मागों ने बताया, हम यूजी स्तर पर चार वर्षीय बीएससी कंप्यूटर साइंस और पीजी (स्नातकोत्तर) स्तर पर तीन नए कोर्स (एमबीए हेल्थ केयर, एमए साइकोलॉजी, व एमए इंग्लिश) को शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। इन्हें शुरू करने के पीछे उद्देश्य यह है कि एक तो इन पाठ्यक्रमों की डिमांड बहुत है और यह सभी जॉब ओरिएंटेड हैं। डीयू में साइकोलॉजी व अंग्रेजी की भी काफी डिमांड है।

### डीईबी और एआईसीटीई से लेनी होगी मंजूरी

एसओएल में पाठ्यक्रमों को शुरू करने के लिए डिस्टेंस एजुकेशन बोर्ड (डीईबी) से मंजूरी लेनी होती है। इसके साथ ही एआईसीटीई की मंजूरी भी जरूरी है। एक बार पहले इन्हें चर्चा के लिए डीयू की अकादमिक काउंसिल की बैठक में रखा जा रहा है। काउंसिल से मंजूरी के बाद इन्हें कार्यकारी परिषद में रखा जाएगा। वहां से मंजूरी के बाद इन्हें डीईबी और एआईसीटीई के पास भेजा जाएगा। उन्हें उम्मीद है कि इन पाठ्यक्रमों को शुरू करने के लिए उन्हें मंजूरी मिल जाएगी।

### एसओएल में 20 हजार से अधिक छात्र हर साल लेते हैं दाखिला

एसओएल में स्नातक स्तर पर बीए पास, बीए पॉलिटिक्ल साइंस ऑनर्स, बीकॉम प्रोग्राम, बीकॉम ऑनर्स, बीए अंग्रेजी ऑनर्स, बीए ऑनर्स इकोनॉमिक्स, बीबीए फाइनेंशियल इनवेसटमेंट एनॉलिसिस, बैचर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, बीए कंप्यूटर ऐप्लिकेशन, बीए ऑनर्स साइकोलॉजी, बीए प्रोग्राम साइकोलॉजी, एमए हिंदी, एमए संस्कृत, एमकॉम, एमबीए, बैचलर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस, मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस में दाखिला लिया जा सकता है। एसओएल में हर साल यूजी स्तर पर एक लाख 20 हजार से अधिक छात्र दाखिला लेते हैं।

## आईआईटी दिल्ली में अंतरिक्ष यात्रियों से रूबरू हुए छात्र

नई दिल्ली। आईआईटी दिल्ली में छात्र अंतरिक्ष यात्रियों से रूबरू हुए। उन्होने छात्रों से अंतरिक्ष यात्रा से जुड़े अनुभवों को साझा किया। इसमें वर्जिन गैलेक्टिक यूनिटी 22 मिशन पर अंतरिक्ष में उड़ान भरने वाली सिरीशा बंदला, गगनयान मिशन के लिए इसरो के लिए चयनित अंतरिक्ष यात्रियों में से अंगद प्रताप और पहले अमीराती अंतरिक्ष यात्री हज्जा अल मंसूरी शामिल रहे। साथ ही अंतरिक्ष यात्रियों ने आईआईटी दिल्ली के निदेशक प्रोफेसर रंगन बनर्जी से मुलाकात की।

अंतरिक्ष यात्रियों ने आरएंडआई पार्क में इंटेलिजेंट रोबोटिक टीममेट लैब का दौरा किया। छात्रों और शोधकर्ताओं से बातचीत की। अंतरिक्ष यात्रियों के साथ पैनल चर्चा की गई। इसका संचालन आईआईटी दिल्ली के ऑप्टिक्स एंड फोटोनिक्स सेंटर के प्रो. अवनीश पांडे ने किया। पैनल में कक्षा में वैज्ञानिक प्रयोगों से लेकर जलवायु के लचीलेपन के लिए पौधों में जीन अभिव्यक्ति तक के विषय शामिल थे। ब्यूरो

# आईआईटी दिल्ली ने ई-वोटिंग मंच किया तैयार, दिखे सकारात्मक परिणाम

## नहीं हो पाएगी किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, डिजिटल चुनाव करवाने में मिलेगी मदद

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। आईआईटी दिल्ली ने ई-वोटिंग मंच तैयार किया है। इसमें इलेक्ट्रॉनिक और भौतिक तौर पर कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकेगा। इसके ट्रायल के लिए सह-पाठ्यचर्या और शैक्षणिक संपर्क परिषद (सीएआईसी) के चुनाव आयोजित किए गए। इसमें दो हजार के लगभग मतदाताओं ने हिस्सा लिया और सकारात्मक परिणाम देखने को मिले।

ई-वोटिंग मंच को क्रिप्टोग्राफी तकनीक से तैयार किया है, इसका इस्तेमाल ऑनलाइन बैंकिंग में किया जाता है। मतगणना के बाद वोट गड़बड़ी को लेकर जो आशंका आमतौर पर हारे प्रत्याशी की ओर से जाहिर की जाती है, वह ई-वोटिंग मंच से दूर हो सकेगी।

आईआईटी दिल्ली के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर सुबोध शर्मा ने बताया, ई-वोटिंग में मतदान की गोपनीयता बनी रहेगी। कोई भी डाले गए वोट को मिटा नहीं सकेगा। ई-वोटिंग पूरी तरह से लेखा परीक्षा योग्य है।

### हारे प्रत्याशी की गड़बड़ी को लेकर आशंका ई-वोटिंग मंच से हो सकेगी दूर

ई-वोटिंग में बैलेट पेपर और ई-वोट के माध्यम से मतदान कराया। दोनों का मिलान किया। इसमें किसी प्रकार की कोई विसंगति देखने नहीं मिली। ई-वोट करने पर क्यूआर कोड जारी होता है। इसमें संबंधित उम्मीदवार को वोट डाले जाने का ब्यौरा उपलब्ध होता है उसे स्कैन करके मतदाता वोट डाले जाने की सटीकता को सुनिश्चित कर सकता है।

अमेरिका और यूरोप से एडवांस स्तर की तकनीक का इस्तेमाल ई-वोटिंग मंच के लिए किया गया। अगर कोई मतगणना दोबारा कराने का इच्छुक होगा तो उसकी सटीक जानकारी उपलब्ध होगी। हालांकि इसके लिए अभी हम ऐप का इस्तेमाल कर रहे है। इसे ईवीएम से जोड़ने के लिए एक सॉफ्टवेयर की जरूरत पड़ेगी।

उन्होंने कहा कि ई-वोटिंग डिजिटल चुनावों के लिए एक नया मानदंड स्थापित करती है, जिससे एक साथ कई चुनाव आयोजित किए जा सकते हैं। अब हम इस बात की जांच कर रहे हैं कि देश के भीतर बड़े सार्वजनिक चुनाव परिदृश्यों के लिए इस मंच को कैसे बढ़ाया जा सकता है जो भरोसेमंद डिजिटल चुनाव बुनियादी ढांचे को तैयार कर सकें। ई-वोटिंग मंच को तैयार करने में डॉ. प्रशांत अग्रवाल, प्रोफेसर सुभाशीष बनर्जी भी शामिल रहे। साथ ही इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के अंडरग्रेजुएट छात्र रागनी और उमंग ने भी ई-वोटिंग को विकसित करने में सहयोग किया।

# मैं खुश हूं, मैं शांत रहता हूं प्रार्थना सभा में बोलेंगे बच्चे

## सीबीएसई ने स्कूलों को जारी किए दिशा-निर्देश

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। देशभर के स्कूलों में बच्चे प्रार्थना सभा में सकारात्मक बनने की सीख लेंगे। मैं खुश रहता हूं, मैं हर स्थिति में शांत रहता हूं, मेरी एकाग्रता बढ़िया है, मेरा शरीर निरोगी है, मै सबका सम्मान करता हूं, जैसे वाक्यांश बच्चे प्रार्थना सभा में बोलते दिखाई देंगे। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों को प्रार्थना सभा में प्रतिदिन सकारात्मक वाक्यांश शामिल करने के निर्देश दिए हैं।

सीबीएसई की ओर से स्कूलों को निर्देशित किया गया है कि वह शैक्षणिक सत्र 2025-26 से वाक्यांश बुलवाने में बच्चों की भागीदारी को सुनिश्चित करें। बोर्ड का मानना है कि इससे बच्चों में सकारात्मकता का विकास होगा।

सीबीएसई के अनुसार बोर्ड बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, ऐसे में बोर्ड से संबद्ध स्कूलों को शैक्षणिक सत्र 2025-26 से प्रार्थना सभा में सकारात्मक वाक्यांश को शामिल करने की सलाह दी है।

बोर्ड के अनुसार इस प्रयास का उद्देश्य छात्रों के सामाजिक-भावनात्मक विकास को बढ़ाना, सकारात्मक और सम्मानजनक स्कूल संस्कृति को बढ़ावा देना, छात्रों को शांति और आत्मविश्वास के साथ अपना दिन शुरू करने में मदद करना है।

### बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया कदम

बोर्ड के अनुसार यह वाक्यांश साहस और आत्म मूल्यों पर आधारित होने चाहिए। वाक्यांश को सुनाने या बनाने में छात्रों की भागीदारी होनी चाहिए। स्कूल इन्हें बुलेटिन बोर्ड या कक्षाओं में प्रदर्शित कर सकते हैं।

सीबीएसई ने कहा, इससे बच्चों के भावानात्मक विकास में मदद मिलेगी, बच्चों में आत्मविश्वास भी बढ़ेगा और बच्चों का समग्र विकास संभव हो पाएगा। बोर्ड की ओर से स्कूलों को कुछ वाक्यांश भी सुझाए गए हैं, जिनमें मैं गैजेट्स का उपयोग केवल पढ़ाई के लिए करता हूं, मैं स्वास्थ्यवर्धक भोजन ग्रहण करता हूं, मेरी एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़िया है, शामिल है।

## जामिया में स्व-निर्देशित शिक्षा पर हुआ कार्यक्रम

नई दिल्ली। जामिया मिल्लिया इस्लामिया के दंत चिकित्सा संकाय ने एनईपी-2020 और योग्यता आधारित शिक्षा के अनुरूप स्वास्थ्य व्यवसायों के शिक्षकों के लिए स्व-निर्देशित शिक्षा पर संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में पूरे देश से 213 विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया, जिसमें दंत चिकित्सा, मेडिसिन, फिजियोथेरेपी और नर्सिंग क्षेत्र के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कुलपति प्रो. मजहर आसिफ उपस्थित रहे।

जामिया के कुलपति ने कहा, इस प्रकार के कार्यक्रम यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं कि शिक्षक विकसित शैक्षणिक पद्धतियों और वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ अपडेट रहें। आधुनिक दंत चिकित्सा के साथ पारंपरिक ज्ञान को एकीकृत करने की आवश्यकता की वकालत करते हुए यह भी कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली की गहन अंतर्दृष्टि को अपनाने से दंत चिकित्सा के अनुशासन में अधिक मानवीय और व्यापक दृष्टिकोण को अपनाने की क्षमता है। यह न केवल स्वस्थ दांतों को बढ़ावा देता है बल्कि एक व्यक्ति की समग्र भलाई को भी बढ़ावा देता है। ब्यूरो

# विश्वविद्यालयों को विदेशी छात्रों के लिए रखनी होंगी 25% अतिरिक्त सीटें

## यूजीसी ने देश के सभी विश्वविद्यालयों को दिए निर्देश

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। सभी विश्वविद्यालयों को विदेशी छात्रों के लिए 25 फीसदी अतिरिक्त सीटों की व्यवस्था करनी होगी। इसका मकसद राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत उच्च शिक्षा में एक अंतरराष्ट्रीय और अंतर-सांस्कृतिक आयाम को एकीकृत करना और भारतीय उच्च शिक्षण संस्थान (एचईएल) तक वैश्विक पहुंच बढ़ाना है।

यूजीसी सचिव प्रोफेसर मनीष जोशी ने इस संबंध में सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 से स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में विदेशी छात्रों के दाखिले के लिए उन्हें अपनी स्वीकृत सीटों से अतिरिक्त 25 फीसदी सीटें रखनी होंगी। इससे, भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों में अंतरराष्ट्रीय छात्रों को प्रवेश के लिए सुगम और व्यवहार्य सुविधा मिल सकेगी। भारतीय उच्च शिक्षण संस्थानों पर विदेशी छात्र, शिक्षाविदों का भरोसा बढ़ा है। वहीं, भारतीय उच्च शिक्षण संस्थान (एचईएल) अब अपनी वैश्विक पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### एनईपी 2020 के तहत स्नातक, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दें दाखिला

## दिव्यांग छात्रों के लिए सहायक प्रौद्योगिकी पर हुई चर्चा

नई दिल्ली। जामिया मिल्लिया इस्लामिया के शिक्षक प्रशिक्षण और अनौपचारिक शिक्षा विभाग (आईएएसई) ने भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई) दिल्ली ने दिव्यांग छात्रों के लिए सहायक प्रौद्योगिकी पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया। वेबिनार का उद्देश्य दिव्यांग छात्रों की सहायता के लिए उपलब्ध मौजूदा और उभरती सहायक प्रौद्योगिकियों के बारे में विशेष शिक्षकों, पुनर्वास चिकित्सकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और अभिभावकों को संवेदनशील और सशक्त बनाना था। वेबिनार का उद्घाटन शिक्षा संकाय की डीन प्रोफेसर सारा बेगम और आईएएसई की अध्यक्ष प्रोफेसर जेसी अब्राहम ने किया। वेबिनार में समावेशी शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने में सहायक प्रौद्योगिकी की भूमिका पर चर्चा की गई। ब्यूरो

## 14 मई से आईपीयू के एमबीए दाखिले में मिलेगा विकल्प चयन का अवसर

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) के एमबीए प्रोग्राम में कैट स्कोर के जरिए दाखिले के लिए आयोजित ऑनलाइन काउंसलिंग के प्रथम चरण के लिए 14 मई से 20 मई तक ऑनलाइन विकल्प चयन किया जा सकता है। जिन उम्मीदवारों ने आवेदन शुल्क के रूप में पच्चीस सौ रुपये का भुगतान किया हुआ है वह यह विकल्प चयन कर सकते हैं।

प्रथम चरण की काउंसलिंग का परिणाम 22 मई को जारी किया जाएगा। इस काउंसलिंग में सीट आवंटन के बाद 96 हजार रुपये पार्ट एकेडमिक फीस के रूप में 26 मई तक ऑनलाइन जमा कराया जा सकता है।

प्रोविजनल सीट आवंटन पत्र 26 मई तक निकाला जा सकता है। दाखिले के लिए अपलोड किए हुए दस्तावेजों का सत्यापन 28 मई तक किया जा सकता है। काउंसलिंग के संबंध में अधिक जानकारी यूनिवर्सिटी की दोनों वेबसाइट www.ipu. ac.in और www.ipu. admissions.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। ब्यूरो

# सीए की 9 से 14 मई के बीच होने वाली परीक्षाएं स्थगित

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव व सुरक्षा कारणों को देखते हुए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने 9 मई से 14 मई के बीच होने वाली इंटरमीडिएट व फाइनल परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। परीक्षा की नई तिथियां जल्द ही जारी की जाएंगी। आईसीएआई ने छात्रों को अपडेट के लिए वेबसाइट देखते रहने की सलाह दी है।

पूर्व शेड्यूल के मुताबिक परीक्षाएं दो मई से 14 मई तक होनी थी। अब जो परीक्षाएं शेष रह गई हैं, उन्हें ही स्थगित किया गया है। जिन परीक्षाओं को स्थगित किया गया है उनमें सीए फाइनल, इंटरमीडिएट और पोस्ट क्वालिफिकेशन कोर्स (इंटरनेशनल टेक्सेशन असेसमेंट टेस्ट) शामिल है। संयुक्त सचिव (परीक्षा) सीए आनंद कुमार चतुर्वेदी की ओर से यह सूचना जारी की गई है। उन्होंने उम्मीदवारों को आईसीएआई की वेबसाइट नियमित तौर पर देखते रहने की सलाह दी है। स्थगित किए गए पेपरों की नई तिथियां जल्द ही घोषित की जाएंगी। ब्यूरो

### भारत-पाक के बीच तनाव को देखते हुए लिया गया निर्णय जल्द जारी होगी नई तिथि

## रोजगार मेले में 69 छात्राओं का चयन

फरीदाबाद। ओल्ड फरीदाबाद स्थित राजकीय आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें साक्षात्कार के आधार पर 69 छात्राओं का चयन किया गया। इन छात्राओं का चयन फरीदाबाद और पृथला औद्योगिक क्षेत्रों की सात कंपनियों ने किया है।

रोजगार मेले में 106 छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 69 छात्राओं को शॉर्टलिस्ट पर नियुक्ति पत्र दिया गया । रोजगार मेले में जिला रोजगार अधिकारी डॉ. नेहा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। रोजगार मेले की अध्यक्षता राजकीय ओद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान ओल्ड फरीदाबाद की प्राचार्या संतोष कुमारी ने की और संस्थान के प्लेसमेंट अधिकारी नरेश कुमार व संस्थान के प्लेसमेंट ऑफिसर रजत राणा मौजूद रहे। संवाद



शानदार-मनमोहक : शुक्रवार को कमानी ऑडिटोरियम में कथकली नृत्य की शानदार प्रस्तुति देते कलाकारो ने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रशान्त पाण्डेय

# भरतनाट्यम की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

नई दिल्ली। कमानी ऑडिटोरियम शुक्रवार की शाम सांस्कृतिक पर्व का साक्षी बना, जब त्रिकाया डांस फाउंडेशन ने कलर्स ऑफ इंडिया का आयोजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत से ही वातावरण में उत्साह और भारतीयता की गूंज स्पष्ट महसूस की जा सकती थी।

50 से अधिक कलाकारों ने जब मंच पर कदम रखा, तो वह केवल एक प्रस्तुति नहीं, बल्कि भारत की विविध और समृद्ध नृत्य परंपराओं का जीवंत चित्र बन गया। भरतनाट्यम की नाजुक मुद्राएं, मयूरभंज छाऊ की ऊर्जावान लय, ओडिसी की भव्यता, कथकली की रंगीनता, कथक की नजाकत और कुचिपुड़ी की सजीवता सभी एक साथ मिलकर एक ऐसी सांस्कृतिक यात्रा में परिवर्तित हो गए, जिसने दर्शकों को एक क्षण के लिए भी हिलने नहीं दिया।

### 50 से अधिक कलाकारों ने कमानी ऑडिटोरियम में दिखाई प्रतिभा

कोरियोग्राफी राकेश साई बाबू और प्रिया श्रीनिवासन ने की थी। राजस्थान, पंजाब, कश्मीर, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों के जीवंत लोकनृत्यों ने प्रस्तुति में रंग और ऊर्जा का संचार किया। निदेशक प्रिया श्रीनिवासन, युवा मामले और खेल मंत्रालय के निदेशक मीनू सिंह बिष्ट, यूपीएससी के सहसचिव हंसा मिश्रा सहित कई लोग मौजूद रहे। ब्यूरो

## भगवान बुद्ध की 1100 मूर्तियां कीं वितरित

नई दिल्ली। नई दिल्ली स्थित आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष में भारतीय बौद्ध संघ की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, अर्जुन राम मेघवाल, सत्यनारायण जटिया और भाजपा नेता आदेश गुप्ता समेत ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के आयोजक और भारतीय बौद्ध संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंते राहुल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अपने भाषण में कहा, विश्व शांति की स्थापना के लिए आतंकवाद का पूरी तरह से खात्मा आवश्यक है और इसके लिए पाकिस्तान को मिट्टी में मिलाना जरूरी है। भंते राहुल ने पाकिस्तान को मानवता का दुश्मन बताया। भगवान बुद्ध की 1100 मूर्तियां भी वितरित की गईं। समापन भाषण भारतीय बौद्ध संघ दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष राजेश कुमार ने दिया। देशभर से आए प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और बुद्ध पूर्णिमा को शांति, समरसता और एकता के संदेश के साथ मनाया। ब्यूरो


## कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी बुलन्दशहर

पत्र सं० C-242 / स०क० / न०मु०भा०अभि0 / 2025-26, दिनांक 9-5-2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सं0-12-2/2020- डीपी - 1, दिनांक 26.07.2024 तथा प्रमुख सचिव, उ०प्र० शासन, समाज कल्याण विभाग के पत्र संख्या 1446 पी०पी० / 26-68 / 2022 दिनांक 02 अगस्त 2024 द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग डिमाण्ड रिडक्शन (NAPDDR) योजनान्तर्गत नशा मुक्त भारत अभियान (NMBA) के तहत जनपद बुलन्दशहर में नशे के विरूद्ध जन जागरूकता कार्यक्रम एंव योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति (District Level Committee) का गठन किया जाना है जिसमें दो सेवानिवृत्त वरिष्ठ सिविल सेवकों एवं मादक पदार्थों के विरूद्ध कार्य करने वाली दो सामाजिक स्वैच्छिक संस्थाओं को सदस्य के रूप में नामित किया जाना है।

अतः नशा मुक्त भारत अभियान के तहत युवा पीढ़ी को नशे के विरूद्ध जागरूक करने तथा देश को नशामुक्त करने के लिये मादक पदार्थों के विरूद्ध कार्य करने वाली दो सामाजिक स्वैच्छिक संस्थाओं एवं निःशुल्क योगदान करने को इच्छुक सेवानिवृत्त वरिष्ठ सिविल सेवकों को कमेटी के सदस्य के रूप में सादर आमन्त्रित किया जाता है। इच्छुक सामाजिक स्वैच्छिक संस्था एवं से0नि0 वरिष्ठ सिविल सेवक समाज कल्याण कार्यालय में दिनांक 30.05.2025 तक सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी
बुलन्दशहर।

## HIMACHAL PRADESH PUBLIC WORKS DEPARTMENT INVITATION FOR BIDS (IFB) NABARD RIDF XXX

The Superintending Engineer, 15th Circle, HPPWD, Una H.P. on behalf of Governor of H.P. invites the online bids on percentage rate basis in electronic tendering system, in 2 Cover System for the under mentioned works from the eligible and approved class of Contractors / Firms registered with HPPWD and HP Jal Shakti Vibhag (Contractors of HP Jal Shakti Vibhag are eligible to participate for the works having amount put to tender above Rs. 100 Lacs). Non registered contractors may submit the bids; however successful bidder has to register in appropriate class with appropriate authority in HPPWD.

**Sr. No.:-** 1 **District / Division:-** Una/ Haroli **Name of the work:-** Improvement & Widening of road from Gondpur Behli to Bathu Gurplah including bridge over Gondpur Jaichand Khad Km. 0/0 to 8/655 (SH:- Imp. R/wall., Missing CD, GSB,WMM tarring work, side drain, paver block, C.C pavement and parapet i/c bridge ) UNDER NABARD RIDF-XXX **Estimated Cost(Rs. Lakh) :- Construction:-** 865.12Lacs **Maintenance:-** 58.01 Lacs **Total Cost (Rs. Lakh):-** 923.13 Lacs **Period of Completion:-** 12 months **Bid Security(Rs. Lakh)The bid security is two percent of the total cost, rounded to the nearest thousand:-** 18.46 Lacs

1. **Cost of Bid Form::-** Rs. 5000/- (Non-refundable)
2. **Availability of Bid Document and mode of submission:** The bid document is available online and bid should be submitted online on website http://hptenders.gov.in. The bidders are advised to note the other details of the tenders from the website http://hptenders.gov.in

3. Key Dates:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of Online Publication | 15.05.2025 (15.00 HRS) |
| 2 | Document Download Start and End Date | 15.05.2025 (15.00 HRS upto 23.05.2025 (17.00 HRS) |
| 3 | Bid Submission Start and End Date | 15.05.2025 (15.00 HRS upto 23.05.2025 (17.00 HRS) |
| 4 | Physical Submission of Documents | As per uploaded SBD |
| 5 | Date of Technical Bid opening. | 24.05.2025 (11.00 HRS) |

Other details can be seen in the bidding documents. The officer inviting tender shall not be held liable for any delays due to system failure beyond its control. Even though the system will attempt to notify the bidders of any bid updates, the Employer shall not be liable for any information not received by the bidder. It is the bidders' responsibility to verify the website for the latest information related to the tender.

(Er. Harsh Puri)
Superintending Engineer
15th Circle, HP PWD, Una.

Ro. No. 0526/2025-2026

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

YEIDA FUTURE IS HERE

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा-1 (पी-2), ग्रेटर नौएडा सिटी, जनपद-गौतमबुद्धनगर-201308 (उ0प्र.)
फोन नं0: 0120-2395152, वेबसाइटः www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक : वाई.ई.ए./GM(P)/2025/1066 दिनांकः 09.05.2025

**सार्वजनिक सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्र सरकार/ राज्य सरकार/केन्द्र शासित/अर्द्धशासिक /सार्वजनिक उपक्रमों के कार्यों का कम से कम चार वर्ष का अनुभव रखने वाले ठेकेदारों/फर्मों से ई-निविदाये आमन्त्रित की जाती है। ई-प्रीक्योरमेंटसोल्यूशन द्वारा निविदाये द्विस्तरीय पद्धति से खोली जायेंगी। कार्यालय आदेश संख्याः वाई.ई.ए/GM (P)/2025/1065 दिनांक 09.05.2025 के अनुपालन में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की कार्यों में सविदाकार द्वारा बिल ऑफ क्वान्टिटी (बी०ओ०क्यू०) पर डाले गये 10 प्रतिशत कम दरों तक 0.5 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर तथा उसके पश्चात 10 प्रतिशत से अधिक कम दरों पर 1.00 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर सिक्योरिटी /परफॉर्मेन्स गारन्टी प्राप्त की जायेगी तथा परफॉर्मेन्स गारन्टी एफ०डी०आर०/सी०डी०आर०/ बैंक गारन्टी / एन०एस०सी० के रूप में न्यूनतम संविदाकार द्वारा अनुबन्ध गठन से पूर्व देनी होगी, जो कार्य के अन्तिम बीजक होने के बाद वापिस होगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | Providing and laying interlocking tiles and brick drain in village -nangla chandan, WC-06 | रु० 09.49 लाख |

जिन्हें दिनांक 14.05.2025 से 20.05.2025 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 22.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 2. | Providing and laying of interlocking tiles and brick drain in village-Tirthali kheda, Yea (Part-2), **WC-06** | रु० 16.52 लाख |
| 3. | Providing and laying interlocking tiles and brick drain in village -nangla handa, **WC-06** | रु० 23.26 लाख |
| 4. | Annual jungle cleaning work of 24.00 mtr. wide road and silt cleaning in sector - 22E, Yea. **WC-02** | रु० 35.60 लाख |
| 5. | Providing and fixing of water supply in affordables houses sector -22 D (Group-H & I), YEA. **WC-02** | रु० 37.64 लाख |
| 6. | Construction of E-library room in village - Karol bangar YEA. **WC-06** | रु० 32.43 लाख |
| 7. | Providing and laying interlocking tiles and brick drain in village - dayantpur, **WC-06** | रु० 36.30 लाख |
| 8. | Repair of barbed wire fencing damage due to vehicular accidents in central verge of 60mtr wide road between pocket - A & B Sector - 20 & 45 mtr wide road between pocket-A & pocket-D, Sector-20, yeida Wc-H | रु० 34.04 लाख |
| 9. | Pond Rejunvenation in village-Ahmadpur choroli (pond no-3), YEA **WC-06** | रु० 44.78 लाख |
| 10. | Pond Rejunvenation in village-neemka Shahpur (pond no-3), YEA **WC-06** | रु० 50.58 लाख |
| 11. | Resurfacing of 9mtr. wide road along RCC drain & culvert from 120mtr. wide road to ESS Sector - 22A, YEA **WC-02** | रु० 60.38 लाख |

जिन्हें दिनांक 14.05.2025 से 23.05.2025 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 27.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 12. | Internal Development work of 7 percent abadi plots in Village-Shahpur sector-20 yea. **Wc-02** | रु० 268.10 लाख |
| 13. | Construction of RCC drain along 45mtr. wide road node no-40 to 41 (ch-o.00 to 0.651km) and culvert crossing of 30mtr wide road in sec-22D, YEA. **WC-02** | रु० 698.52 लाख |

जिन्हें दिनांक 15.05.2025 से 28.05.2025 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 30.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।

1. निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश इलैक्ट्रानिक्स कारपोरेशन की वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर देखे जा सकते हैं। इच्छुक ठेकेदारों से अनुरोध है कि वे नियमित रुप से उक्त वेबसाइटों को देखते रहें क्योंकि निविदाओं के सम्बन्ध में कोई बदलाव अथवा अतिरिक्त सूचना बेबसाइट पर ही उपलब्ध करायी जायेगी।

महाप्रबन्धक (परियोजना)

महत्वपूर्ण सूचनाः यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मास्टर प्लान के अतिरिक्त प्लॉटिंग/हाउसिंग/कॉलोनी या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह से अवैध है। सामान्यजन इस प्रकार की खरीद-फरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाइजर के भ्रामक विज्ञापनों से बचें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com देखें।

प्रवाह

77 साल बेमिसाल

निर्भीक पत्रकारिता का आठवां दशक

स्थापना : 18 अप्रैल 1948 • आगरा

आधुनिक युद्ध चाहे आसमान में हो, समुद्र में या फिर जमीन पर, हवा के रुख को समझना सबसे जरूरी है। -विलियम हाल्सी

# महाभियोग की ओर



न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर नकदी पाए जाने के आरोपों की जांच करने वाली आंतरिक समिति द्वारा उन पर अभियोग लगाया जाना, देश के मुख्य न्यायाधीश द्वारा उनसे इस्तीफे की मांग करना, न्यायमूर्ति वर्मा द्वारा इस मांग को ठुकराया जाना और अंततः मुख्य न्यायाधीश द्वारा यह रिपोर्ट राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजना बेशक न्यायपालिका की आंतरिक प्रक्रिया का हिस्सा हो सकता है, लेकिन यह देश के न्यायिक इतिहास में यह एक महत्वपूर्ण मोड़ तो है ही। मामला केवल एक न्यायाधीश का नहीं है, बल्कि यह न्यायपालिका की अपनी अखंडता के मानकों को बनाए रखने की क्षमता की परीक्षा भी है। उल्लेखनीय है कि 14 मार्च को, जब न्यायमूर्ति वर्मा अपने घर पर नहीं थे, तब घर में आग के बाद कथित तौर पर दमकलकर्मियों ने बेहिसाब नकदी बरामद की थी। बाद में एक वीडियो सामने आया, जिसमें आग में नकदी के बंडल जलते हुए दिखाई दे रहे थे। न्यायमूर्ति शील नागू, जीएस संधावालिया और अनु शिवरमन की समिति ने दिल्ली पुलिस और अग्निशमन अधिकारियों समेत पचास से ज्यादा लोगों के बयान दर्ज किए। तीन मई को सौंपी गई उनकी रिपोर्ट में कार्रवाई के पर्याप्त आधार मिले, जिसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने न्यायमूर्ति वर्मा को स्वेच्छा से त्यागपत्र देने का विकल्प दिया, जिसे उन्होंने नामंजूर कर दिया। उनके इन्कार ने गेंद सरकार और संसद के पाले में पहुंचा दी है और घटनाओं का क्रम महाभियोग की तरफ बढ़ता दिख रहा है। इस संकट में शीर्ष न्यायालय की पारदर्शिता-प्रारंभिक रिपोर्ट, न्यायमूर्ति वर्मा का जवाब और जले नोटों का वीडियो अपलोड करना-न्यायिक जांचों को ढकने वाली प्रवृत्ति से हटकर है। यह खुलापन उस दौर में महत्वपूर्ण है, जब संस्थाओं से जनता का भरोसा उठ-सा रहा है। इसके बावजूद यह कहना होगा कि हाल के वर्षों में न्यायपालिका की पारदर्शिता, जवाबदेही और भ्रष्टाचार से जुड़े मुद्दों ने इसकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए हैं। अगर यह मामला महाभियोग की दिशा में बढ़ता है, जिसकी अब संभावनाएं दिख भी रही हैं, तो संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत की जरूरत होगी। यह एक दुर्लभ व जटिल प्रक्रिया है, जैसा कि न्यायमूर्ति वी रामास्वामी, सौमित्र सेन आदि के मामलों में देखा जा चुका है। ऐसे में, सरकार और संसद को इस मामले को समुचित गंभीरता और निष्पक्षता के साथ संभालना होगा, ताकि दोषी को दंड जरूर मिले, लेकिन न्यायपालिका की स्वतंत्रता भी बनी रहे। जनता के लिए, जिसका न्यायपालिका में विश्वास सर्वोपरि है, न्यायमूर्ति वर्मा मामले का समाधान ऐसा हो, जो यह दिखाए कि कोई भी-यहां तक कि उच्च न्यायालय का न्यायाधीश भी-कानून से ऊपर नहीं है।

# युद्ध, आतंक और वर्जनाएं

**पहलगाम में आस्था विशेष के कृपालु संरक्षकों (आतंकवादियों) ने जब निर्दोष लोगों पर हमला किया, तब उदारवादी बुद्धिजीवी जिस तरह से सावधानी बरतते दिखे, उसमें छिपे बौद्धिक टालमटोल को समझना जरूरी है। यह जो प्रवृत्ति है, वही हमास जैसे संगठनों और पाकिस्तान जैसे मुल्कों के लिए ऑक्सीजन का काम करती है।**





**एस प्रसन्नराजन**
*संपादक, ओपन मैगजीन*

राजनीति धर्म के साथ विकृत नैतिकता से प्रतिक्रिया करती है, खासकर तब, जब इस मुश्किल वक्त में एक धर्म विशेष के नाम पर हथियार और हिंसा अनिवार्य रूप से जुड़े हुए हों। डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका में गाजा के बाद सड़कों और शिक्षण संस्थानों में विरोध प्रदर्शनों को देखिए, तो आपको इसकी झलक मिल जाएगी कि कैसे प्राचीन पूर्वाग्रहों का सफाया करके नए हमलावरों के खिलाफ इस्तेमाल किया जाता है और कैसे विचारधारा का बोझ अच्छाई और बुराई की परिभाषा को प्रभावित करता है। ट्रंप द्वारा अमेरिकी विश्वविद्यालयों को खत्म करना, जिनके बारे में उनका प्रशासन मानता है कि वे यहूदी-विरोधी भावना के केंद्र हैं और उनमें से सबसे पुराने और महानतम लोगों द्वारा किया गया विरोध घृणा के पंथ के विरुद्ध प्रतिक्रिया का एक शानदार उदाहरण है।

इस्राइल की धरती पर हमास द्वारा किए गए नरसंहार से पैदा हुआ युद्ध काल-क्षेत्र (टाइम जोन) को पार करते हुए इस्लाम के खिलाफ यहूदी युद्ध बन गया। दुनिया भर के इस्लाम समर्थक अब हमास के साथ खड़े हैं। हमास को इससे अधिक समर्थन की उम्मीद नहीं थी। अमेरिका के आठ उच्च प्रतिष्ठित निजी विश्वविद्यालयों के परिसरों में विरोध प्रदर्शनों को यहूदी छात्रों के रूप में अपना दुश्मन मिल गया, जिन्हें बहिष्कृत करार दिया गया। शिक्षा जगत के खिलाफ ट्रंप का युद्ध अमेरिकी विश्वविद्यालयों को नए विचारों के नाम पर अपना एजेंडा चलाने के वायरस से मुक्त करने के उनके वादे से आगे बढ़कर, स्वयं शैक्षणिक स्वतंत्रता पर हमले में बदल गया है। लेकिन नरसंहार के बाद सबसे भयावह यहूदी-विरोधी आक्रोश के अपराधियों (हमास) को पीड़ित का दर्जा देने, अपराध और दंड की अदला-बदली करने की उदार नैतिकता एक राजनीतिक विशेषता है, जो अन्यत्र भी पाई जाती है। यह इस्लामोफोबिया शब्द में भी है। 9/11 के बाद यह एक उदारवादी आह्वान बन गया है, जब कट्टरपंथी इस्लाम (पूरे धर्म की बात करने से बचने के लिए इस शब्द का इस्तेमाल करने से बराक ओबामा ने इन्कार कर दिया था) साम्यवादोत्तर दुनिया में बुराई की शब्दावली में शामिल हो गया। जब पश्चिम के खंडहरों पर नव-खलीफा के विकल्प के लिए इस्लामिक स्टेट का अभियान चरम पर था (अपनी अपरिहार्य हार से पहले), इस्लामी मानसिकता का कट्टरपंथीकरण ऐसा विषय था, जिससे उदारवादियों ने बचना चाहा।

और जिन लोगों ने मानवता के विरुद्ध आतंक के साथ इस्लाम उपसर्ग जोड़ा, उन्हें इस्लामोफोब (मुसलमानों के प्रति पूर्वाग्रह रखने वाले) की उपाधि मिल गई। इसका प्रभाव सभ्यता पर कलंक के समान पड़ा, क्योंकि कुछ लेखकों ने जिहाद के बीज धर्मग्रंथों और सत्ता में बैठे उनके सबसे वफादार पाठकों में ढूंढने का साहस किया। हमारे समय की सबसे जघन्य रक्तपिपासु अभिव्यक्तियों पर एक सशक्त आस्था द्वारा अनुमोदित ईमानदार चर्चा इस्लामोफोबिया द्वारा अनुक्रमित किए बिना लगभग असंभव हो गई। फिर भी, नायपॉल और होएलेबेक जैसे लेखकों ने साहस किया और बच गए।

यहां तक कि अरब के सुदूर रेतीले इलाकों से लेकर पेरिस की भीड़-भाड़ वाली सड़कों तक हत्यारे अपनी इस्लामी साख की वैश्विक स्वीकृति की मांग कर रहे थे, लेकिन उदारवादियों का गुस्सा आतंकवाद के खिलाफ गुस्से के शब्दार्थ पर केंद्रित था। नए कट्टरपंथ ने मृत्यु का पंथ बनाया। उदार नैतिकता ने जोर देकर कहा कि उनके चित्र में उनके अस्तित्व के मूल तत्वों को शामिल नहीं किया जाना चाहिए। इस्लामोफोबिया का आरोप नैतिक सेंसरशिप है, जिसे 'हमले के तहत' एक आस्था के कृपालु संरक्षकों (आतंकवादियों) द्वारा लागू किया जाता है।

आइए, अब पहलगाम की बात करते हैं। हममें से कुछ लोग हमले को वर्गीकृत करने में बहुत सावधान रहे हैं और विवरणों में इस्लाम शब्द को शामिल कर रहे हैं। जबकि कुछ लोगों ने 'आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता' जैसे मुहावरे का सहारा लिया। आतंक की प्रकृति और उसके स्रोत ने इस भयावह घटना से इस्लाम को बाहर रखने की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी है। इस्लाम ही वह कारण है, जिसके कारण पाकिस्तान का जन्म हुआ, और यही है, जो पाकिस्तान को अविश्वास की शक्ति के विरुद्ध मजहबी प्रतिरोध के दृश्य और अदृश्य प्रवर्तक के रूप में परिभाषित करता है।

अकेले इस्लाम ने ही वह सौदेबाजी की शक्ति प्रदान की, जिसके बल पर पाकिस्तान को आतंकवाद के विरुद्ध पश्चिमी युद्ध में स्थायी स्थान प्राप्त हुआ। विरोधाभास स्पष्ट था-इस्लामी आतंकवाद का संरक्षक मुल्क, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पश्चिम (अमेरिका) के अग्रिम पंक्ति के सहयोगी की भूमिका भी निभा सकता है। संरक्षक और साझेदार की इस दोहरी भूमिका ने पाकिस्तान को ऐसी स्वतंत्रता प्रदान की है, जो कोई अन्य आतंकवाद प्रायोजक नहीं दे सकता। ईरान के लिए इस्लामी युद्ध एक क्रांतिकारी आवश्यकता है, जब तक कि इस्राइल और अमेरिका मौजूद हैं। पाकिस्तान के लिए जिहाद एक उद्देश्य और एक निवेश है। भारत ईरान के साथ है, जबकि अमेरिका पाकिस्तान के। समय-समय पर होने वाली पहलगाम जैसी घटनाएं इस उद्देश्य को जीवित रखती हैं।

ऐसा क्यों है कि पहलगाम हमला कुछ लोगों में सिर्फ संकोचपूर्ण गुस्सा पैदा करता है? ऐसा क्यों है कि इस्लामवाद को विश्लेषण से बाहर रखा जा रहा है? इस्लामवाद, जिसमें आध्यात्मिक और राजनीतिक लक्ष्य अस्थिर हो जाते हैं, को उदारवादी कृपा के संरक्षण की आवश्यकता नहीं है। इस्लाम उतना नाजुक धर्म नहीं है, जितना वे कल्पना करते हैं। फिर भी, वे वहां हमला करने वाले एक धर्म के रक्षक के रूप में मौजूद हैं, तथा उन लोगों को निर्वासित करने के लिए उत्सुक हैं, जो आतंकवाद के साथ 'इस्लामिक' विशेषण जोड़ते हैं, उन्हें इस्लामोफोब कहते हैं।

पहलगाम हमले पर उदारवादी बुद्धिजीवियों द्वारा बरती जा रही सावधानी नैतिक हीनता के साथ-साथ बौद्धिक टालमटोल भी है। अंततः यह आस्था की अमानवीय भयावहता को बिना किसी संदर्भ के अपराध में बदल देता है। और जो बात इसका समर्थन करने से रोकती है, वह है इसका मौन भाग : अति-हिंदूकृत भारत, जहां किसी को भी यह आभास हो जाना चाहिए था कि उदारवादी कुतर्क के दलदल में पीड़ित का धर्म पूछने की छूट है, लेकिन अपराधी के धर्म की बात उठाना वर्जित है।

edit@amarujala.com

सुरक्षा

# संप्रभुता की ढाल हैं सीमांत गांव

**जम्मू-कश्मीर से लेकर गुजरात तक पाकिस्तान की सीमा पर बसे करीब एक हजार गांवों का सामरिक महत्व असीम है, क्योंकि ये भारत की संप्रभुता की जीवित ढाल हैं।**



**जयसिंह रावत**

जब हम अपने घरों में निश्चिंत सो रहे होते हैं, तब भारत-पाकिस्तान सीमा पर बसे गांवों के लोग गोलियों के शोर और मौत के साये में रातें काटते हैं। उनके घरों पर गोले बरसते हैं, लहलहाते खेत तबाह हो जाते हैं और मवेशियों के शव आंखों के सामने होते हैं। यह सब उन्हें विचलित तो करता है, पर गोलाबारी थमते ही वे नियति को गले लगाकर सामान्य जीवन की शुरुआत कर लेते हैं। ये हैं हमारे देश के सीमांत प्रहरी, जिन्हें शहीद का दर्जा तो नहीं मिलता, मगर उनका यहां टिके रहना देश की रणनीतिक ढाल है। भारत-पाकिस्तान सीमा, जो 3,323 किलोमीटर तक फैली है। यह केवल एक भौगोलिक रेखा नहीं, बल्कि हजारों लोगों की जिंदगी की कहानी है।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ, राजौरी, कुपवाड़ा, और बारामूला से लेकर पंजाब के खेमकरण, राजस्थान के तनोट और गुजरात के कच्छ तक, लगभग एक हजार गांव सीमा से शून्य से दस किलोमीटर की दूरी पर बसे हैं। इनमें पुंछ और राजौरी के उड़ी, तंगधार और करनाह जैसे क्षेत्र नियमित गोलाबारी का शिकार होते हैं। जम्मू के अरनिया और सुचेतगढ़, पंजाब के अजनाला और तरनतारन, राजस्थान के लोंगेवाला और बीकानेर और कच्छ के लखपत जैसे गांव भी पाकिस्तानी तोपखाने की रेंज में हैं। ये गांव न केवल युद्ध और त्रासदी झेलते हैं, बल्कि सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश की संप्रभुता की रक्षा में योगदान देते हैं।

जम्मू के डोगरा परिवार खेतों में गेहूं और धान की खेती करते हैं, पंजाब के सिख किसान सरसों और धान की फसलों को सहेजते हैं, राजस्थान के जाट और राजपूत मरुस्थल में बाजरा बोते और भेड़-बकरियां पालते हैं, जबकि कच्छ के लोग मछली पकड़ने और हस्तशिल्प जैसे कच्छी कढ़ाई में व्यस्त रहते हैं। बच्चे स्थानीय स्कूलों में पढ़ने जाते हैं, लेकिन गोलाबारी के दिनों में स्कूल बंद हो जाते हैं, और वे बंकरों में समय बिताते हैं। महिलाएं घर संभालती हैं, लेकिन हमेशा बंकर में शरण लेने को तैयार रहती हैं। इन गांवों के लोगों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव गंभीर होते हैं। बच्चे रात को गोलीबारी की आवाज से डरकर जागते हैं, तो बुजुर्गों में तनाव और चिंता आम है। प्राकृतिक चुनौतियां स्थिति को और जटिल बनाती हैं। राजस्थान में पानी की कमी और कच्छ में खारे पानी की समस्या खेती को मुश्किल बनाती है, जबकि जम्मू-कश्मीर में भूस्खलन और बाढ़ जोखिम बढ़ाते हैं। गोलाबारी के दौरान अस्पताल पहुंचना जोखिम भरा होता है। कई गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी नहीं हैं।

पलायन एक उभरती समस्या है। युवा रोजगार और बेहतर भविष्य के लिए शहरों का रुख कर रहे हैं। यह पलायन न केवल सामाजिक संरचना को कमजोर करता है, बल्कि सीमा की रणनीतिक सुरक्षा के लिए भी खतरा है। सरकार इन गांवों की रणनीतिक अहमियत को समझती है और उनकी सुरक्षा के लिए कई कदम उठा रही है। नियंत्रण रेखा पर सेना और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ तैनात है। बाड़बंदी और एंटी-इन्फिल्ट्रेशन ऑब्स्टेकल सिस्टम घुसपैठ को रोकते हैं। 2018 से लेकर 2020 के बीच जम्मू-कश्मीर और पंजाब में 14,000 से अधिक व्यक्तिगत और सामुदायिक बंकर बनाए गए, जो गोलाबारी के दौरान ग्रामीणों को सुरक्षा देते हैं। वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम इन गांवों के लिए एक आशा की किरण है। 1947 के कबाइल युद्ध से लेकर 1971 के युद्ध, कारगिल युद्ध और आज के तनाव तक, ये गांव हर संकट में अडिग रहे हैं। इनका सामरिक महत्व असीम है, क्योंकि ये भारत की संप्रभुता की जीवित ढाल हैं। लेकिन इनके साहस और बलिदान को केवल बंकरों और सुरक्षा से नहीं, बल्कि बेहतर जीवन से भी सम्मानित करना होगा।

जो राष्ट्र तकनीकी तौर पर जितना समृद्ध है, वह उतनी ही कुशलता से आधुनिक युद्ध लड़ सकता है। -फ्रैंक व्हिटल



# जीवन युद्ध ही तो है

**श्रीकृष्ण ने अर्जुन को समझाया कि इस वक्त युद्ध लड़ना ही उसका कर्तव्य है, हार-जीत तो बाद की बात है। हर व्यक्ति योद्धा है। वह लड़ता है, गलतियां करता है और फिर उसमें सुधार करता है। जीवन अपने-आप में एक युद्ध है।**



**जे. रॉबर्ट ओपेनहाइमर**

जीवन धारा

मैं सोचता हूं कि अध्ययन, राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, युद्ध, व्यक्तिगत कठिनाई, ये सब जीवन की चुनौतियां हैं, जिन्हें हमें कृतज्ञता के साथ स्वीकारना चाहिए। व्यक्तिगत विकास और शांति, कठिनाइयों से बचने से नहीं मिलती, बल्कि कृतज्ञता की भावना के साथ उनका सामना करने से प्राप्त होती है। दुनिया बदल गई है। कुछ लोग बुराई करते हैं व ज्यादातर लोग चुप रहते हैं, कुछ हंसते हैं, और कुछ रोते हैं। मुझे हिंदू धर्मग्रंथ भगवद्गीता की कुछ पंक्तियां याद आती हैं, जहां राजकुमार (अर्जुन) युद्ध नहीं करना चाहता है-इसलिए नहीं कि उसमें साहस या कौशल की कमी है, बल्कि यह उत्तराधिकार का युद्ध है, उसके दुश्मन चचेरे भाई, दोस्त और शिक्षक हैं। भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को समझा रहे हैं कि उसे अपना कर्तव्य निभाना चाहिए और उसे प्रभावित करने के लिए वह अपना विराट रूप धारण करते हैं और कहते हैं, 'अब मैं मृत्यु बन गया हूं, संसार का विनाशक।'

अर्जुन की समझ में आ जाता है कि बुराई करने वालों को नष्ट करना आवश्यक है। इसके बाद वह युद्ध में शामिल होने का फैसला करता है। मुझे लगता है कि आपको बस एक योद्धा के रूप में अपना कर्तव्य निभाना है। यदि कोई अपनी गलतियों को सुधार लेता है, भले ही इसमें समय लगे, तो भी यह अच्छा है। मैंने 'बम' बनाया, जो उन बुरी शक्तियों के खिलाफ युद्ध का प्रतीक है, जो किसी निर्दोष इन्सान को शारीरिक या मनोवैज्ञानिक नुकसान पहुंचाने की इच्छा रखती है। विज्ञान का इतिहास दो प्रकार की तकनीकों, दो प्रकार के विचारों को, जो नए सत्य की खोज के लिए अलग-अलग संदर्भों में विकसित किए गए थे, एक-दूसरे के संपर्क में लाने की सफलता के उदाहरणों से समृद्ध है। बुराई पर विजय प्राप्ति के लिए ही विज्ञान ने परमाणु बम का निर्माण किया है। हालांकि, इन चीजों में मेरा यह मानना है कि जब आप कोई ऐसी चीज देखते हैं जो तकनीकी रूप से अच्छी है, तो आप आगे बढ़कर उसे करते हैं और तकनीकी सफलता मिलने के बाद ही आप इस बारे में बहस करते हैं कि इसके बारे में क्या करना है। परमाणु बम के मामले में भी यही हुआ था। इस दुनिया के लोगों को बुराई के खिलाफ लड़ने के लिए एकजुट होना होगा, अन्यथा वे नष्ट हो जाएंगे। मनुष्य को शांति की चाहत रखने के लिए परमाणु हथियारों की जरूरत नहीं थी। लेकिन समय की मांग ने इसका आविष्कार करवाया।

# क्या चैटजीपीटी युद्ध में दुश्मन के संदेशों को पढ़ सकता है

***द गार्जियन की निकोला डेविस लिखती हैं कि दूसरे विश्वयुद्ध में मित्र राष्ट्रों की नींद उड़ाने वाले जिस एनिग्मा कोड को तोड़ने में एक साल लगे थे, सर्वशक्तिमान चैटजीपीटी उसे कुछ ही पलों में तोड़ सकता है।***



AI समय

दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान, जर्मनी द्वारा उपयोग किया गया एनिग्मा कोड अपनी जटिलता के लिए कुख्यात था। यह कोड युद्ध के मैदान के संदेशों को सुरक्षित रखने का एक महत्वपूर्ण साधन था, जिसे तोड़ना मित्र राष्ट्रों के लिए एक असंभव चुनौती बन गया था। ब्रिटिश गणितज्ञ एलन एम ट्यूरिंग और उनकी टीम ने 1930 के दशक में एनिग्मा कोड के शुरुआती संस्करणों को तोड़ लिया, लेकिन जब जर्मनी ने अपनी सुरक्षा का स्तर और बढ़ाया, तो ट्यूरिंग को नई मशीनें विकसित करनी पड़ीं। 1943 तक ये मशीनें हर मिनट में दो संदेशों को पढ़ लेती थीं।

एनिग्मा कोड को तोड़ने के लिए ट्यूरिंग ने जो मशक्कत की, जिस पर बाद में हॉलीवुड की कई फिल्में भी बनीं, उसे दूसरे विश्वयुद्ध को दो साल छोटा करने का श्रेय मिलता है।

अगर आज के दौर में एनिग्मा कोड को तोड़ने की चुनौती हो, तो इसे कितना बड़ा माना जाएगा? ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर विज्ञान के प्रोफेसर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के विशेषज्ञ माइकल वूल्ड्रिच का मानना है कि एनिग्मा कोड आधुनिक कंप्यूटिंग के सामने टिक नहीं सकता।

दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान धुरी शक्तियों (जर्मनी और उसके सहयोगी) द्वारा संचार के लिए इस्तेमाल होने वाला एनिग्मा उपकरण एक इलेक्ट्रो-मैकेनिकल मशीन थी, जो टाइपराइटर जैसी दिखती थी। इसकी सेटिंग ऐसी होती थी, कि एक ही कुंजी को अगर दो बार दबाया जाए, तो हर बार एक अलग अक्षर उत्पन्न होता था। यही नहीं, इसकी सेटिंग हर 24 घंटे में बदलती भी रहती थी। एनिग्मा कोड को तोड़ना इसलिए मुश्किल था, क्योंकि इसके संदेश को पढ़ने के संभावित तरीकों की प्रायिकता बहुत ज्यादा थी, जिसे एक इन्सान के लिए पूरी तरह से जांच पाना तकरीबन असंभव था।

वूल्ड्रिच के अनुसार, ट्यूरिंग की मशीनें कच्चे हार्डवायर्ड मैकेनिकल उपकरण थे, जो नाजी संदेशों को पढ़ने के संभावित विकल्पों की खोज करते थे। मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी के सॉफ्टवेयर सुरक्षा के वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. मुस्तफा कहते हैं कि ट्यूरिंग और उनके सहयोगियों को कामयाबी मिलने की बड़ी वजह यह थी कि एनिग्मा में कई कमजोरियां थीं, जिनमें से एक यह थी कि एक बार एनक्रिप्ट होने के बाद कोई भी अक्षर अपने-आप प्रस्तुत नहीं हो पाता था।

वूल्ड्रिच कहते हैं कि आज की तारीख में उसी ढंग से कोड को तोड़ना काफी आसान होगा, क्योंकि चैटजीपीटी सर्वशक्तिमान है। इसके अलावा, उस वक्त के इन्सान के लिए आधुनिक कंप्यूटरों की शक्ति की कल्पना करना भी कठिन होगा। वूल्ड्रिज यह भी कहते हैं कि ट्यूरिंग ने जो किया, उसे अगर आज दोहराना हो, तो आधुनिक कंप्यूटरों की गति और सांख्यिकीय व कंप्यूटेशनल तकनीकों की एक शृंखला के साथ यह काम बहुत कम समय में हो सकता है। एनिग्मा कोड, जो अपने समय में अत्यंत जटिल था, आज के सुपरकंप्यूटरों और एआई मॉडलों के सामने एक सामान्य पहेली जैसा है।



यह प्रगति हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि एआई की यह शक्ति आज के समय में कहां तक पहुंच सकती है। साइबर सुरक्षा, डाटा एन्क्रिप्शन और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में एआई की भूमिका अब पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। लेकिन, यह शक्ति अपने साथ जोखिम भी लाती है। अगर एआई इतनी आसानी से पुराने कोड तोड़ सकता है, तो क्या यह वर्तमान एन्क्रिप्शन प्रणालियों को भी खतरे में डाल सकता है? एआई की यह क्षमता हमें इसके नैतिक उपयोग और नियंत्रण के सवालों की ओर ले जाती है।

आज एआई अनेक संभावनाओं को खोल रहा है। लेकिन इसके दुरुपयोग की आशंका को देखते हुए नीतियां बनाने की जरूरत है। एनिग्मा कोड को तोड़ने की कहानी हमें याद दिलाती है कि तकनीक का उपयोग सावधानी और जिम्मेदारी से होना चाहिए। हालांकि, दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान एनिग्मा कोड को तोड़ना केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं थी; यह युद्ध में रणनीतिक जीत को दर्शाता था। तब इस कोड को तोड़ने में कई महीने, बल्कि एक साल से भी ज्यादा का समय लगा।

हालांकि, सीमित संसाधनों को देखते हुए युद्ध के दौरान ही इसे हल कर पाना अपने-आप में एक बड़ी बात थी। भगवान ही जानता है कि अगर एनिग्मा कोड न टूट पाता, तो शायद दूसरा विश्वयुद्ध दस साल और चलता। तब दुनिया शायद आज जैसी न होती।

# आतंक पर प्रहार
# OPERATION SINDOOR

जम्मू-कश्मीर, पंजाब से लेकर राजस्थान और गुजरात तक पाकिस्तान से सटे सीमावर्ती जिलों में भारतीय सैनिक पाकिस्तान के हर हमले को नाकाम कर रहे हैं। हमले से हालात विकट जरूर हुए हैं, मगर लोग डरे हुए नहीं हैं। वे सतर्क हैं। चाहते हैं कि दुश्मन को सबक सिखाया जाए। हर रोज सरहदों के हालात हम आप तक पहुंचाएंगे...आज पहली रिपोर्ट

## ग्राउंड जीरो से अमर उजाला के 25 रिपोर्टर बता रहे हैं...सरहदों पर कैसे हैं हालात

# बंकर नहीं तो क्या, हौसला हमें जिंदा रखेगा, उधर सेना...इधर हम डटे रहेंगे


जम्मू के वेयर हाउस में शुक्रवार सुबह किराना की दुकानों पर खरीदारी करते लोग। संवाद

## जम्मू जागा और काम पर जुट गया, पर सतर्कता के साथ

**रोली खन्ना, जम्मू से**

मंदिरों की घंटियों, गुरुद्वारों में शबद कीर्तन और मस्जिदों में अजान के साथ जागने वाला शहर जम्मू शुक्रवार की सुबह भी उठा। पर... सन्नाटे को चीर रहे थे रातभर से जारी धमाके, सायरन की आवाजें। बीच-बीच में जब चंद मिनटों के लिए धमाके थमते तो कोयलों की कुहुक एहसास कराती कि सुबह हो चुकी है।

**ग्राउंड जीरो**

इधर, सूरज की किरणों ने दस्तक दी, उधर ब्लैकआउट खत्म हुआ। तभी घर से न निकलने की ताकीद करती पुलिस की गाड़ियां गुजरने लगी थीं। घंटे दो घंटे के इंतजार के बाद बाहर निकलने की छटपटाहट लोगों में नजर आई और कुछ देर से ही सही, रात भर धमाकों के डर को मानो ठेंगा दिखाता जम्मू फिर से जीवंत होने की कोशिश में जुट गया। इस बीच रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर बाहर जाने वाले लोगों की संख्या जरूर बढ़ी, पर स्टेशन पर दुकान लगाने वाले विजय मनहास कहते हैं कि यह शहर हार नहीं मानता है, डर यहां अस्थायी है। पाकिस्तान की ओर से बृहस्पतिवार की रात हुए धमाकों का टारगेट जम्मू का वो इलाका रहा, जो भारतीय सेना का एक अति महत्वपूर्ण पॉइंट है। हमने सुबह उन्हीं इलाकों की ओर रुख किया। लोग दफ्तर निकलने के लिए मेटाडोर का इंतजार करते, रोजमर्रा की खरीदारी करते नजर आए। एक पल तो लगा कि मानो कुछ हुआ ही नहीं है। मुख्य बाजार में रहने वाले हरबंश चौधरी कहते हैं, शहर में बंकर जैसी सुविधाएं नहीं। पर, हम अपने घरों में रहेंगे और हमारा हौसला ही हमें जिंदा रखेगा।

### तनाव है, पर डर नहीं...

सतवारी-गांधीनगर होकर हम पुराने शहर की ओर रुख करते हैं। रघुनाथ बाजार भी रोज की तरह खुल चुका है। रेजीडेंसी रोड से होते हुए हम पीरखो, पीर मिट्ठा तक पहुंचते हैं। वहीं, मौजूद नरोत्तम शर्मा कहते हैं कि टेंशन तो है, पर डरने की कोई बात नहीं, सतर्कता की जरूरत है। जैन बाजार में मिले सराफा कारोबारी आशुतोष कपूर कहते हैं कि आप खुद देख लीजिए बाजार खुले हैं, लोग काम पर आना चाहते हैं, इसलिए आए हैं। डर कर हम दुश्मनों को जीतने नहीं दे सकते। हमने तय किया है कि अंधेरा होने से पहले बाजार बंद कर देंगे कुछ दिन तक, ताकि अफरातफरी न रहे।

## सीमावर्ती लोगों में धमाकों का डर नहीं...पर सतर्क

**कुलवीर सिंह , छंब ज्यौड़ियां से**

भारत-पाकिस्तान में तनातनी के बीच सीमावर्ती गांवों के लोग सतर्क हैं। लोग बृहस्पतिवार शाम को घरों को ताला लगा सुरक्षित ठौर पर पहुंच गए। सुबह घर लौटे पलांवाला के नवीन सिंह और निधि चौधरी ने बताया कि वे रिश्तेदार के घर चले गए थे। घर में मवेशी भी हैं, उनको भी चारा-पानी डालना है। शाम ढलने से पहले फिर सुरक्षित स्थान पर निकल जाएंगे। सीमावर्ती सभी गांवों के लोगों को सुरक्षित रखने के लिए खौड़ प्रशासन की तरफ से 18 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर शाम को लोग पहुंच जाते हैं। बीती रात पाकिस्तानी हमले के बाद भी खौड़ और ज्यौड़ियां के बाजार खुले देखे गए। यह बात अलग है कि रौनक नहीं थी। खौड़ बाजार के दुकानदार बिल्लू शाह और दीपक सिंह बताते हैं कि सुरक्षा जरूरी है। इसलिए सभी अपने परिवारों को सुरक्षित ठिकानों पर भेज रहे हैं।

- **सुरक्षाबल चौकस...गश्त बढ़ी :** सुरक्षाबलों को उच्च सतर्कता पर रखा गया है। सीमावर्ती इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए मांग की है कि जब तक सीमा क्षेत्र में पूर्ण शांति स्थापित नहीं हो जाती, तब तक इन सुरक्षा उपायों को जारी रखा जाए।

## युवाओं में जज्बा, नहीं छोड़ेंगे गांव, फौजियों का देंगे साथ

**जितेंद्र सिंह, परगवाल से**

परगवाल सेक्टर के साथ लगने वाली अंतरराष्ट्रीय सीमा हालांकि खामोश है, लेकिन लोगों के दिलों में दहशत बरकरार है। वैसे तो प्रशासन ने ज्यादातर ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया है, उसके बावजूद बहुत सारे ग्रामीण, खासकर युवा अब भी गांवों में ही डटे हुए हैं और वे हरगिज अपना घर छोड़कर नहीं जाना चाहते। सरहद का आखिरी गांव हमीरपुर कोना, जिसके दो तरफ पाकिस्तान की सीमा और एक तरफ दरिया चिनाब है, वहां खड़े कुछ युवाओं ने बताया कि वे अपना गांव छोड़कर नहीं जाएंगे, बल्कि सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ डटकर पाकिस्तान को मजा चखाना चाहते हैं। एक पूर्व सैनिक, काली मन्हास ने बताया कि प्रशासन के अधिकारियों ने उनको कई बार गांव छोड़कर सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए कहा है, लेकिन वे ऐसा करके अपने जवानों का मनोबल नहीं गिराना चाहते। वे भी एक फौजी हैं और इस बार मौका है पाकिस्तान को सबक सिखा देना चाहिए। पूर्व सैनिक बलवीर सिंह का कहना था कि पाकिस्तान की तरफ से बार-बार फायरिंग की अब आदत सी हो गई है। उन्होंने कहा कि जंग के हालात होने के बावजूद वे अपने घर पर डटे हुए हैं और वे अपना घर छोड़कर कहीं भी नहीं जाना चाहते। उनका कहना था कि हमें अपनी सेना पर पूरा भरोसा है, वे पाकिस्तान को मजा चखाकर ही रहेंगे।

## महीनों बंकरों में रह लेंगे, पर पाकिस्तान को सबक सिखा दो

**राजीव सिंह लंगेह, अरनिया से**

जम्मू के अरनिया सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से हुए ड्रोन और मिसाइल हमलों के बीच भारतीय सेना की मुस्तैदी से हमले नाकाम कर दिए गए हैं। इन हालातों के बावजूद सीमावर्ती ग्रामीणों के हौसले बुलंद हैं। हर गांव से एक ही आवाज उठ रही है, इस बार पाकिस्तान को सबक सिखा दो, हम महीनों बंकरों में रह लेंगे। गांव पिंडी कुदवाल के राजवंत सिंह ने कहा कि पाकिस्तान की नापाक हरकतों को अब और बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। काकू दे कोठें के विक्की चौधरी ने बताया कि अधिकांश ग्रामीण सुरक्षित स्थानों पर पहुंच चुके हैं, लेकिन हर घर में एक सदस्य मौजूद है, जो डटे हुए हैं।

डीसी जम्मू सचिन कुमार वैश्य और एसएसपी जोगिंदर सिंह ने तरेवा गांव का दौरा कर बंकरों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। पूर्व सरपंच बलबीर कौर के साथ बैठक कर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की गई। चंगिया गांव के रघुवीर सिंह ने बताया कि रात को आसमान में तेज रोशनी दिखाई दी, जो बाद में ड्रोन और मिसाइल हमले निकले। भारतीय सुरक्षा बलों ने पूरे सेक्टर को सुरक्षित बनाए रखा है, जिससे लोगों का आत्मविश्वास और जज्बा बना हुआ है। संवाद

### बच्चों के लिए लगाया ट्यूशन

ग्रामीण बच्चों की शिक्षा के लिए अभिभावक मोहल्लों में ट्यूशन की व्यवस्था कर रहे हैं। 10 से 15 बच्चों का समूह बनाकर शिक्षक को घर बुलाया जा रहा है। गृहिणी अनीता देवी ने कहा, हम हर तकलीफ सहने को तैयार हैं, लेकिन अब पाकिस्तान को जवाब जरूरी है।

## रामगढ़ शांत रहा...


सीमावर्ती इलाके के बाजार में पसरा सन्नाटा।

**राजन चौधरी, रामगढ़ से**

पिछले दो दिनों से प्रशासन सीमा पर रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेज रहा है। रामगढ़ क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि जम्मू में फायरिंग हुई, लेकिन हमारे रामगढ़ क्षेत्र में नहीं। पहले जब भी ऐसा माहौल बनता था, तो हमारे क्षेत्र में पहले गोलाबारी शुरू होती थी। प्रेमपाल चौधरी ने कहा कि गांव में फायरिंग बिल्कुल नहीं हुई है, हालांकि पूरी रात सीमा से फायरिंग की आवाज सुनाई देती रही। परिवार को रिश्तेदारों के यहां भेज दिया है। मैं अकेला घर में हूं। गोलीबारी शुरू होने पर डर रहा था, लेकिन मजबूरी मवेशियों की थी। सीमा पर बसे हर गांव में एक-एक आदमी मवेशियों की देखभाल के लिए घरों में रह गया है। सीमा से सटे सभी गांवों को प्रशासन शाम होते ही खाली करवा दे रहा है। ग्रामीणों को बसों से सुरक्षित शिविरों में भेजा जा रहा है। संवाद

### पाकिस्तान से नहीं सुनी जुमे का अजान

- सीमा से सटे पाकिस्तान के गांवों में शुक्रवार को पहले मस्जिदों में अजान सुनाई देती थी, लेकिन इस बार जुमे पर सुबह से ही कोई आवाज सुनाई नहीं दी और न ही खेतों में कोई पाकिस्तानी किसान दिखा। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर जाकर उस पार कैमरे से गांव की हरकत देखी तो गांव के गांव सुनसान थे। सड़कों पर कोई गाड़ी नहीं थी, ऐसा लग रहा था कि पाकिस्तान के लोग दिन में भी घरों में वापस नहीं आ रहे हैं।


अखनूर

## अनिश्चितता को लेकर माथे पर शिकन, राशन जुटाते दिखे लोग

**अतुल सूदन , अखनूर से**

अखनूर में शुक्रवार को जनजीवन सामान्य जरूर दिखा, लेकिन अनिश्चितता को लेकर माथे पर शिकन जरूर नजर आई। बाजार खुले रहे। लोग महीने भर का राशन जमा करते नजर आए। माहौल को लेकर सवाल पर राकेश कुमार कहते हैं कि हालात बिगड़ सकते हैं, इसलिए तैयारी जरूरी है। शिव शर्मा कहते हैं, पहले गोलाबारी के समय खोड़ से अपने रिश्तेदारों को अखनूर बुला लिया करता था, पर अब ऐसा नहीं कर पा रहा हूं। कहते हैं, पहले अखनूर सुरक्षित था, अब यहां भी खतरा है। हथियार अब बेहद आधुनिक हो गए हैं, दूर तक उनकी रेंज है। बहरहाल, मां वैष्णो देवी सहारा है। गढ़खाल में इक्का-दुक्का बुजुर्ग या युवा नजर आए। कई ने बताया कि जरूरी काम निपटाकर, शाम को सुरक्षित स्थानों की ओर लौट जाएंगे। प्रशासन सतर्क है और सुरक्षाबलों की गश्त बढ़ा दी गई है। संवाद

## 12 घंटे भारी गोलाबारी, कई घरों को नुकसान, ग्रामीण अब भी डटे

**अमृतपाल सिंह बाली, उड़ी सेक्टर से**

बारामुला के उड़ी सेक्टर में पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को 15 गावों में भारी गोलाबारी की। 12 घंटे चली इस गोलाबारी में भले ही कोई जान का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन घरों को भारी क्षति पहुंची। मोहरा, सलामबाद और गिंगल समेत कई गांवों में रातभर दहशत का माहौल रहा। मोहरा के गुलाम मोहम्मद भट ने बताया कि पहली बार इतने अंदर तक गोलाबारी हुई है। उनका घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, चरणजीत सिंह ने बताया कि गांव में लगातार गोलों की बारिश होती रही। गांव के 4-5 मकान पूरी तरह टूट चुके हैं।


बेखबर मासूम : परिवार के साथ सुरक्षित स्थान पर जाता बच्चा। संवाद

## आधे से ज्यादा लोग सुरक्षित ठिकानों पर, बाकी की रातें बंकरों में कट रहीं

**अजीम यूसुफ, कुपवाड़ा के तंगधार से**

सामरिक क्षेत्रों में हमले विफल हो रहे हैं तो पाकिस्तानी सेना नागरिक इलाकों को निशाना बना रही है। लगातार तीसरे दिन बृहस्पतिवार रात भी तंगधार के त्रिबुनि, शमसपोरा, बागबेला, दिलदार, भटपोरा, नवगाबरा आदि गांवों में पाकिस्तानी सेना ने भारी गोलाबारी की। इससे मकानों, दुकानों, संपत्तियों और वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा है। हमले के कारण आधे से अधिक लोग पहले ही घर खाली कर चले गए हैं। बाकी बचे लोगों की रात बंकरों में कट रही है।

*आदिल भट ने बताया, पहलगाम हमले के बाद से ही छुटपुट गोलीबारी चल रही थी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद मंगलवार रात से भारी गोलाबारी हर रात की जा रही है। बंकर में रह रहीं शबनम ने बताया कि बड़ी मेहनत से अपने सपनों का घर बनाया था। पाकिस्तानी सेना कायरों की तरह लोगों पर हमले कर रही है। हमले से चंद मिनटों में ही उनका आशियाना बर्बाद हो गया।*

## 15 गांवों को बनाया निशाना

**सुभाष चंद्र, आरएस पुरा से**

यहां ग्रामीणों ने राहत शिविरों व सुरक्षित ठिकानों में शरण ले रखी है। सीमांत गांव अब्दुल्लिया, चंदू चक लाइयां, सुचेतगढ़ के ग्रामीण शुक्रवार को अपने-अपने घर पहुंचे और पशुओं के लिए चारे का प्रबंध किया और शाम को फिर शिविर में लौट गए। ग्रामीण रतन लाल ने बताया कि बीती रात क्षेत्र में धमाकों की बड़ी आवाज आई। सरदारी लाल ने बताया कि परिवार को तो रिश्तेदारों के यहां भेज दिया है, मगर मवेशी घर पर ही हैं। उन्हें साथ रख पाना मुश्किल बना हुआ है। फिर भी हम मुश्किल झेल लेंगे, मगर पाकिस्तान को अच्छे से सबक सिखाना जरूरी है।



पाकिस्तान की ओर से किए गए हमले में जम्मू-कश्मीर के बारामुला में कई मकान ध्वस्त हो गए।

## गोले दगते रहे...हनुमान चालीसा का पाठ करते रहे...ऐसे बीती रात

**रवि वर्मा, राजौरी से**

राजौरी में ठंडीकस्सी, मनकोट, पलूलिया, गंभीर ब्रह्मण, इरा दा खेत्र के रिहायशी इलाकों में पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार रात भारी गोलाबारी की। गोलाबारी से मकानों का काफी क्षति पहुंची है। भारतीय सेना ने भी पाकिस्तानी गोलाबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया। दोनों और से रुक-रुक कर भारी गोलाबारी का सिलसिला सुबह करीब साढ़े छह बजे तक जारी रहा। मनकोट निवासी संजय कुमार बताते हैं कि रात करीब 1:30 बजे उनके घर पर पाकिस्तानी गोले गिरने शुरू हुए जिससे उनके घर को काफी क्षति पहुंची है। आसपास के गांवो में कुछ लोगो की दुकानों के शटर टूटे और कुछ घरों की खिड़कियां आदि टूटी हैं। ग्रामीण कहते हैं गोलाबारी से दहशत तो है, पर सरकार पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाए कि वह फिर दुस्साहस न कर सके। ग्रामीण बताते हैं कि रात में लोग जाप करते रहे। हनुमान चालीसा का पाठ होता रहा। रात ऐसे ही कटी। संवाद

## सूरज की किरण बंकर पर पड़े तो सबकुछ मंगल हो

**अरुण खजूरिया, हीरानगर से**

सूरज की पहली किरण बंकर पर पड़े तो सब कुछ मंगल हो... यह शब्द सीमावर्ती लोगों के जज्बे को दर्शाते हैं, जिन्होंने बृहस्पतिवार रात पाकिस्तान की गोलाबारी के बीच बंकरों में बैठकर गुजारी। दशकों से ये लोग पाकिस्तान की गोलाबारी का दंश झेल झेलते आए हैं।

सीमावर्ती गांवों के लोग ब्लैकआउट के चलते भीषण गर्मी व हवा की सुविधा न होने के बावजूद बंकरों में डटे रहे, लेकिन प्रशासन की ओर से बनाए गए विस्थापित शिविरों में नहीं गए। करीब 50 से 60 लोगों ने ही इन शिविरों में रात गुजारी और सुबह फिर गांव लौट गए। बंकरों में रात गुजरने वाले लोगों ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि रात बेहद डरावनी थी, लेकिन परिवार के सदस्य आपस में एक दूसरे का हौसला बढ़ाते रहे और यही दुआ करते रहे कि सुबह सूरज की पहली किरण जब उनके बंकर के भीतर पड़े तो सब कुशल मंगल हो। इसी हौसले के साथ लगातार सीमावर्ती लोग अपने गांवों में डटे हुए हैं और उनका कहना है कि जब तक सांस है, वह अपने गांव में ही रहेंगे। गांव और घर छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे। संवाद


कई प्रवासी परिवार घरों को लौटे

# तीसरे दिन भी पुंछ में गोलाबारी, एक की मौत, पांच लोग जखमी

## रात साढ़े आठ बजे ब्लैकआउट होने के बाद बौखलाए पाकिस्तान ने रिहायशी इलाकों में बरसाए गोले

**मुनीश शर्मा, पुंछ से**

ऑपरेशन सिंदूर की गूंज से बौखलाया पाकिस्तान अब बेकसूरों पर वार कर रहा है। बृहस्पतिवार रात साढ़े आठ बजे जब पुंछ ब्लैक आउट के कारण अंधेरे में डूबा, तभी पाकिस्तान ने एक बार फिर अपनी कायरता दिखाई। रिहायशी इलाकों को निशाना बनाकर दर्जनों गोले बरसाए। सुबह आठ बजे तक धमाकों की आवाज गूंजती रही। इस गोलाबारी एक जिंदगी हमेशा के लिए खामोश हो गई।


गोलाबारी में परिजन को खोने के बाद भावुक महिला।

**बिजली, पानी, संचार सेवा ठप :** गोलाबारी के साथ-साथ बिजली, पानी और संचार सेवाएं भी ठप हैं। 33 केवी लाइन क्षतिग्रस्त है, बिजली विभाग दिन में उसे दुरुस्त करता है, लेकिन रात को गोलीबारी में फिर क्षतिग्रस्त हो जाती है।

- मोहल्ला कांमसर में एक के बाद एक छह गोलों ने तबाही मचाई। चार घर खंडहर में बदल गए। पाकिस्तान यहां तीन दिनों से भारी गोलाबारी कर रहा है। युद्ध जैसे हालात हैं। हर शाम गोलियों की आवाज गूंजने लगती है। लोग कहते हैं, सुबह कुछ सामान्य लगती है, लेकिन शाम होते ही डर लौट आता है। ऐसे में पाकिस्तान का नामोनिशान मिटाना अब जरूरी हो गया है।

35 वर्षीय मोहम्मद अबरार पुत्र मोहम्मद शरीफ मलिक निवासी लोअल बेला मंडी घर में ही मौजूद थे। तभी एक पाकिस्तानी गोले का शिकार बन गए। पाकिस्तान की इस दुस्साहस ने अबरार के परिजनों को जिंदगी भर का गहरा दुख दे दिया है। वहीं, मोहम्मद अशरफ पुत्र वजीर मोहम्मद निवासी बेला मंडी, सात साल के सुरन शर्मा पुत्र अजय शर्मा, लियाकत हुसैन पुत्र गुलाम दीन निवासी गांव मंधा और सुजल सिंह (16) पुत्र बलविंद्र सिंह और एक अन्य घायल हुए हैं। संवाद

## नौशेरा में सुबह तक बरसे गोले

**विनोद शर्मा, नौशेरा से**

नौशेरा के बॉर्डर इलाकों में पाकिस्तान की ओर से बृहस्पतिवार रात नौ बजे शेर, मकडी, नंब, कडाली, सरया, खंबा (झांगड) कलसिया, भवानी, रजवा (लाम) लडोका, पुखरनी आदि इलाकों में बमबारी की गई, जो शुक्रवार सुबह तक जारी रही। नौशेरा समेत सभी ग्रामीण क्षेत्रों में देर शाम को ब्लैक आउट कर दिया गया। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने बंकरों में और अन्य सुरक्षित जगहों पर शरण ली। धमाकों की आवाज के साथ-साथ आसमान में लाल रंग की मिसाइल जाती देखी गई। पाकिस्तानी गोलाबारी को देखते हुए प्रशासन ने सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों को शरणार्थी शिविरों में सुरक्षित पहुंचाया। अशोक कुमार और मिंटू शर्मा ने बताया कि भारतीय सेना की ओर से पहले से ही ग्रामीणों को अपील की गई थी कि वे सुरक्षित जगह पर पहुंच जाएं। रात भर सभी ग्रामीण बंकरों में रहे। वहीं, पाकिस्तान की ओर से की गई गोलीबारी का भारतीय सेना के जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। संवाद

## रात उनींदे कटी...सुबह प्रवासी मजदूर घरों की ओर लौटने लगे

**प्रीत चौधरी, सांबा से**

धमाकों के बीच सांबा में लोगों की रात उनींदे ही कटी। खामोशी की चादर में लिपटा रहा पूरा इलाका सुबह चल पड़ा। रोजी-रोटी की तलाश में आए प्रवासी श्रमिकों में अलबत्ता डर और अनिश्चितता का भाव दिखा। कारखानों में काम करने वाले प्रवासी श्रमिक सुबह ही अपने प्रदेशों की ओर लौटते दिखे। ये श्रमिक पंजाब की ओर जाने वाली यात्री बसों में बैठने के लिए मुख्य चौक पर इकट्ठा हुए। मुख्य चौक पर मिले कानपुर के सतीश कुमार, कन्नौज के प्रदीप कुमार, पंकज, और हरदोई के कृष्ण कुमार ने बताया कि वे काफी समय से सांबा में निजी कारखाने में काम कर रहे हैं। यहां उनका परिवार भी साथ है। वे कहते हैं, ऐसी गोलाबारी हमने पहले कभी नहीं देखी थी। धमाकों की आवाज से रात बड़ी मुश्किल से गुजरी। अभी माहौल खराब है, ऐसे में अपने गांव जा रहे हैं। सुरक्षित स्थानों पर रुके लोग सांबा के रहने वाले लोग अपने परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर ले गए हैं। स्थानीय निवासी कमल भट्टी बताते हैं कि हम अपने परिवार को पहाड़ी क्षेत्र में छोड़ने जा रहे हैं। सीमावर्ती क्षेत्र मावा की पूर्व सरपंच अनीता देवी ने बताया कि उन्होंने अपने परिवार पहले ही भेज दिए थे और अब सोच रही हूं कि जिनके पास बंकर है, वहीं रहें अन्य सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। संवाद

## हाल-ए-पाकिस्तान : लीडर अगर गीदड़ हो तो शेर भी जंग हार जाते हैं...अपने ही मुल्क में घिरे शहबाज

### पीटीआई सांसद शाहिद ने अपने पीएम को बताया बुजदिल, कहा-मोदी का नाम तक न ले सके

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अब अपने ही मुल्क में घिरते नजर आ रहे हैं। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सांसद शाहिद अहमद का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने शहबाज को बुजदिल और गीदड़ करार दिया।

शाहिद ने संसद में कहा, मुझे देश के कायद (नेता) के लिए टीपू सुल्तान की बात याद आ रही है। अगर एक लश्कर का सरदार शेर हो और उसके फौजी गीदड़ हों, तो वो भी जंग शेरों की तरह लड़ते हैं और जीत जाते हैं। अगर लश्कर के फौजी शेर हों और लीडर गीदड़ हो तो शेर भी जंग हार जाते हैं। एजेंसी


शाहिद अहमद

**शाहिद इतने पर ही नहीं थमे।** उन्होंने शहबाज को बुजदिल बताते हुए कहा कि इस वक्त सीमा पर खड़ा फौजी हमारी तरफ उम्मीद से देख रहा है। देश का प्रधानमंत्री आईना होता है। वो उसकी तरफ देख रहा है कि हमारा नेता दिलेरी से मुकाबला करेगा। उन्होंने कहा, जब पीएम बुजदिल हो...मोदी का नाम तक न ले सके, वो सीमा पर खड़े फौजी को क्या पैगाम देगा?

## रक्षा मंत्री ख्वाजा का एक और बहाना...सैन्य ठिकानों की भनक न लगे, इसलिए भारतीय ड्रोन को नहीं रोका

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का एक और बेतुका बहाना सोशल मीडिया पर सुर्खियों में है, जिसमें वह भारत की जवाबी कार्रवाई का मुकाबला करने में सेना की नाकामी छिपाते नजर आ रहे हैं। दरअसल, इस वीडियो में ख्वाजा पाकिस्तानी संसद को यह बताते नजर आ रहे हैं कि पाकिस्तानी सेना ने भारतीय ड्रोन नहीं रोके, क्योंकि दुश्मन को रणनीतिक सैन्य ठिकानों की भनक नहीं लगने देना चाहती थी।


ख्वाजा आसिफ

इस वायरल वीडियो में आसिफ ने कहा, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में महत्वपूर्ण स्थानों का पता लगाने के लिए ड्रोन हमला किया। जो ड्रोन हमला हुआ वह मूल रूप से हमारे ठिकानों का पता लगाने के लिए किया था। यह तकनीकी मामला है, जिस पर विस्तार से नहीं बता सकता। उन्होंने कहा, उन्हें रोका इसीलिए नहीं कि हमारे ठिकानों की जानकारी लीक न हो। इससे पहले, आसिफ उस समय विवादों में घिर गए थे जब वह इसका ठोस सबूत देने में नाकाम रहे कि ऑपरेशन सिंदूर में पांच भारतीय जेट विमानों को मार गिराया है। एजेंसी

## हमलों पर पल-पल बदले दावे

**भारतीय** सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की नापाक कोशिशें नाकाम होने के बाद पाकिस्तान बार-बार अपना सुर बदल रहा है। पाकिस्तानी सेना ने जहां भारतीय ड्रोन को मार गिराए जाने का दावा किया, तो रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि भारतीय ड्रोन हमारी सीमा में काफी अंदर तक घुस आए।

ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद से पाकिस्तान ने कई बार बयान बदला है। सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा, पाकिस्तान ने भारत के सभी ड्रोन मार गिराए। इसके बाद, रक्षा मंत्री आसिफ ने दावा किया, भारत ने पाकिस्तान में घुसने के लिए स्टील्थ तकनीक वाले ड्रोन का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा, ये ड्रोन 35,000 फीट की ऊंचाई से आए थे। अब आसिफ ने पाकिस्तानी संसद में कहा कि भारत का ड्रोन हमला हमारे ठिकानों का पता लगाने के लिए किया गया था। हमने ड्रोन को इंटरसेप्ट नहीं किया।

### सामरिक मोर्चे पर अहम कामयाबी...सतह से हवा में मार करने वाली प्रणाली ने पश्चिमी सीमा और एलओसी पर संभाला मोर्चा

# कवच बनी स्वदेशी आकाश मिसाइल प्रणाली, हर हमले को कर रही नाकाम

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सतह से हवा में मार करने वाली स्वदेशी आकाश मिसाइल रक्षा प्रणाली ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तानी ड्रोन हमलों को नाकाम किया। 8 व 9 मई की मध्यरात्रि में भारतीय सेना ने पश्चिमी सीमा और जम्मू-कश्मीर में एलओसी पर पाकिस्तान के कई ड्रोन को धराशाई किया। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि भारतीय सेना और वायुसेना दोनों ने ही पाकिस्तान सीमा पर मिसाइल प्रणालियां तैनात की है। इनमें अत्याधुनिक विशेषताएं है।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) में विकसित आकाश मिसाइल प्रणाली विमान, यूएवी और क्रूज मिसाइलों समेत विभिन्न हवाई खतरों के खिलाफ कवच बनकर क्षेत्रीय वायु रक्षा प्रदान करती है। यह कमांड गाइडेंस और चरणबद्ध सरणी रडार से लैस है जो सटीक निगरानी और हमलों को विफल करता है। सिस्टम की क्रॉस-कंट्री मोबिलिटी, रियल-टाइम मल्टी-सेंसर डाटा प्रोसेसिंग और ग्रुप और ऑटोनॉमस दोनों मोड में काम करने की क्षमता इसे बहुआयामी युद्धक परिदृश्यों के लिए अत्यधिक अनुकूल बनाती है। खतरे को भांपकर एक साथ कई लक्ष्यों को भेदने की क्षमता इस प्रणाली में है, जो कई दिशाओं से आने वाले खतरों को बेअसर करती है।

कई मिसाइलों के साथ कई लक्ष्यों पर रहता है निशाना




**18,000** मीटर की ऊंचाई, 45 किमी दूरी तक निशाना

आकाश बैटरी मिसाइल प्रणाली 18,000 मीटर की ऊंचाई पर 45 किलोमीटर दूर तक के विमानों को निशाना बना सकती है। इसमें लड़ाकू जेट, क्रूज मिसाइल और हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों के साथ-साथ बैलिस्टिक मिसाइलों जैसे हवाई लक्ष्यों को बेअसर करने की क्षमता है।

**2,500** किमी प्रति घंटा की है आकाश की रफ्तार कहीं भी जा सकता है

आकाश की सबसे बड़ी खासियत यह भी है कि इसे कहीं भी ले जाया जा सकता है। इसे एलओसी या अन्य सीमा पर ट्रक या टैंक जैसे वाहनों के जरिए लेकर जाया जा सकता है। इसका एडवांस वर्जन आकाश-एनजी 70 से 80 किमी तक मार कर सकता है। इसकी रफ्तार लगभग 2,500 किमी/घंटा है।

- यह 150 किमी दूर तक 64 लक्ष्यों को देख सकती है। यह एक साथ 12 मिसाइलों को दाग सकता है।
- मिसाइल में स्मार्ट गाइडेंस सिस्टम है, जिससे आखिरी पल में भी लक्ष्य को लॉक करने में मदद मिलती है।

### ये खूबियां बनीं बड़ी ताकत

- व्यापक मारक क्षमता
- हाई लेवल ऑटोमेशन
- मल्टी फंक्शन रडार से 80 किलोमीटर कवरेज और सेंट्रल एक्विजिशन रडार से 120 किलोमीटर कवरेज
- मल्टी फंक्शन रडार के जरिये ट्रैक-व्हाइल-स्कैन (टीडब्ल्यूएस) मोड में कई लक्ष्यों की ट्रैकिंग
- सेंट्रल एक्विजिशन रडार से रेंज, एजिमुथ और ऊंचाई का 3डी माप लेने में सक्षम
- गंभीर इलेक्ट्रॉनिक काउंटरमेजर (ईसीएम) वातावरण में उच्च जैमिंग प्रतिरक्षा
- उच्च मिसाइल गतिशीलता
- मिसाइल के लिए स्वचालित चेकआउट, लॉन्च और निरस्त करने की सुविधा
- ओपन सिस्टम आर्किटेक्चर अन्य डिजिटल नेटवर्क के लिए व्यापक परिचालन नेटवर्क कनेक्टिविटी को सक्षम बनाता है
- पॉइंट-टू-मल्टीपॉइंट संचार क्षमता, कॉम्पैक्ट तकनीकी सहायता उपकरण और एक एकीकृत रसद प्रणाली प्रदान की जाती है

## 10 साल...खास फैसलों ने वायु रक्षा कवच को दी रणनीतिक मजबूती

### पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने स्वदेशी को दिया बढ़ावा...सशक्त हुई आक्रमण क्षमता

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते एक दशक में रणनीतिक रूप से भारत की वायु रक्षा व आक्रमण क्षमता को मजबूती दी है। मोदी सरकार ने 2014 से अब तक बीते एक दशक में रणनीतिक रूप से न सिर्फ आधुनिक वायु रक्षा प्रणालियों का अधिग्रहण किया, बल्कि स्वदेशी तकनीकियों को भी बढ़ावा दिया। यह समग्र दृष्टिकोण भारत को एक ऐसी मजबूत स्थिति में लाकर खड़ा करता है, जहां वह अपनी सुरक्षा को सुनिश्चित करने के साथ-साथ दुनिया के सामने एक शक्तिशाली देश के रूप में उभरता है।

सरकार के बड़े फैसलों से देश का वायु रक्षा तंत्र उल्लेखनीय रूप से सशक्त हुआ है। भारत आज एक ऐसा तकनीकी रूप से सक्षम हवाई क्षेत्र रक्षा तंत्र चला रहा है, जो न सिर्फ समय से पहले खतरे का पता लगाने में सक्षम है, बल्कि उन्हें जाम करने और नष्ट करने का भी सामर्थ्य रखता है। ऑपरेशन सिंदूर ने यह साबित कर दिया कि भारत अब सिर्फ अपनी हवाई सीमाओं की रक्षा नहीं करता, बल्कि उन्हें नियंत्रित भी करता है। भारत का यह कदम न केवल उसकी सैन्य शक्ति को बढ़ाता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी प्रतिष्ठा को भी मजबूती प्रदान करता है।



### नई पीढ़ी के युद्ध साधन से गूंजी भारत की ललकार

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने एक नई तकनीकी पहल भी की, इसमें भारत निर्मित 'लूटरिंग म्यूनिशन्स' (आत्मघाती ड्रोन) का इस्तेमाल किया गया। इन ड्रोन ने पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणालियों को चौंका दिया और इनसे सटीक हमले किए गए। इसके अलावा, इस्राइल के हारोप ड्रोन के जरिये पाकिस्तान के कराची और लाहौर में वायु रक्षा सिस्टम को नष्ट किया गया। ये सरकार की आत्मनिर्भर भारत मुहिम का नतीजा है कि हारोप ड्रोन अब भारत में बनाए जा रहे हैं।

### राफेल, स्कॉल्प व हैमर ने मनवाया लोहा

वायुसेना के राफेल लड़ाकू विमानों ने इस ऑपरेशन में अहम भूमिका निभाई। इनमें लैस स्कॉल्प और हैमर मिसाइलों ने दुश्मन की नींद उड़ा दी और सांसें थाम दीं। राफेल की मदद से भारत ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम्स को ध्वस्त कर दिया और उसकी ताकत को पूरी दुनिया के सामने उजागर किया।

### एक के बाद एक तैयार हुआ हवाई कवच

रक्षा के क्षेत्र की यह तत्परता रातोंरात नहीं आई है। 2014 से मोदी सरकार ने भारत के वायु रक्षा तंत्र को सशक्त करने के लिए क्रमबद्ध तरीके से कई महत्वपूर्ण उपाय किए। इनमें 2018 में 35,000 करोड़ रुपये के सौदे के तहत पांच एस-400 ट्रायम्फ स्क्वाड्रन की खरीद शामिल है। मोदी सरकार ने 2017 में इस्राइल से 2.5 अरब डॉलर में बाराक-8 मीडियम-रेंज सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल खरीदी। यह अभी भठिंडा जैसे अग्रिम सैन्य ठिकानों की रक्षा कर रही हैं।

- वहीं स्वदेशी रूप से डीआरडीओ में विकसित काउंटर-ड्रोन सिस्टम्स आकाश ड्रोन और यूएवी को जाम और निष्क्रिय करने में सक्षम हैं। मोदी सरकार की रणनीति का नतीजा है कि भारत में एकीकृत मानवरहित हवाई प्रणाली (यूएएस) ग्रिड, एस-400 ट्रायम्फ प्रणाली, बराक-8 मिसाइलें, आकाश सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें और डीआरडीओ की ड्रोन रोधी प्रौद्योगिकियां एक साथ मिलकर एक ऐसा हवाई कवच तैयार करती हैं जो मजबूती से टिका रहता है।

## आतंकी रऊफ की मौत पर शोक क्यों आपके बच्चे क्या इसका सम्मान करें

### जिस पत्रकार डेनियल को अलकायदा आतंकी ने गला रेतकर मारा था, उसके पिता ने जनाजे की तस्वीर पोस्ट कर पूछे तीखे सवाल

**नई दिल्ली।** वॉल स्ट्रीट जर्नल के जिस पत्रकार डेनियल पर्ल की अलकायदा आतंकी उमर सईद शेख ने अपहरण कर सिर कलम कर दिया था, उसके पिता डॉ. जूडिया पर्ल ने पाकिस्तान से बेहद तीखे सवाल किए हैं। पर्ल ने सोशल मीडिया पर भारत के ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर अब्दुल रऊफ अजहर के जनाजे पर पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों की दुआ करती तस्वीर पोस्ट कर पूछा है कि काश, ये माननीय हमें बता पाते कि आप वास्तव में किस बात का शोक मना रहे हैं? आप चाहते हैं कि आपके बच्चे किस आदर्श का सम्मान करें? आपने इस आदमी से क्या सीखा है? पर्ल के बेटे की 2002 में हुई हत्या में आतंकी रऊफ की अहम भूमिका थी। एजेंसी


ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए रऊफ के जनाजे में शामिल पाकिस्तानी सेना के अफसर। डेनियल के पिता ने यही तस्वीर साझा की।

मैं आप सभी का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं, जिन्होंने मुझसे संपर्क किया कि भारत के सैन्य बलों ने अब्दुल रऊफ अजहर को मार डाला है। रऊफ को मेरे बेटे डेनियल के अपहरण और हत्या के लिए जिम्मेदार बताया गया है। मैं साफ करना चाहता हूं, अजहर पाकिस्तानी आतंकी और आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का कमांडर था। उसका गुट डेनियल के अपहरण और हत्या की साजिश में अप्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार था। मुझे उम्मीद है कि यह घटना डैनी की हत्या में सीधे तौर पर शामिल दो अन्य अपराधियों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगी, जो अब तक न्याय से बच हुए हैं, खालिद शेख मोहम्मद और उमर शेख। - **जूडिया पर्ल, डेनियल के पिता**


डेनियल पर्ल

## पहली बार किसी संघर्ष में चीन में बनी पीएल-15 मिसाइल का इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने भारत पर हमले के लिए चीन की लंबी दूरी की पीएल-15 मिसाइल का इस्तेमाल करने की बात स्वीकार की है। पाकिस्तानी वायुसेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने बुधवार को भारत की ओर से पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी शिविरों को नष्ट करने के बाद चीनी पीएल-15 मिसाइल का इस्तेमाल किया था। यह स्वीकारोक्ति किसी भी देश की ओर से पीएल-15 मिसाइल के किसी संघर्ष में पहली बार इस्तेमाल किए जाने की पुष्टि करता है। चीनी मिसाइल का इससे पहले किसी संघर्ष में इस्तेमाल नहीं हुआ है। पीएल-15 एक रडार निर्देशित, लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल है। इसकी अनुमानित मारक क्षमता 200 किलोमीटर से अधिक है और इसे दुश्मन के विमानों के लिए बड़ा खतरा माना जाता है।

**पाकिस्तान ने खुद स्वीकारा**

पाकिस्तान की स्वीकारोक्ति इस अटकल को भी पुख्ता करती है कि बृहस्पतिवार को हमले की कोशिश के बाद पंजाब के होशियारपुर और बठिंडा जिलों में बरामद मिसाइल का मलबा संभवतः पीएल-15 का ही था। भारत की मजबूत वायु रक्षा प्रणालियों ने मिसाइल को हवा में ही रोक दिया था।

पीएल-15 को अपनी दृश्य-सीमा से परे की क्षमताओं के लिए जाना जाता है और इसे भारत के डीआरडीओ की विकसित एस्ट्रा हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल के बराबर माना जाता है। इसकी हाल ही में पाकिस्तान को चीन की ओर से आपूर्ति की गई थी। एक रक्ष विश्लेषक ने बताया कि पीएल-15 बहुत लंबी दूरी की चीनी मिसाइल है। इसे सार्वजनिक रूप से बहुत कम देखा गया है। संभवतः इसे पहली बार दागा गया है और हमारे वैज्ञानिक इसे बहुत बारीकी से देख रहे हैं, वे इसकी विशेषताओं की जांच कर रहे हैं। ब्यूरो

## भ्रामक सूचनाएं फैलाना और हमलों की जिम्मेदारी न लेना पाकिस्तान के पतन का नमूना : मिस्री

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि बृहस्पतिवार की रात भारत पर हमला करने के बावजूद उसकी जिम्मेदारी न लेना पाकिस्तान के कपट और गलत सूचनाएं फैलाने में उसके पतन का एक और उदाहरण है। मिस्री ने इन हमलों के हास्यास्पद खंडन के लिए पाकिस्तान पर निशाना साधा।

मिस्री ने मौजूदा स्थिति को सांप्रदायिक रंग देने के उद्देश्य से धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने के लिए पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की और पुंछ में एक गुरुद्वारे और अमृतसर में एक अन्य धार्मिक स्थल पर पाकिस्तान द्वारा किए गए हमले की घटना की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, इन हमलों को स्वीकार करने के बजाय, पाकिस्तान ने यह बेतुका और अपमानजनक दावा किया कि यह भारतीय सशस्त्र बल और भारतीय वायु सेना अमृतसर जैसे शहरों को निशाना बना रही थी। यह पाकिस्तान की ओर से अपने आक्रामक कृत्यों से इन्कार करने के एक हताश प्रयास के अलावा और कुछ नहीं है। लेकिन दुनिया को धोखा देने और गुमराह करने के उसके ये प्रयास सफल नहीं होंगे। विदेश सचिव ने कहा, हम अपने ही शहरों पर हमला करेंगे, ऐसी बेतुकी कल्पना केवल पाकिस्तानी सरकार ही कर सकती है। वे ऐसा इसलिए करते हैं क्योंकि उनका इतिहास बताता है के वे इस तरह की कार्रवाई करने में माहिर हैं। भारत की दृढ़ एकता पाकिस्तान के लिए एक चुनौती है। जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय, बहावलपुर के मरकज सुभान अल्लाह पर भारत के हमलों पर पर मिस्री ने कहा कि यह केंद्र द वॉल स्ट्रीट जर्नल के पत्रकार डेनियल पर्ल की हत्या के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार है। उन्होंने कहा, बहावलपुर आतंकी समूह जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय है, जिसे संयुक्त राष्ट्र ने प्रतिबंधित कर रखा है। इसका नेता मसूद अजहर प्रतिबंधित व्यक्ति है। उन्होंने कहा, आपने वॉल स्ट्रीट जर्नल के डेनियल पर्ल की दुखद मौत या हत्या के साथ इस केंद्र के संबंध का जिक्र किया। जैश-ए-मोहम्मद प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पर्ल की मौत के लिए जिम्मेदार था। पर्ल की हत्या से असली संबंध अहमद उमर सईद शेख से है जो ब्रिटिश पाकिस्तानी जिहादी था। इसे भारत में पकड़ा गया था, लेकिन आखिरकार 2000 में रिहा कर दिया गया। यही वह व्यक्ति था जो डेनियल पर्ल की हत्या के लिए जिम्मेदार था। ब्यूरो



### गुरुद्वारे पर भी किया हमला


मिस्री ने कहा, पाकिस्तान दावा कर रहा है कि उसने किसी धर्मस्थल पर हमला नहीं किया। उल्टा वह भारत पर आरोप लगा रहा है कि हमने ननकाना साहिब व अमृतसर में खुद हमला किया। असलियत में पाकिस्तानी सेना ने पुंछ में गुरुद्वारे पर हमला किया। इसमें कुछ लोगों की मौत भी हुई।

### रक्षा विशेषज्ञों ने पाकिस्तान की युद्ध रणनीति में गिनाईं खामियां, कहा- भारत की सधी सामरिक श्रेष्ठता को मिली बढ़त

# दुश्मन ने युद्ध नीति ताक पर रखी, फिर भी हर क्षेत्र में मिली मात

**नई दिल्ली।** भारत के सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की हर कोशिश नाकाम होने के बाद पाकिस्तान अपनी युद्ध नीति से लेकर रणनीति तक सभी सवालों के घेरे में है। वहीं, भारत की रक्षा क्षमता और सधी सामरिक श्रेष्ठता फिर सुर्खियों में आ गई है। रक्षा विशेषज्ञों और पूर्व वायुसेना अधिकारियों ने पाकिस्तान की कमजोर युद्ध रणनीति की खामियां गिनाते हुए भारत की उम्दा रक्षा प्रणाली की तारीफ की। सेवानिवृत्त एयर वाइस मार्शल सूर्यकांत चिंतामन चाफेकर और रक्षा विशेषज्ञ संजय कुलकर्णी ने कहा कि पाकिस्तान की चालबाजियों का मुकाबला करने में भारत की रक्षा प्रणालियां मारक और असरदार हैं। ब्यूरो

### हमारी क्षमता का अंदाजा न लगा सका, पारंपरिक युद्ध नीति से भटका



**सूर्यकांत चिंतामन चाफेकर**
सेवानिवृत्त एयर वाइस मार्शल

जवाबी कार्रवाई करते समय भारत में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले कर सैन्य ठिकानों और शहरों को निशाना बनाना पाकिस्तान की पारंपरिक युद्ध नीति से भटकने का उदाहरण है। पाकिस्तान ने पहलगाम में आतंकी हमला कर शुरुआत की और हमने आतंकी ठिकानों पर हमला कर जवाब दिया। ऐसे में पाकिस्तान की ओर से जवाबी कार्रवाई अपेक्षित थी, लेकिन उसने हमारी सैन्य और नागरिक संरचनाओं पर हमला कर युद्ध नीति को ताक पर रख दिया और यह रणनीति युद्ध नीति के पूरी तरह से खिलाफ थी।

**अभेद्य ढाल एस-400 व यूएएस ग्रिड**

पाकिस्तान की समझ की कमी को लेकर चाफेकर ने कहा कि भारत के पास एस-400 वायु रक्षा प्रणाली और मानव रहित हवाई प्रणाली (यूएएस) ग्रिड देश को अभेद्य बनाती है। यह बेहद दूर से भी बड़े पैमाने पर खतरे को भांप सकती हैं। यूएएस ग्रिड छोटे से छोटे लक्ष्य मसलन बैलिस्टिक मिसाइल, मध्यम- निम्न-स्तरीय मिसाइलों, लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टर, ड्रोन सब कुछ दूर से पकड़ लेती है और पाकिस्तान को शायद इसकी उम्मीद भी नहीं थी कि हमारे पास यह सब है।

### साइबर, ड्रोन व मिसाइल सब नाकाम


**संजय कुलकर्णी**
रक्षा विशेषज्ञ

पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ जंग छेड़ने की हर मुमकिन कोशिश की है। उसने अपने पास मौजूद हर बेहतरीन असलहे और प्रणाली का इस्तेमाल कर भारत को घेरने की कोशिश की, फिर चाहे वह साइबर हमला हो, ड्रोन हो या सिाइल...लेकिन हर बार उसके हाथ नाकामी ही आई।

**संदेश साफ...एकता, ताकत और जवाबदेही :** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सेना ने ऑपरेशन सिंदूर कर पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ढांचों को निशाना बनाया था। जवाब में पाकिस्तान ने ड्रोन कार्रवाई की, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर तो दुश्मन देश के खिलाफ भारत की शुरुआती कार्रवाई भर है। पाकिस्तान ने भारतीय सुरक्षा बलों की क्षमता और हमारी एकजुटता देख ली है। अगर वे लड़ना चाहते हैं, तो भारत मुंहतोड़ करारा जवाब देगा।

## सीआरपीएफ ने तबादले रोके डीजी जा सकते हैं जम्मू-कश्मीर

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान से संघर्ष के बीच केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने सभी स्थानांतरण और नियुक्ति आदेश रोक दिए हैं। सीआरपीएफ कर्मियों के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी स्थगित कर दिए गए हैं। अर्धसैनिक बल ने दो दर्जन से अधिक कंपनियों को बीएसएफ और सेना के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा मजबूत करने के लिए जम्मू-कश्मीर भेजा गया है। वहीं, सीआरपीएफ महानिदेशक (डीजी) जीपी सिंह को भी जम्मू-कश्मीर भेजा जा सकता है। सीआरपीएफ मुख्यालय से जारी आदेश में कहा गया कि पश्चिमी और उत्तरी मोर्चे पर उभरती सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर यह फैसला किया गया है। अधिकारियों ने निर्देश जारी किए हैं कि किसी भी संभावित आपात स्थिति के लिए जवानों को उनकी तैनाती स्थल पर ही रखा जाए और अनावश्यक यात्रा से बचा जाए। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहले ही सीआरपीएफ और बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी जैसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) से सभी छुट्टियां रद्द करने और पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य हमले में सैनिकों की अधिकतम उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। ब्यूरो


**आपात स्थिति के लिए जवानों को तैनाती स्थल पर ही रहने के निर्देश**




# ऑपरेशन सिंदूर अपरिहार्य, देश का स्वाभिमान व मनोबल बढ़ा : संघ

## आरएसएस प्रमुख भागवत ने निर्णायक कार्रवाई के लिए सरकार और सशस्त्र बलों की सराहना की

नई दिल्ली। भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सैन्य बलों और सरकार की खुलकर सराहना की।


मोहन भागवत

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर कायरतापूर्ण हमले के बाद पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी तंत्र के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई भारत की सुरक्षा के लिए आवश्यक और अपरिहार्य है। उन्होंने यह भी कहा कि इसने समूचे देश का स्वाभिमान और मनोबल बढ़ाया है। संघ प्रमुख भागवत और सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की तरफ से शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया कि हिंदू यात्रियों की नृशंस हत्याओं से आहत परिवारों और समस्त देश को न्याय दिलाने के लिए की जा रही इस कार्रवाई ने समूचे देश की हिम्मत को बढ़ाया है। राष्ट्रीय संकट की इस घड़ी में संपूर्ण देश तन-मन-धन से देश की सरकार एवं सैन्य बलों के साथ खड़ा है।

संघ नेताओं ने कहा कि पाकिस्तानी सेना की तरफ से भारत की सीमा पर धार्मिक स्थलों और आबादी वाले क्षेत्रों पर किए जा रहे हमले निंदनीय है। आरएसएस इन हमलों का शिकार लोगों और उनके परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करता है। ब्यूरो

### विभाजनकारी ताकतों से सतर्क रहना होगा

राष्ट्रीय एकता का आह्वान करते हुए आरएसएस ने जनता से सरकारी निर्देशों का सख्ती से पालन करने और विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ सतर्क रहने की अपील की। यह भी कहा गया कि इस चुनौतीपूर्ण समय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सभी देशवासियों से सरकार और प्रशासन की तरफ से दिए जा रहे निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने का आह्वान करता है। इस अवसर पर हम सबको अपने नागरिक कर्तव्य का निर्वहन करते हुए यह भी सावधानी रखनी है कि राष्ट्र विरोधी ताकतों के सामाजिक एकता और समरसता को भंग करने के किसी भी षड्यंत्र को सफल नहीं होने दें।

### अपनी जिम्मेदारियां निभाने में आगे रहें सभी नागरिक

संघ ने सभी नागरिकों से ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में राष्ट्र भक्ति दर्शाने और अपनी जिम्मेदारियों को का आह्वान भी किया। आरएसएस नेताओं ने कहा, नागरिकों से देशभक्ति का परिचय देते हुए सेना और प्रशासन के लिए जहां भी और जैसी भी आवश्यकता हो, हरसंभव सहयोग के लिए तैयार रहें। संघ प्रमुख और सर कार्यवाह ने इस बयान में कहा में कहा कि राष्ट्रीय एकता तथा सुरक्षा को बनाए रखने के सभी प्रयासों को बल प्रदान करें।

# जरूरत पड़ने पर टेरिटोरियल आर्मी बुला सकेंगे सेना प्रमुख, केंद्र ने दिया अधिकार

## धोनी, अभिनव बिंद्रा जैसी हस्तियां उतरेंगी जंग के मैदान में

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। पाकिस्तान से तनाव के बीच केंद्र सरकार ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को टेरिटोरियल आर्मी (टीए) के अफसरों को भी मदद के लिए जुटाने का अधिकार दिया है।

ऐसे में अगर जरूरत पड़ी तो क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी, निशानेबाज अभिनव बिंद्रा, अभिनेता मोहनलाल और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भी दुश्मन के खिलाफ जंग के मैदान में मोर्चा संभालेंगे। कपिल देव व सचिन पायलट भी टीए का हिस्सा हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक सेना प्रमुख को टीए के हर अधिकारी व नामित व्यक्ति को बुला सकते हैं। इस संबंध में 6 मई को जारी आदेश 9 फरवरी, 2028 तक प्रभावी रहेगा।



### 32 में से 14 इन्फैंट्री बटालियनों की तैनाती की जाएगी

आदेश में यह भी कहा गया कि, टीए की मौजूदा 32 इन्फैंट्री बटालियनों में से 14 इन्फैंट्री बटालियनों को दक्षिणी कमान, पूर्वी कमान, पश्चिमी कमान, मध्य कमान, उत्तरी कमान, दक्षिण पश्चिमी कमान, अंडमान व निकोबार कमान और सेना प्रशिक्षण कमान क्षेत्रों में तैनाती के लिए शामिल किया जा सकता है।

## आईसीएआई ने इंटरमीडिएट फाइनल परीक्षाएं कीं स्थगित

नई दिल्ली। भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) ने नौ से 14 मई तक होने वाली अपनी फाइनल, इंटरमीडिएट और पोस्ट क्वालिफिकेशन परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं।



आईसीएआई ने सार्वजनिक घोषणा में कहा कि देश में तनावपूर्ण हालात और सुरक्षा हालात को देखते हुए परीक्षाएं स्थगित की गई हैं और संशोधित तिथियों की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। एक अधिकारी ने बताया कि 55,666 छात्रों को फाइनल परीक्षा और 1,02,378 छात्रों को इंटरमीडिएट परीक्षा देनी थी। एजेंसी

## जयशंकर ने ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड लैमी से की फोन पर बात

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को अपने ब्रिटिश समकक्ष डेविड लैमी से फोन पर बात की। यह मुलाकात नई दिल्ली-इस्लामाबाद के बीच तनातनी घटाने की भारत के रणनीतिक साझेदारों की कोशिशों की पृष्ठभूमि में हुई।



जयशंकर ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा, हमारी चर्चा आतंकवाद का मुकाबला करने पर केंद्रित थी, जिसके खिलाफ कतई बर्दाश्त न करने वाली नीति होनी चाहिए। एजेंसी

## यात्रियों को उड़ान से तीन घंटे पहले पहुंचने की सलाह

बंगलूरू। कर्नाटक के बंगलूरू में केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे ने शुक्रवार को सुरक्षा के मद्देनजर यात्रियों को उड़ानों के तय प्रस्थान से तीन घंटे पहले हवाईअड्डे पहुंचने को कहा है। सलाह के मुताबिक, पाकिस्तान पर भारत के लक्षित हमलों के बाद देशभर में सुरक्षा चेतावनी के मद्देनजर सभी हवाईअड्डों पर गहन और विस्तृत जांच की जा रही हैं। ऐसे में यात्री अपनी सुविधा के लिए सहज चेक-इन, सुरक्षा और बोर्डिंग के लिए प्रस्थान से कम से कम तीन घंटे पहले पहुंचें। एजेंसी

## मुंबई में नौसेना, तटरक्षक बल सतर्क, सीएम ने की समीक्षा

मुंबई। भारत-पाकिस्तान में तनाव के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शुक्रवार को दक्षिण मुंबई स्थित अपने वर्षा आवास पर सुरक्षा उपायों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में पुलिस, तटरक्षक बल और नौसेना अलर्ट मोड पर हैं और सभी मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन किया जा रहा है। वहीं, वरिष्ठ अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। एजेंसी

## ऑपरेशन सिंदूर : दुश्मन की हर हरकत पर सरकार और सेना की पूरी नजर, ताबड़तोड़ बैठकें कर बनाई जा रही रणनीति

# पाकिस्तान को दे रहे मुंहतोड़ जवाब देश हर तरह से तैयार : राजनाथ

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को विफल करने के एक दिन बाद शुक्रवार को सीडीएस, तीनों सेना प्रमुखों के साथ सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। बैठक में उभरते सुरक्षा हालात के हर पहलू पर चर्चा की गई।

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, रक्षा मंत्री ने पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा स्थिति और भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों का जायजा लिया। बृहस्पतिवार रात पाकिस्तानी दुस्साहस को विफल करने के बाद रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारत अपनी संप्रभुता की रक्षा और अपने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि भारत की संप्रभुता की रक्षा के लिए कोई भी सीमा बाधा नहीं बनेगी और राष्ट्र ऐसी प्रतिक्रियाओं के लिए पूरी तरह तैयार है। बैठक में सीडीएस जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी के अलावा रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह भी शामिल हुए। ब्यूरो


रक्षा मंत्री ने सीडीएस व तीनों सेना प्रमुखों के साथ मौजूदा हालात पर की चर्चा

### सुरक्षा अभियानों का लाइव कवरेज न करे मीडिया

रक्षा मंत्रालय ने मीडिया चैनलों, डिजिटल प्लेटफार्मों और लोगों से रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज या वास्तविक समय की रिपोर्टिंग से बचने का आग्रह किया है। मंत्रालय ने कारगिल युद्ध, 26/11 हमले और कंधार विमान अपहरण जैसी पिछली घटनाओं का हवाला देते हुए इस बात पर जोर दिया कि ऐसी संवेदनशील जानकारी का खुलासा करने से परिचालन प्रभावित हो सकता है और जान जोखिम में पड़ सकती है।

- केबल टेलीविजन नेटवर्क (संशोधन) नियम, 2021 के खंड 6(1)(पी) के अनुसार, केवल अधिकृत अधिकारी ही आतंकवाद विरोधी अभियानों के दौरान अपडेट प्रदान कर सकते हैं। मंत्रालय ने सभी से राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार और सजग रहने का आह्वान किया है।

# जरूरी हो तो आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल करें सभी राज्य : शाह

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से भारत-पाकिस्तान तनाव बढ़ने के मद्देनजर नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1968 के नियमों के तहत नागरिक सुरक्षा उपाय अपनाने को कहा है। नागरिक सुरक्षा नियम, 1968 की धारा 11 राज्यों को किसी शत्रुतापूर्ण हमले की स्थिति में व्यक्तियों और संपत्तियों को चोट या क्षति से बचाने या महत्वपूर्ण सेवाओं के उचित रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाने की शक्ति देता है।

मंत्रालय ने कहा, सभी राज्य नागरिक सुरक्षा नियम, 1968 की धारा 11 को लागू करें। राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के नागरिक सुरक्षा निदेशक को आवश्यक आपातकालीन खरीद शक्तियां प्रदान करें ताकि आवश्यक एहतियाती उपायों को लागू किया जा सके। गृह मंत्री ने बृहस्पतिवार रात को सभी सीमा सुरक्षा बलों के महानिदेशकों के साथ भी बैठक की थी और देश की सीमाओं पर मौजूदा सुरक्षा हालात की समीक्षा की थी।



मौजूदा हालात की समीक्षा करते गृह मंत्री अमित शाह। एजेंसी

### सीमा और हवाई अड्डों पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान के साथ लगती भारत की सीमा और देश के हवाई अड्डों पर सुरक्षा की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की। यह बैठक सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के यह बताए जाने के कुछ घंटों बाद हुई कि उसने जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और इसमें सात आतंकवादी मारे गए और एक पाकिस्तानी रेंजर्स चौकी नष्ट हो गई है। सूत्रों ने बताया कि शाह के आवास पर दोपहर 12:30 बजे शुरू हुई बैठक करीब एक घंटे तक चली। बैठक संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ी हुई सतर्कता और राष्ट्रीय सुरक्षा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के प्रयास के बीच हुई। बैठक में मौजूद अधिकारियों ने गृह मंत्री को समग्र सुरक्षा तैयारियों और मौजूदा जमीनी हालात से अवगत कराया।

- **ये अधिकारी हुए शामिल...** केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक दलजीत चौधरी, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के महानिदेशक आरएस भट्टी और नागरिक उड्डयन ब्यूरो (बीसीएएस) के महानिदेशक राजेश निरवाण भी बैठक में मौजूद रहे।

## अस्पताल में न हो ऑक्सीजन और दवाओं की कमी, 24 घंटे हो रही निगरानी : नड्डा

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच घायलों को समय पर इलाज उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार ने दिल्ली में कमांड सेंटर बनाने का आदेश दिया। 24 घंटे संचालित यह सेंटर मौजूदा हालातों पर नजर रखते हुए सभी मंत्रालय के साथ मिलकर काम करेगा। साथ ही अस्पतालों में दवाओं से लेकर स्वास्थ्य कर्मचारियों की ड्यूटी और बिस्तर की उपलब्धता पर राज्यों का सहयोग करेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने आपातकालीन स्वास्थ्य प्रणालियों की तैयारियों की समीक्षा को लेकर बैठक में एंबुलेंस की तैनाती से लेकर रक्त आपूर्ति तक पर चर्चा की। आपदा से लड़ने के लिए भीष्म अस्पताल का इस्तेमाल जम्मू कश्मीर से लेकर पंजाब, राजस्थान और गुजरात में अंतरराष्ट्रीय सीमा के आसपास आबादी वाले क्षेत्रों में तैनात किया है। ब्यूरो



## अन्न के भंडार भरे, फल-सब्जियां पर्याप्त किसी चीज की नहीं होगी कमी : शिवराज

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने चौहान ने कहा कि सीमा पर जवान और खेत में किसान मुस्तैद हैं और उनके साथ कृषि तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय भी मौजूदा स्थिति से निपटने की लिए पूरी तरह तैयार हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि देश में अन्न के भंडार भरे हैं। फल-सब्जियां भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। चावल-गेहूं के भंडार भरे हैं। दालों का भी बफर स्टाक है। जनता को किसी भी चीज की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और ग्रामीण विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से फसल बुआई, खाद्यान्न, फल-सब्जी उत्पादन तथा उपलब्धता की जानकारी लेने के साथ मौजूदा परिस्थितियों में किसानों को कहीं-कोई दिक्कत नहीं आने देने के दिशा-निर्देश भी दिए। ब्यूरो



## साइबर हमलों के प्रति सतर्क रहें बैंक निर्बाध सेवाएं सुनिश्चित करें : निर्मला

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बैंकों से साइबर हमलों के सतर्क रहने और ग्राहकों को निर्बाध सेवा सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने को कहा। साइबर सुरक्षा तैयारियों पर बैंकों और बीमा कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ बैठक में वित्त मंत्री ने चुनौतीपूर्ण समय में आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने में बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भौतिक और डिजिटल दोनों ही तरह की बैंकिंग सेवाएं निश्चित रूप से बिना किसी व्यवधान और गड़बड़ियों के चलती रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एटीएम में पैसे हर समय भरे रहने चाहिए ताकि किसी भी उपभोक्ता को कोई दिक्कत न हो। संवेदनशील क्षेत्रों में बैंककर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। ब्यूरो



## सुरक्षा कारणों से सिद्धिविनायक मंदिर में नारियल, माला और प्रसाद पर प्रतिबंध

मुंबई। मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में सुरक्षा कारणों से श्रद्धालु रविवार से नारियल, मालाएं और प्रसाद नहीं चढ़ा पाएंगे। मंदिर ट्रस्ट पर इन पर प्रतिबंध की घोषणा की है। दक्षिण मुंबई के प्रभादेवी इलाके में स्थित यह मंदिर भगवान गणेश को समर्पित है और यहां हर दिन हजारों भक्त दर्शन के लिए आते हैं। श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सदा सरवणकर ने बताया कि मंदिर आतंकियों के निशाने पर है और हाल ही में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने ट्रस्ट के साथ बैठक की थी। उन्होंने कहा, हमें सरकार और पुलिस की ओर से सलाह मिली हैं। सुरक्षा उपायों के तहत उन्होंने कहा कि भगवान गणेश को चढ़ाए जाने वाले नारियल सुरक्षा जांच में पकड़ में नहीं आते और इससे खतरा हो सकता है। ब्यूरो



## युद्ध किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं हो सकता : मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड

नई दिल्ली। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा कि भारत-पाकिस्तान को आपसी बातचीत से मुद्दों को सुलझाना चाहिए क्योंकि युद्ध किसी मुद्दे का समाधान नहीं हो सकता। बोर्ड ने इसके साथ ही एक प्रस्ताव में आतंकवाद पर चिंता भी जताई और कहा कि वह देश की सुरक्षा के लिए उठाए जाने वाले हर कदम का समर्थन करता है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड पदाधिकारियों की एक ऑनलाइन बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें कहा गया, बोर्ड सीमा पर बढ़ते तनाव के मद्देनजर देश के लोगों की रक्षा के लिए उठाए जा रहे हर आवश्यक कदम का समर्थन करता है। इस महत्वपूर्ण समय में जनता, राजनीतिक दलों, सशस्त्र बलों और सरकार को एक साथ आना चाहिए। बोर्ड ने इस पर जोर दिया कि आतंकवाद और निर्दोष नागरिकों की हत्या गंभीर चिंता का विषय है और इस्लामी सिद्धांतों और मानवीय मूल्यों में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। ब्यूरो

### बैठक में प्रस्ताव पारित किया


जम्मू बस स्टैंड पर घरों को लौटने के लिए बसों का इंतजार करते लोग। एजेंसी

# सिंधु जल संधि रोकने के मुद्दे पर हम कुछ भी नहीं कर सकते : विश्व बैंक

## अजय बंगा ने कहा, संधि को निलंबित करने या जारी रखने में विश्व बैंक की कोई भूमिका नहीं

नई दिल्ली। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा कि उसकी भारत और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि में सुविधा प्रदान करने के अलावा कोई भूमिका नहीं है। दोनों देशों ने सिंधु, झेलम और चिनाब के जल बंटवारे के लिए 1960 में संधि पर हस्ताक्षर किए थे। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है।

बंगा ने कहा कि हम कोई न्यायाधीश या निर्णयकर्ता नहीं हैं। संधि को निलंबित करने या जारी रखने में विश्व बैंक की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने साफ किया कि बैंक का काम पूरी तरह से प्रक्रिया संचालित है। वह तटस्थ विशेषज्ञ की नियुक्ति में मदद कर सकता है या दोनों देशों की सहमति होने पर मध्यस्थता न्यायालय गठित कर सकता है। हम प्रकिया में भुगतान संबंधी कोष का प्रबंधन करते हैं लेकिन यह संधि दो संप्रभु राष्ट्रों के बीच है, इसका भविष्य तय करना उनके ऊपर ही निर्भर करता है। बंगा ने इस बारे में लोगों की आम धारणा पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यह धारणा है कि विश्व बैंक संधि को सही रूप दे सकता है या लागू रख सकता है पर सही मायने में हम ऐसा नहीं कर सकते। एजेंसी


अजय बंगा

### संधि निलंबित रखने का भारत का फैसला रणनीतिक विराम

अधिकारियों ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने के भारत के फैसले को रणनीतिक विराम बताया है, इससे निकलना नहीं। बल्कि इसे पुनर्संयोजन कहा गया है। यह वर्षों के कूटनीतिक संवाद के बाद हुआ है जिसमें भारत ने संधि की शर्तों पर फिर से बातचीत का प्रस्ताव रखते हुए पाकिस्तान को कई नोटिस भेजे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, पाकिस्तान ने बातचीत के इन औपचारिक निमंत्रणों का कोई जवाब नहीं दिया। सरकार ने पुनर्मूल्यांकन के लिए कई परिस्थितिजन्य बदलाव का हवाला दिया है।

### कार्रवाई नहीं हम सिर्फ मदद कर सकते हैं

बंगा ने कहा, संधि का मसौदा तैयार करते समय हमारी भूमिका परिभाषित की गई थी कि अगर दोनों पक्ष कुछ हल करना चाहते हैं तो हम मदद भर कर सकते हैं, इससे अधिक हमारी भूमिका नहीं है। विश्व बैंक की भूमिका केवल एक सुविधा-प्रदाता की है। विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई सिंधु जल संधि के तहत 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के बंटवारे एवं इस्तेमाल को नियंत्रित किया गया है।

### सिंधु का जल मोड़ने के लिए योजनाएं बनाने में जुटा जल शक्ति मंत्रालय

नई दिल्ली। भारत सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान को मिलने वाले पानी की धारा मोड़ने के लिए युद्धस्तर पर बुनियादी ढांचा विकसित करने की योजनाएं बनाने में जुटा है। ताकि इसका इस्तेमाल चार राज्यों राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली की जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जा सके। इसके लिए जल संसाधन मंत्रालय काफी सक्रियता से काम कर रहा है।

- सूत्रों के मुताबिक, मंत्रालय का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि पाकिस्तान को सिंधु का पानी मिलना पूरी तरह बंद हो जाए। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने इसी सिलसिले में शुक्रवार को मंत्रालय में अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। करीब एक घंटे चली इस बैठक में सिंधु जल संधि की समीक्षा की गई।
- सूत्रों के मुताबिक, इस मुद्दे पर चर्चा के लिए जल शक्ति मंत्रालय जल्द ही और बैठकें भी करने वाला है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बयान के अनुरूप है जिसमें उन्होंने कहा था कि देश का पानी देश के हक में बहेगा। ब्यूरो

# एयरपोर्ट पर फंसे यात्रियों के लिए रेलवे ने चलाईं विशेष ट्रेनें

## रेल मंत्री वैष्णव ने अधिकारियों को उपयुक्त कदम उठाने के निर्देश

नई दिल्ली। जम्मू और चंडीगढ़ एयरपोर्ट बंद होने से प्रभावित यात्रियों की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे विशेष गाड़ियों की व्यवस्था करेगा। यह फैसला परिचालन व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की तरफ से दिए गए निर्देश पर लिया गया। वैष्णव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष रेल सेवाएं चलाई जाएं।

रेल मंत्री के निर्देशों के तहत शुक्रवार को जम्मू और उधमपुर से पांच विशेष गाड़ियां चलाई गईं। रेलवे ने यह भी कहा है कि यदि आगामी दिनों में जरूरत पड़ी तो स्थिति की समीक्षा करते हुए अतिरिक्त विशेष गाड़ियों का संचालन किया जाएगा। रेलवे का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यात्रियों को सुरक्षित, समयबद्ध और सुलभ यात्रा विकल्प उपलब्ध कराए जा सकें। एजेंसी

### राजस्थान में चार ट्रेनें रद्द

उत्तर पश्चिमी रेलवे ने शुक्रवार को राजस्थान में चार ट्रेनों को रद्द कर दिया और पांच को पुनर्निर्धारित किया। राजस्थान में अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के करीब मुनाबावो गांव से आने-जाने वाली ट्रेनें भी रद्द की गई है। उत्तर पश्चिम रेलवे सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि सीमा पर ब्लैकआउट और आपातकालीन स्थितियों के कारण एहतियात के तौर पर यह कदम उठाया गया है।

# 1.79 लाख करोड़ रुपये के नए शिखर पर पहुंचा सरकारी बैंकों का मुनाफा

## एनपीए घटने, कारोबार बढ़ने और बेहतर मार्जिन का दिखा असर

अजीत सिंह



**नई दिल्ली।** एनपीए घटने, कारोबार बढ़ने और बेहतर मार्जिन के दम पर सभी 12 सरकारी बैंकों ने बीते वित्त वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 1.79 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया है। यह वित्त वर्ष 2023-24 में 1.41 लाख करोड़ के रिकॉर्ड मुनाफे से 27 फीसदी अधिक है। रुपये के लिहाज से कुल मुनाफे में से अकेले एसबीआई की हिस्सेदारी 70,901 करोड़ रुपये रही। बैंक ऑफ बड़ौदा 19,581 करोड़ के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

पंजाब नेशनल बैंक का प्रतिशत के रूप में मुनाफा सबसे अधिक 101 फीसदी बढ़कर 16,630 करोड़ रुपये पहुंच गया। सेंट्रल बैंक 78 फीसदी वृद्धि के साथ दूसरे और पंजाब एंड सिंध बैंक 71 फीसदी के साथ तीसरे स्थान पर है। तीसरे स्थान पर काबिज यूनियन बैंक को 17,987 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। केनरा बैंक 17,540 करोड़ के साथ चौथे और पंजाब नेशनल बैंक 16,630 करोड़ के साथ पांचवें स्थान पर है। छह बैंक ऐसे हैं, जिन्होंने सालाना 10,000 करोड़ से अधिक फायदा कमाया है। सालाना आधार पर सभी बैंकों का लाभ बढ़ा है।

### चौथी तिमाही में भी बढ़ा फायदा

चौथी तिमाही यानी जनवरी-मार्च के बीच बैंकों का फायदा 48,451 करोड़ रहा, जो 2023-24 की समान तिमाही में 42,847 करोड़ था। इसमें से एसबीआई का अकेले 18,643 करोड़ है। तिमाही आधार पर सभी बैंकों का लाभ बढ़ा, लेकिन एसबीआई का 10 फीसदी गिर गया। सबसे अधिक फायदा कमाने में 124 फीसदी के साथ पंजाब एंड सिंध बैंक है। बैंक ऑफ इंडिया का 82 फीसदी, पंजाब नेशनल बैंक का 52 फीसदी, केनरा का 28 फीसदी, इंडियन बैंक का 32 फीसदी और इंडियन ओवरसीज बैंक का 30 फीसदी मुनाफा बढ़ा है।

### सरकार की चार आर की रणनीति का असर

सरकार ने घाटे में चल रहे इन बैंकों को उबारने के लिए चार आर की रणनीति शुरू की। इसमें बैंकों में फिर से पूंजी डालना, पहचान करना, रिजॉल्यूशन और सुधार शामिल हैं। इससे बैंकों के बुरे फंसे कर्ज यानी एनपीए में कमी हुई तो उधारी देने में तेजी आई।

### शुद्ध एनपीए 0.70% से कम

बैंकों का शुद्ध एनपीए 0.70 फीसदी से कम है। एकमात्र पंजाब एवं सिंध बैंक का 0.96 फीसदी है। सबसे कम 0.18 फीसदी एनपीए बैंक ऑफ महाराष्ट्र का है। एसबीआई का 0.47 फीसदी, यूनियन बैंक का 0.63 फीसदी, बैंक ऑफ बड़ौदा का 0.58 फीसदी व पीएनबी का 0.40 फीसदी है।

### हर साल ऐसे बढ़ा लाभ

| वित्त वर्ष | फायदा |
|---|---|
| 2020-21 | 31,816 करोड़ |
| 2021-22 | 66,539 करोड़ |
| 2022-23 | 1.04 लाख करोड़ |
| 2023-24 | 1.41 लाख करोड़ |



3.11 लाख करोड़ रुपये डाले सरकार ने बैंकों में 2016-17 से 2020-21 के बीच

# स्टार्टअप को सरकार की गारंटी पर मिल सकेगा अब 20 करोड़ का कर्ज




**नई दिल्ली।** सरकार ने स्टार्टअप के लिए ऋण गारंटी योजना यानी सीजीएसएस के संशोधन को मंजूरी दे दी है। इसमें प्रति उधारकर्ता गारंटी कवर सीमा 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये कर दी गई है। इस संशोधित योजना से स्टार्टअप को कर्ज देने से जुड़ा जोखिम कम होगा। साथ ही, शोध एवं विकास करने और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के लिए उन्हें अधिक वित्तीय मदद मिल सकेगी।

सीजीएसएस का व्यापक उद्देश्य पात्र स्टार्टअप कंपनियों को वित्तपोषित करने के लिए सदस्य संस्थानों द्वारा दिए गए ऋण साधनों पर तय सीमा तक गारंटी देना है। यह योजना स्टार्टअप कंपनियों को बेहद जरूरी गारंटी मुक्त ऋण मुहैया कराने में मदद करेगी। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने कहा, विस्तारित योजना से स्थापित वित्तीय संस्थानों में स्टार्टअप को ऋण देने से जुड़े जोखिम और कम हो जाएंगे। संशोधित कर्ज गारंटी योजना में स्टार्टअप कंपनियों को 10 करोड़ रुपये तक के ऋण के लिए गारंटी कवर की सीमा बढ़ाकर 85 फीसदी और इससे अधिक के ऋण के लिए 75 फीसदी कर दी गई है। एजेंसी

## न्यूज डायरी

### एसबीआई समेत दो बैंकों पर 2.73 करोड़ जुर्माना

**मुंबई।** आरबीआई ने नियमों के अनुपालन में गड़बड़ी मिलने पर एसबीआई समेत दो बैंकों पर 2.73 करोड़ का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने शुक्रवार को कहा, कर्ज से जुड़े नियमों, ग्राहक सुरक्षा और चालू खाता खोलने के नियमों के उल्लंघन पर एसबीआई पर 1.73 करोड़ का जुर्माना लगाया है। कई नियमों के उल्लंघन पर जना स्मॉल फाइनेंस बैंक पर भी एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। एजेंसी

### चीन आयातित सौर ग्लास पर डंपिंग-रोधी शुल्क लगा

**नई दिल्ली।** भारत ने चीन व वियतनाम से आयात होने वाले विशिष्ट सौर ग्लास पर पांच साल के लिए 570 से 664 डॉलर प्रति टन का डंपिंग-रोधी शुल्क लगाया है। घरेलू विनिर्माताओं को इन देशों से हो रहे सस्ते आयात से बचाने के लिए यह कदम उठाया गया है। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, डंपिंग-रोधी शुल्क चार दिसंबर, 2024 से पांच वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी होगा। एजेंसी

### मर्सिडीज इस साल तीन फीसदी बढ़ाएगी दाम

**नई दिल्ली।** मर्सिडीज इस साल जून और सितंबर में कारों की कीमतें तीन फीसदी बढ़ाएगी। इसे दो चरणों में बढ़ाया जाएगा। कंपनी ने कहा, रुपये की विनिमय दरों के उतार-चढ़ाव के असर से बचने के लिए यह फैसला लिया गया है। इससे कीमत 90,000 से 12.2 लाख के बीच बढ़ेगी। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के एमडी संतोष अय्यर ने कहा, कीमत वृद्धि मेबैक एस680 और सी क्लास मॉडल में होगी। एजेंसी

### विदेशी मुद्रा भंडार में 2 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार दो मई को समाप्त हफ्ते में 2.06 अरब डॉलर घटकर 686.06 अरब डॉलर रह गया है। आरबीआई ने शुक्रवार को बताया, दो मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा संपत्ति 51.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 581.17 अरब डॉलर रही। सोने का भंडार 25 लाख डॉलर बढ़कर 81.82 अरब डॉलर के पार पहुंच गया। एजेंसी

### रियल्टी, वित्तीय और यूटिलिटी शेयरों में बिकवाली से घरेलू बाजारों में भारी गिरावट

# भारत-पाकिस्तान तनाव बढ़ने से सेंसेक्स 880 अंक लुढ़का, 2.09 लाख करोड़ डूबे

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत एवं पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव बढ़ने और व्यापक संघर्ष की आशंका से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट आई। सेंसेक्स-निफ्टी एक फीसदी से अधिक टूट गए। रियल एस्टेट, वित्तीय और यूटिलिटी शेयरों में भारी गिरावट से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

सेंसेक्स पिछले कारोबारी सत्र की गिरावट को जारी रखते हुए 880.34 अंक या 1.10 फीसदी का गोता लगाकर 80,000 से नीचे 79,454.47 पर बंद हुआ। निफ्टी 265.80 अंक या 1.10 फीसदी टूटकर 24,008 पर बंद हुआ। बाजार में गिरावट से बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी 2.09 लाख करोड़ रुपये घटकर 416.40 लाख करोड़ रुपये रह गई।

सेंसेक्स के 30 में 26 शेयर गिरावट में बंद हुए। आईसीआईसीआई बैंक सबसे ज्यादा 3.16 फीसदी नुकसान में रहा। टाइटन समेत चार शेयरों में 4.38 फीसदी तक तेजी रही। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 411.97 अंक गिरकर 80,334.81 और निफ्टी 140.60 अंक टूटकर 24,273.80 पर बंद हुआ था।




### रक्षा कंपनियों के शेयर 20 फीसदी तक उछले

भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच रक्षा क्षेत्र की कंपनियों के शेयर शुक्रवार को 20 फीसदी तक उछल गए। ड्रोन बनाने वाली कंपनी आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी लि. के शेयर 20 फीसदी बढ़त में बंद हुए।

- पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीज के शेयर में 7.18 फीसदी, भारत डायनेमिक्स में 5.34 और ड्रोनआचार्य एरियल इनोवेशंस में 4.99 फीसदी तेजी रही।
- भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि. 2.92 फीसदी, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स 1.84 फीसदी और गार्डन रिच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियरिंग 1.38 फीसदी बढ़त में रहे।

### सर्वाधिक टूटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| आईसीआईसीआई बैंक | 3.16 फीसदी |
| पावरग्रिड | 2.70 फीसदी |
| अल्ट्राटेक | 2.20 फीसदी |
| बजाज फाइनेंस | 2.02 फीसदी |
| एचडीएफसी बैंक | 1.93 फीसदी |

### सेक्टोरल इंडेक्स में गिरावट

| | |
|---|---|
| रियल्टी | 2.08 फीसदी |
| यूटिलिटी | 1.50 फीसदी |
| वित्तीय सेवाएं | 1.40 फीसदी |
| बिजली | 1.11 फीसदी |
| बैंकेक्स | 1.04 फीसदी |

बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.30 फीसदी और मिडकैप 0.10 फीसदी गिरकर बंद।

### विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बाजार में जारी रखा निवेश

जियोजित इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, दिलचस्प बात यह है कि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार तक भारतीय बाजार में निवेश करना जारी रखा। हालांकि, खुदरा निवेशक इस समय थोड़े सतर्क हैं।

- एफआईआई ने शुक्रवार को घरेलू बाजार में 3,798.71 करोड़ की शुद्ध बिकवाली की।
- घरेलू संस्थागत निवेशकों ने शुद्ध रूप से 7,277.74 करोड़ के शेयर खरीदे।

### रुपया 22 पैसे मजबूत

डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 22 पैसे मजबूत होकर 85.36 पर बंद हुआ। आरबीआई के संभावित हस्तक्षेप से रुपये में ज्यादा गिरावट को रोकने में मदद मिली। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया कमजोरी के साथ 85.88 पर खुला। दिन में 85.32 से 85.88 के दायरे में रहा।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में चौथे माह भी गिरावट एसआईपी में रिकॉर्ड 26,632 करोड़ का निवेश

## भारत-पाकिस्तान तनाव से बाजार में जारी अस्थिरता के कारण आई गिरावट

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इक्विटी म्यूचुअल फंड (एमएफ) में निवेश अप्रैल, 2025 में 3.24 फीसदी घटकर 24,269 करोड़ रुपये रह गया। यह लगातार चौथा महीना है, जब इक्विटी एमएफ में निवेश घटा है। हालांकि, म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध निवेश लगातार 50वें महीने सकारात्मक बना रहा।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने शुक्रवार को आंकड़े जारी कर बताया, पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से शेयर बाजार में जारी अस्थिरता के कारण यह गिरावट आई है। पिछले महीने इक्विटी एमएफ में निवेश मार्च के 25,082 करोड़, फरवरी के 29,303 करोड़, जनवरी के 39,688 करोड़ और दिसंबर, 2024 के 41,156 करोड़ रुपये से काफी कम है।

आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी एमएफ में गिरावट के बावजूद सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) में निवेशकों का आकर्षण बना हुआ है। अप्रैल में एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश मार्च के चार महीने के निचले स्तर से उबरते हुए रिकॉर्ड 26,632 करोड़ रुपये पहुंच गया। मार्च में एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश मामूली घटकर 25,926 करोड़ और फरवरी में 25,999 करोड़ रुपये रहा था।




### 46 लाख नए एसआईपी खाते पंजीकृत

आंकड़ों के मुताबिक, बीते महीने कुल 1.36 करोड़ निष्क्रिय एसआईपी खाते बंद हो गए। इसके बावजूद एसआईपी खातों की कुल संख्या मार्च के 8.11 करोड़ से बढ़कर अप्रैल में 8.38 करोड़ पहुंच गई। इस अवधि में 46 लाख नए एसआईपी खाते पंजीकृत हुए हैं।

**1.36 करोड़ खाते बंद**

### एयूएम 70 लाख करोड़ रुपये के नए शिखर पर

एम्फी के मुताबिक, म्यूचुअल फंड उद्योग का एयूएम (प्रबंधन के अधीन संपत्तियां) अप्रैल में बढ़कर 70 लाख करोड़ रुपये के नए शिखर पर पहुंच गया। यह मार्च के 65.74 लाख करोड़ रुपये से करीब 6.50 फीसदी अधिक है। फरवरी में उद्योग का एयूएम 64.53 लाख करोड़ था।

### फ्लेक्सी कैप फंड में आए सर्वाधिक 5,542 करोड़

इक्विटी श्रेणियों में फ्लेक्सी कैप फंड में निवेशकों ने सबसे अधिक 5,542 करोड़ रुपये का निवेश किया।

- मिडकैप और स्मॉलकैप म्यूचुअल फंडों में क्रमशः 3,314 करोड़ व 4,000 करोड़ का निवेश हुआ।
- लार्जकैप फंड में 2,671 करोड़ रुपये का निवेश आया। मार्च में यह 2,479 करोड़ रुपये था।



**बाजार की गिरावट में चुनें एसेट अलोकेशन फंड :** वेल्थ मैनेजर चिराग जैन कहते हैं, इस समय बाजार की गिरावट में निवेशकों को म्यूचुअल फंड के एसेट अलोकेशन फंड को चुनना चाहिए। यह फंड इक्विटी, डेट, कमोडिटीज, रियल एस्टेट जैसी संपत्तियों में निवेश करता है। इससे जोखिम कम होता है व उचित रिटर्न मिलता है, क्योंकि सभी संपत्ति वर्ग एक समय में एक जैसा प्रदर्शन नहीं करते।

# एसबीआई समेत आठ संस्थाएं यस बैंक में बेचेंगी 20 फीसदी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** एसबीआई समेत आठ बैंक यस बैंक में अपनी 20 फीसदी हिस्सेदारी जापान के सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एसएमबीसी) को 13,483 करोड़ में बेचेंगे। इसके साथ ही, यह भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में सबसे बड़ा विदेशी निवेश हो जाएगा। लेनदेन पूरा होने के बाद एसएमबीसी यस बैंक का सबसे बड़ा शेयरधारक बन जाएगा।

एसबीआई ने शुक्रवार को बताया, वह 413.44 करोड़ शेयर यानी 13.19 फीसदी हिस्सा 21.50 रुपये प्रति शेयर के भाव बेचेगा, जिससे उसे 8,889 करोड़ रुपये मिलेंगे। इसके




अलावा, एक्सिस बैंक, बंधन बैंक, फेडरल बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक भी 21.50 रुपये प्रति शेयर के भाव से 6.81 फीसदी हिस्सेदारी 4,594 करोड़ रुपये में बेचेंगे। इन बैंकों ने मार्च, 2020 में पुनर्गठन योजना के तहत यस बैंक में निवेश किया था। एजेंसी

# सैटेलाइट सेवाओं पर कंपनियों को देना पड़ सकता है राजस्व का 4 फीसदी शुल्क, ट्राई की सिफारिश

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने एलन मस्क की स्टारलिंक जैसी उपग्रह संचार सेवा प्रदाता कंपनियों पर सालाना राजस्व का चार फीसदी स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क लगाने की शुक्रवार को सिफारिश की। इसके साथ ही, प्रति शहरी ग्राहक 500 रुपये का वार्षिक शुल्क भी देना होगा। ये सिफारिशें एलन मस्क की स्टारलिंक के भारत में आने से पहले की गई हैं।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने कहा, सैटेलाइट नेटवर्क पर उपलब्ध कुल बैंडविड्थ बहुत कम है। स्पेक्ट्रम को सैटेलाइट प्रदाताओं के बीच साझा किया जा सकता है। ट्राई चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी ने कहा, यह एक पूरक सेवा है। प्रतिस्पर्धा के संदर्भ में इस मुद्दे की जांच करने का कोई ठोस आधार नहीं है। स्टारलिंक को अब ट्राई की सुझाई गई शर्तों के तहत स्पेक्ट्रम हासिल करना होगा। इसके तहत उसे इस्तेमाल किए जाने वाले स्पेक्ट्रम के लिए न्यूनतम 3,500 प्रति मेगाहर्ट्ज का शुल्क देना होगा। एजेंसी

### सिर्फ पांच साल के लिए होगा स्पेक्ट्रम आवंटन



ट्राई ने कहा, सैटेलाइट के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन सिर्फ पांच साल तक होगा, जिसे दो साल तक बढ़ाया जा सकता है। स्टारलिंक ने स्पेक्ट्रम की न्यूनतम 15 साल की वैधता मांगी थी। सिफारिश के मुताबिक, 8 फीसदी का प्राधिकरण शुल्क भी लागू होगा, जो दूरसंचार ऑपरेटरों और फिक्स्ड लाइन इंटरनेट प्रदाताओं के लिए लागू होता है। इन शुल्कों और अधिभारों के कारण स्टारलिंक सेवाओं की लागत 4,200 से अधिक होने की संभावना है।

# एआई अपनाने से आईटी क्षेत्र की भर्तियों में 16 फीसदी का उछाल

**नई दिल्ली।** आईटी क्षेत्र में अप्रैल में भर्तियां सालाना आधार पर 16 फीसदी बढ़ी हैं। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को अपनाने, क्लाउड आधुनिकीकरण और वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के निरंतर विस्तार जैसे कारकों से प्रेरित है।

द फाउंडइट इनसाइट्स ट्रैकर (फिट) की रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले महीने भारत में आईटी नियुक्तियों में वृद्धि हुई है, जो पिछले वर्षों के उतार-चढ़ाव से तेज वापसी को दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार, जीसीसी ने इस भर्ती वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने 2024-25 में 1,10,000 से अधिक नई तकनीकी नौकरियों का योगदान दिया है। डाटा इंजीनियरिंग, डेवऑप्स और एंटरप्राइज आर्किटेक्चर जैसी भूमिकाओं की मांग को भी बढ़ाया है। कौशल आधारित नियुक्ति अब भी हावी है और 62 फीसदी नियोक्ता औपचारिक योग्यताओं की तुलना में व्यावहारिक विशेषज्ञता को प्राथमिकता दे रहे हैं। एजेंसी

### 62 फीसदी नियोक्ता भर्तियों में व्यावहारिक विशेषज्ञता को दे रहे प्राथमिकता


यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

YEIDA FUTURE IS HERE

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नौएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर-201308 (उ0प्र0)
टॉल फ्री नंबर : 18001808296, वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक :- वाई.ई.ए./भूलेख/257/2025 | दिनांक: 08.05.2025

सार्वजनिक सूचना

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम चकजलालाबाद के सैक्टर 24ए व 22ई के अन्तर्गत आने वाली भूमि का सुनियोजित विकास हेतु सम्बन्धित कृषकों द्वारा दी गयी सहमति की दर रू0 3808/- प्रति वर्गमी0 से प्राधिकरण द्वारा शासनादेश संख्या - 314/77-3-163एम, दिनांक 23.02.2016 में तय प्रक्रियानुसार निम्नानुसार क्रय किया जाना प्रस्तावित है:-

| क्रमांक | सैक्टर/ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | खसरे का कुल क्षेत्रफल (हे0 में) | खातेदार का नाम व पता | तहसील से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का विक्रय हेतु क्षेत्रफल (हे0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 22ई चकजलालाबाद | 46 | 15<br>10 | 0.9620<br>0.5720 | राजेन्द्र सिंह पुत्र अनौखा सिंह नि0 रौनीजा, तहसील जेवर, जनपद गौतमबद्धनगर। | 1/7<br>1/7 | 0.1774<br>0.0817 |
| 2. | 24ए चकजलालाबाद | 21 | 126 | 0.0630 | सत्यपाल पुत्र कुंवरपाल नि0 रौनीजा, तहसील जेवर, जिला बुलन्दशहर। | 1/16 | 0.0039 |
| 3. | 22ई चकजलालाबाद<br>24ए चकजलालाबाद | 13<br>11 | 89स<br>120<br>127 | 1.2140<br>0.3790<br>0.0630 | रूप सिंह पुत्र खुशीराम नि0 रौनीजा, तहसील जेवर, जनपद गौतमबद्धनगर। | में से<br>1/12<br>में स | 0.1349<br>0.0316<br>0.0052 |
| 4. | 22ई चकजलालाबाद<br>24ए चकजलालाबाद | 13<br>11 | 89स<br>120<br>127 | 1.2140<br>0.3790<br>0.0630 | हरिओम भाटी पुत्र खुशीराम नि0 रौनीजा, तहसील जेवर, जनपद गौतमबद्धनगर। | में से<br>1/12<br>में स | 0.1350<br>0.0316<br>0.0052 |
| 5. | 24ए चकजलालाबाद | 21<br>22 | 122<br>126<br>130 | 0.4050<br>0.0630<br>0.9480 | डम्बर सिंह व राम सिंह व भानू सिंह व बब्बू सिंह पुत्रगण बादाम सिंह नि0 रौनीजा, तहसील जेवर, जनपद गौतमबद्धनगर। | 1/16<br>1/16<br>1/16 | 0.0253<br>0.0040<br>0.0593 |
| 6. | 24ए चकजलालाबाद | 49 | 128 | 0.5690 | गजेन्द्र सिंह पुत्र मनवीर नि0 कादरपुर, तहसील सदर, जिला गौतमबुद्धनगर। | में से | 0.0843 |
| 7. | 22ई चकजलालाबाद | 47 | 82/1 | 0.2230 | प्रमोद कुमार, राजीव कुमार, राजेन्द्र कुमार व राजेश कुमार पुत्रगण प्रहलाद सिंह, नि0 रौनीजा, तहसील जेवर, जनपद गौतमबद्धनगर। | सम्पूर्ण | 0.2230 |

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिन के अंदर अधोहस्ताक्षरी को अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

डिप्टी कलेक्टर
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण



कार्यालय नगर पालिका परिषद हापुड़, (जनपद हापुड़)

पत्रांक- 28/23/जलकल / 2025-26 | दिनांक- 09/05/25

"ई-टैण्डरिंग प्रणाली के अन्तर्गत निविदा आमन्त्रण सूचना"

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद हापुड़ द्वारा पालिका निधि / राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत निविदा आमन्त्रण सूचना संख्या -27, 29, 30 /23/जलकल/2025-26 दिनांक 09/05/2025 में वर्णित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें वेबसाइड www.etender.up.nic.in पर दिनांक-10/05/2025 प्रातः11:00 बजे से दिनांक 16/05/2025 दोपहर 2.00 बजे तक अपलोड व डाउनलोड की जा सकती है जोकि दिनांक-16/05/2025 को साँय 04:00 बजे खोली जायेगी। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओ के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहे।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद हापुड़ | अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद हापुड़



कृषि उत्पादन मण्डी समिति स्याना जनपद बुलन्दशहर

पत्रांकः मं०स०स्या० - आवंटन / 2025-25 | दिनांकः 09/05/2025

दुकान आंवटन सूचना

कृषि उत्पादन मण्डी समिति स्याना के नवीन मण्डी स्थल के ऐसे लाइसेंसधारियों, जिन्हें कि अभी तक दुकानों का आवंटन नहीं हुआ हैं, को सूचित किया जाता है कि खाद्यान्न के व्यापारियों को "ब "श्रेणी की 8 नग (नम्बर- 03, 13, 15, 16, 26, 29, 30 एवं 31) 'स' श्रेणी की 03 नग (नम्बर-13, 14 एवं 34) 11 दुकानों, गोदाम 06 नग (क्षमता - 100 मी0टन) एवं फल-सब्जी के व्यापारियों को 'स' श्रेणी की 01 नग (नम्बर -01) दुकानों का आवंटन पात्रता के आधार पर खुली नीलामी द्वारा दिनांक 28.05.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे नवीन मण्डी स्थल स्याना में मण्डी समिति कार्यालय में किया जायेगा। आवंटन हेतु उपलब्ध दुकानों / गोदामों में अनुसूचित जाति के लिए 21 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिए 2 प्रतिशत तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण प्रभावी है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये मण्डी स्थल स्याना के खाद्यान्न परिसर में बी श्रेणी की दुकान सं0-30 आरक्षित है, जिसके लिये आर्थिक रूप से पिछडे वर्ग का प्रमाण पत्र अनिवार्य है। नीलामी में प्रतिभाग करने के लिए रू० 250.00 + 18% जी०एस०टी० का नकद भुगतान करके आवेदन पत्र मण्डी समिति स्याना के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है जिसे पूर्ण सूचना सहित निर्धारित पंजीकरण शुल्क जो खाद्यान्न परिसर की 'ब' श्रेणी के लिए रू0 47,300 /- 'स' श्रेणी के लिए रु० 30,700/- गोदाम के लिए रु0 70,700 /- एवं फल-सब्जी की 'स' श्रेणी के लिए रु0 26,100 /- के बैंक ड्राफ्ट / पे आर्डर, जो कि ए.पी.एम. सी. स्याना के पक्ष में देय हो, संलग्न करते हुए दिनांक 20.05.2025 तक समिति कार्यालय में जमा कराया जा सकेगा। आरक्षण का लाभ लेने हेतु आवेदन पत्र के साथ सक्षम स्तर से जारी जाति प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। संदर्भित विषय में विस्तृत जानकारी एवं शर्तें मण्डी समिति कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

सचिव | सभापति



उत्तर पश्चिम रेलवे — ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजीनियरिंग), उत्तर-पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्य के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **1. निविदा संख्या** : 39/2025 **कार्य का नाम** : सहायक मण्डल अभियंता भीलवाडा के क्षेत्राधिकार : भीलावाडा, नसीराबाद, बिजयनगर, गुलाबपुरा, सरेरी और गंगरार स्टेशनों और पहुंचों पर अतिक्रमण को रोकने के लिए सीमा दीवार की व्यवस्था । **अनुमानित लागत** : रू. 1,87,62,642.50 **बयाना राशि** : रू. 2,43,800/- **निविदा की अंतिम दिनांक** : 21.05.2025 **2. निविदा संख्या** : 45/2025 **कार्य का नाम** : सहायक मण्डल अभियंता /आबू रोड के क्षेत्राधिकार में शौचालयों, पानी की पाइपलाइन, प्लास्टरिंग, दरवाजे खिडकी, फर्श आदि की मरम्मत व सुधार कार्य । **अनुमानित लागत** : रू. 2,81,67,110.14 **बयाना राशि** : रू. 2,90,800/- **निविदा की अंतिम दिनांक** : 19.05.2025 **3. निविदा संख्या** : 46/2025 **कार्य का नाम** : सहायक मण्डल इंजीनियर (लाईन)/अजमेर उपमण्डल ट्रांसलैमेटिक रोबोटिक वेल्डर का उपयोग करके घिसे हुए सीएमएस क्रॉसिंग की रिकंडिसनिंग का कार्य । **अनुमानित लागत** : रू. 47,47,761.71 **बयाना राशि** : रू. 95,000/- **निविदा की अंतिम दिनांक** : 29.05.2025 **4. निविदा संख्या** : 48/2025 **कार्य का नाम** : सहायक मण्डल अभियंता/राणा प्रताप नगर उपमंडल : थ्रू रेल नवीनीकरण (प्राथमिकता)- 110.738 टीकेएम और थ्रू टर्नआउट नवीनीकरण (फेन शेप्ड स्लीपर + थिक वेब स्विच + डब्ल्यूसीएमएससी)- 45 सेट का कार्य। **अनुमानित लागत** : रू. 15,13,38,837.39 **बयाना राशि** : रू. 9,06,700/- **निविदा की अंतिम दिनांक** : 15.05.2025 **5. निविदा संख्या** : 49/2025 **कार्य का नाम** : सहायक मण्डल अभियंता फालना के क्षेत्राधिकार में आरयूबी संख्या 84, 93, 94, 101,एवं 103 पर जल निकासी सुधार का कार्य । **अनुमानित लागत** : रू. 2,31,36,816.63 **बयाना राशि** : रू. 2,65,700/- **निविदा की अंतिम दिनांक** : 19.05.2025 **6. निविदा संख्या** : 51/2025 **कार्य का नाम** : सहायक मण्डल इंजीनियर (लाईन)/अजमेर उपमण्डल एसईजे की घिसी हुई टंग रेल एवं पोइन्ट्स की रिकंडिशनिंग का कार्य। **अनुमानित लागत** : रू. 12,88,030.52 **बयाना राशि** : रू. 25,800/- **निविदा की अंतिम दिनांक** : 29.05.2025 **7. निविदा संख्या** : 52/2025 **कार्य का नाम** : ब्यावर -पालनपुर- टीबीआर-36.537 किलोमीटर का कार्य । **अनुमानित लागत** : रू. 3,16,85,591.65 **बयाना राशि** : रू. 3,08,400/- **निविदा की अंतिम दिनांक** : 19.05.2025 **8. निविदा संख्या** : 53/2025 **कार्य का नाम** : सहायक मण्डल अभियंता/भीलवाडा उपमंडल : अजमेर -चित्तौडगढ़ थ्रू रेल नवीनीकरण (प्राथमिकता)-151.985 टीकेएम का कार्य । **अनुमानित लागत** : रू. 19,58,91,813.83 **बयाना राशि** : रू. 11,29,500/- **निविदा की अंतिम दिनांक** : 21.05.2025 **9. निविदा संख्या** : 54/2025 **कार्य का नाम** : सहायक मण्डल इंजीनियर (मुख्यालय)/अजमेर के क्षेत्राधिकार में 24 महीने के लिए सेवा भवन और कॉलोनियों में हरित क्षेत्र और पार्कों का विकास एवं रखरखाव का कार्य। **अनुमानित लागत** : रू. 1,21,54,948.25 **बयाना राशि** : रू. 2,10,800/- **निविदा की अंतिम दिनांक** : 21.05.2025 **10. निविदा संख्या** : 59/2025 **कार्य का नाम** : सहायक मण्डल अभियंता मारवाड के क्षेत्राधिकार में आरयूबी संख्या 24, 36, 38, 42, 43, 45, 47, 49, 51 एवं 54 पर जल निकासी सुधार का कार्य। **अनुमानित लागत** : रू. 5,96,13,728.14 **बयाना राशि** : रू. 4,48,100/- **निविदा की अंतिम दिनांक** : 29.05.2025 उक्त ई-निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी रेलवे की वैबसाईट www.ireps.gov.in पर तथा मण्डल कार्यालय, उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर के निविदा नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।

535-DR/25


हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें


पढ़ें, दुनियाभर की अनोखी और रोचक खबरें 'जरा इधर भी' में amarujala.com पर

# भारत के जलाशयों का सुधरा जल स्तर, पर उत्तर-पूर्व में संकट

## सीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट : साल 2024 के मुकाबले बेहतर स्थिति...बिहार, ओडिशा, पंजाब, हिमाचल झेल रहे पानी की परेशानी

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख जलाशयों में कुल जल भंडारण में बीते साल के मुकाबले बेहतर सुधार दर्ज किया गया है। बावजूद इसके बिहार, ओडिशा, पंजाब, हिमाचल जैसे कई राज्य गंभीर रूप से कम जल स्तर से जूझ रहे हैं। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के शुक्रवार को जारी साप्ताहिक बुलेटिन में यह जानकारी दी है।



इसके मुताबिक, देश के 161 प्रमुख जलाशयों में इस समय 57.974 अरब घन मीटर (बीसीएम) जल संग्रहित है। यह इनकी कुल क्षमता का 31.78 फीसदी है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि में दर्ज 49.290 बीसीएम और 10 वर्षों के औसत 50.038 बीसीएम से अधिक है। यह मौजूदा जल संग्रह राष्ट्रीय स्तर पर बीते साल के स्तर का 117.6 फीसदी और सामान्य औसत का 115.9 फीसदी है। यह जल स्तर में समग्र सुधार का संकेत है। हालांकि, सीडब्ल्यूसी ने चेतावनी दी है कि यह औसत आंकड़ा क्षेत्रीय जल असंतुलन को छुपाता है। एजेंसी

### कई प्रमुख जलाशयों में जल संकट

औसत राष्ट्रीय आंकड़े बेहतर हैं, लेकिन देशभर के 41 जलाशयों में सामान्य से 80 फीसदी से भी कम जल संग्रह है और इनमें से 17 में यह 50 फीसदी से भी कम जल है। संकटग्रस्त प्रमुख जलाशयों में पोंग डैम (हिमाचल), मच्छू 2 (गुजरात), भीमा उज्जैनी (महाराष्ट्र) और शोलायार (तमिलनाडु) शामिल हैं। चिंता की बात यह है कि प्रियदर्शिनी जुराला (तेलंगाना) और रंगावन (उत्तर प्रदेश) सहित पांच जलाशय पूरी तरह सूख चुके हैं।

### पूर्वी क्षेत्र में गहरा जल संकट

बिहार, ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल जैसे पूर्वी राज्यों में जलाशय केवल 27.87 फीसदी क्षमता पर भरे हैं। ये बीते साल के 35.97 फीसदी और सामान्य 34.64 फीसदी से काफी कम है। ओडिशा के रेंगाली और अपर इंद्रावती, बिहार के बदुआ और चंदन, मिजोरम के तुइरियाल जलाशयों में जल स्तर बेहद कम है। तुइरियाल केवल 23.4 फीसदी सामान्य भंडारण पर काम कर रहा है।

### सिंधु बेसिन में जल की भारी कमी

हिमाचल प्रदेश, पंजाब और राजस्थान समेत उत्तरी राज्यों में जलाशय सिर्फ 24.09% क्षमता पर हैं, जबकि पिछले साल 29.5% था। हिमाचल का पोंग बांध केवल 40.22% और गोबिंद सागर 20.44% क्षमता पर काम कर रहे हैं। पंजाब का थीन डैम भी गंभीर जल की कमी से जूझ रहा है। सिंधु नदी तंत्र इस समय केवल 2.831 बीसीएम जल संग्रह कर पा रहा है। यह इसकी कुल क्षमता 14.819 बीसीएम का मात्र 19.1 फीसदी है।

### पश्चिमी क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन

महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा के जलाशय 34.7% क्षमता पर भरे हैं। ये पिछले वर्ष के 28.15% और सामान्य 27% से अधिक है। कई जलाशयों में भंडारण 50% है। मध्य भारत : मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड के जलाशय 37.8% क्षमता तक भरे हैं। यह बीते साल के 34.5% और 10 साल के औसत से 30 फीसदी बेहतर है। गांधी सागर, इंदिरा सागर और बाणसागर जैसे बड़े जलाशयों में खासा सुधार देखा गया है।

## लाहौल-स्पीति का त्सराप देश का सबसे बड़ा अभयारण्य घोषित

**शिमला।** हिमाचल के लाहौल-स्पीति का त्सराप चू भारत का सबसे बड़ा वन्यजीव रिजर्व घोषित किया गया है। 1,700 वर्ग किलोमीटर के इस विशाल क्षेत्र में हिम तेंदुए, साइबेरियन आइबैक्स और तिब्बती अर्गाली भी विचरण करते हैं। किब्बर, चंद्रताल अभयारण्य और लद्दाख में चांगथांग अभयारण्य के बीच यह रिजर्व गलियारे का काम करेगा। वन्यजीव संरक्षण और पारिस्थितिकी सुरक्षा के लिए हिमाचल सरकार ने वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 36ए (1) के तहत आधिकारिक तौर पर त्सराप चू क्षेत्र को संरक्षण रिजर्व घोषित किया है। इस घोषणापत्र के साथ त्सराप चू अब तक का भारत का सबसे बड़ा संरक्षण रिजर्व बन गया है। ब्यूरो

## भारत व न्यूजीलैंड के बीच एक दशक बाद एफटीए पर हुई बात

### मुक्त व्यापार समझौते से निवेश के खुलेंगे नए द्वार

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर शुक्रवार को पहले दौर की बातचीत सफल रही। लगभग एक दशक बाद यह बातचीत फिर से शुरू हुई है। अधिकारियों का मानना है कि वार्ता के नए दौर से दोनों देशों के व्यापारिक संबंधों में तेजी आएगी और व्यापार व निवेश के नए द्वार खुलेंगे।

सूत्रों ने बताया कि राजधानी दिल्ली में पांच दिनों तक दोनों देशों के अधिकारियों के बीच हुई वार्ता में समझौते के लिए जरूरी आपसी महत्व के कई मुद्दों पर चर्चा हुई। भारत और न्यूजीलैंड ने 16 मार्च को घोषणा की थी कि वे व्यापक और आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) को फिर से शुरू करेंगे। यह वार्ता सबसे पहले अप्रैल, 2010 में शुरू हुई थी, लेकिन फरवरी, 2015 में दसवें दौर के बाद बिना किसी ठोस नतीजे के रुक गई थी। ब्यूरो



**द्विपक्षीय व्यापार एक अरब डॉलर के पार :** वार्ता की बहाली ऐसे वक्त में हुई है, जब दोनों देशों के बीच व्यापार में लगातार वृद्धि हो रही है। अप्रैल, 2024 से इस साल जनवरी में द्विपक्षीय व्यापार एक अरब अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार कर गया।

## न्यूज डायरी

### आंध्र के पूर्व सीएम जगन ने जेड प्लस सुरक्षा के लिए दी याचिका

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने केंद्र से जेड प्लस सुरक्षा कवर बहाल करने की मांग को लेकर आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दायर की। जगन ने याचिका में आरोप लगाया कि बिना किसी पूर्व सूचना या खतरे के पुनर्मूल्यांकन के उनकी सुरक्षा से अचानक 58 कर्मियों को कम कर दिया गया। जगन ने कोर्ट से अनुरोध किया कि केंद्र को उनके व्यक्तिगत सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने और उचित सुरक्षा देने का निर्देश दिया जाए, क्योंकि उनके जीवन को लगातार खतरा बना हुआ है। एजेंसी

### तेलंगाना : पुलिस के समक्ष 38 माओवादियों का आत्मसमर्पण

**हैदराबाद।** छत्तीसगढ़ के प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के 38 सदस्यों ने शुक्रवार को तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। विभिन्न कैडर के 38 माओवादियों ने नक्सलवाद का रास्ता छोड़कर अपने परिवार के सदस्यों के साथ शांतिपूर्ण जीवन जीने का फैसला किया है। पुलिस के अनुसार जनवरी से अब तक 265 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। प्रतिबंधित माओवादी पार्टी ने जनजातीय लोगों के बीच समर्थन खो दिया है तथा अपनी पुरानी विचारधारा के साथ एजेंसी क्षेत्रों के विकास में बाधा डाल रही है। एजेंसी

### टाटा मेमोरियल अस्पताल को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** टाटा मेमोरियल अस्पताल को शुक्रवार सुबह परिसर में बम होने की धमकी मिली थी, हालांकि जांच के बाद ईमेल पर मिली यह धमकी फर्जी निकली। भोईवाड़ा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि अस्पताल के आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजे गए मेल में परिसर में बम होने और मरीजों को वहां से हटाने को कहा गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस तुरंत हरकत में आई और परिसर की तलाशी ली। हालांकि,कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच कर रही है। एजेंसी

### केरल : निपाह वायरस के छह संदिग्धों की रिपोर्ट निगेटिव

**मल्लपुरम।** केरल में निपाह वायरस के छह संदिग्धों की रिपोर्ट निगेटिव आई है। केरल सरकार ने शुक्रवार को बताया कि मलप्पुरम जिले में निपाह वायरस के सभी छह मरीजों की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। केरल के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि संक्रमित रोगी के संपर्क में आए कुल 49 लोग निगरानी में हैं, जिनमें 45 उच्च जोखिम वाले हैं। कम जोखिम वाले चार मरीजों की भी सरकार निरंतर निगरानी में रख रही है। एर्नाकुलम की एक नर्स के नमूने परीक्षण के लिए भेजे गए थे जिसके परिणाम निगेटिव आए हैं। एजेंसी

## ऑनलाइन पोल

amarujala.com/poll

**क्या पाकिस्तान की उकसावे वाली हरकतों के बाद आईएमएफ को आतंकवाद के पनाहगार देश को मिलने वाली मदद रोक देनी चाहिए?**

(1) हां (2) नहीं

### पिछले पोल का रिजल्ट

रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास के बाद क्या उनकी जगह शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी सौंपी जा सकती है?

| | |
|---|---|
| हां | 58.97% |
| नहीं | 41.03% |

# किसी भी राज्य को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लिए बाध्य नहीं कर सकते : सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष कोर्ट ने तमिलनाडु, केरल व बंगाल में त्रिभाषा फार्मूला वाली याचिका की खारिज

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 द्वारा प्रस्तावित तीन-भाषा फॉर्मूले को तमिलनाडु, केरल और बंगाल में लागू करने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज कर दी।

जस्टिस जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका पर विचार करने से इन्कार करते हुए कहा कि अदालत किसी राज्य को राष्ट्रीय

**मामला 1**

शिक्षा नीति 2020 जैसी नीति अपनाने के लिए सीधे तौर पर बाध्य नहीं कर सकती। हालांकि, अगर राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित राज्य की कार्रवाई या निष्क्रियता किसी मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती है तो अदालत हस्तक्षेप कर सकती है। हम इस रिट याचिका में इस मुद्दे की जांच करने का प्रस्ताव नहीं रखते हैं। यह याचिका भाजपा के वकील जीएस मणि ने दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि केंद्र सरकार की राष्ट्रीय शैक्षिक नीति को लागू करने या समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से राज्य सरकार का इन्कार जनहित को नुकसान पहुंचा सकती है या नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन कर सकती है।

नहीं माना मौलिक अधिकार का उल्लंघन...याचिका में राज्य सरकारों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने और एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए निर्देश देने की मांग की गई थी, जिसमें मौलिक लोक कल्याण और शिक्षा के अधिकार, सांविधानिक अधिकार, या सरकारी दायित्वों को नजरअंदाज किया जा रहा है या उनका उल्लंघन किया जा रहा है।



### विधि पाठ्यक्रम की समीक्षा संबंधी अर्जी लंबित याचिका से जोड़ी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देश में पांच वर्षीय विधि पाठ्यक्रमों की समीक्षा के लिए विधि शिक्षा आयोग या विशेषज्ञ समिति के

**मामला 2**

गठन के अनुरोध से संबंधित जनहित याचिका को लंबित याचिका के साथ जोड़ने का आदेश दिया। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने नोटिस जारी करने से इन्कार करते हुए एक याचिका के साथ सुनवाई पर सहमति जताई। पीठ ने कहा हम इस याचिका को दूसरी याचिका से जोड़ेंगे। ब्यूरो

### 87 में से 71 गवाहों के मुकरने पर 6 हत्यारोपियों को मिली सुप्रीम रिहाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के मामले में मृतक पिता के बेटे समेत 87 में से 71 गवाहों के मुकर जाने पर छह हत्यारोपियों को बरी कर दिया। शीर्ष अदालत कर्नाटक हाईकोर्ट के 27 सितंबर, 2023 के आदेश को रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के

**मामला 3**

फैसले को खारिज करते हुए इस मामले में छह आरोपियों को दोषी ठहराया था। जस्टिस सुधांशु धूलिया व जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने 49 पन्नों के फैसले में कहा, अनसुलझे अपराध के लिए भारी मन से, लेकिन आरोपियों के खिलाफ सबूतों की कमी के मुद्दे पर संदेह नहीं होने के कारण, हम आरोपियों को बरी करते हैं। हम हाईकोर्ट का फैसला पलटते हुए ट्रायल कोर्ट के निर्णय को बहाल करते हैं। पीठ ने गवाहों के मुकर जाने और अति उत्साही जांच पर अफसोस जताया। पीठ ने कहा कि जांच में आपराधिक कानून के बुनियादी सिद्धांतों की पूरी तरह अनदेखी की गई। ऐसी अनदेखी अक्सर मजाक बनकर रह जाता है।

■ **यह एक क्लासिक मामला...**पीठ ने कहा, यह एक क्लासिक मामला है। गवाह पिछले बयानों से मुकर जाते हैं, बरामदगी से इन्कार करते हैं और चश्मदीद गवाह अंधे हो जाते हैं। कुल 87 में से 71 गवाह मुकर गए। इससे अभियोजन पक्ष को पुलिस और सरकारी गवाहों की गवाही पर ही टिके रहना पड़ा। यहां तक कि एक युवक, जो महत्वपूर्ण चश्मदीद गवाह है। जिसने अपने पिता को मौत के घाट उतारते हुए देखा, हमलावरों की पहचान करने में विफल रहा। ब्यूरो

### तत्काल टिकट बुकिंग पर सुप्रीम सुनवाई से इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र को आईआरसीटीसी तत्काल बुकिंग सिस्टम की गहन जांच करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता अपनी शिकायत के साथ अधिकार क्षेत्र वाले हाईकोर्ट में जा सकते हैं।

**मामला 4**

पीठ ने कहा कि वह याचिका के गुण-दोष पर टिप्पणी नहीं कर रही है। याचिका में संबंधित अधिकारियों को भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम की तत्काल बुकिंग प्रणाली का गहन ऑडिट कराने का निर्देश देने की मांग की गई है। अधिकारियों को सख्त साइबर सुरक्षा उपायों को लागू करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है, ताकि अवैध एजेंटों और दलालों को स्वचालित बॉट्स और अवैध सॉफ्टवेयर प्रोग्राम के माध्यम से तत्काल बुकिंग प्रणाली में हेरफेर करने से रोका जा सके। बता दें कि ट्रेन यात्रा से एक दिन पहले तत्काल टिकट बुक किए जा सकते हैं। ब्यूरो

# मीडिया से सामग्री हटाने को कहना अदालतों का काम नहीं

## विकिपीडिया पेज को हटाने वाला दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश खारिज

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मीडिया को उसकी सामग्री या खबर हटाने के लिए कहना अदालतों का काम नहीं है। शीर्ष अदालत ने इस टिप्पणी के साथ न्यूज एजेंसी एएनआई के मामले से जुड़े विकिपीडिया पेज को हटाने का निर्देश देने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया। जस्टिस अभय एस ओका व जटिस उज्ज्ल भुइयां की पीठ ने इस सिद्धांत को दोहराया कि अदालतें जनता के लिए खुली संस्थाएं हैं।

**मामला 5**

न्यायिक कार्यवाही के बारे में मीडिया रिपोर्टिंग पर हल्के ढंग से अंकुश नहीं लगाया जा सकता। पीठ ने कहा कि एक सार्वजनिक संस्था के रूप में अदालतों को हमेशा जनता के लिए खुला रहना चाहिए और जो मुद्दे विचाराधीन हैं, उन पर जनता और प्रेस में बहस की जा सकती है। न्यायालय का यह कर्तव्य नहीं है कि वह मीडिया को कहे कि इसे हटाओ और उसे हटाओ। न्यूज एजेंसी ने विकिपीडिया के स्वामित्व वाली विकिमीडिया फाउंडेशन पर आरोप लगाया था कि उसके पेज पर दी गई जानकारी अपमानजनक है और अदालती कार्यवाही में हस्तक्षेप के समान है।

**न्यायपालिका मीडिया दोनों लोकतंत्र के आधारभूत स्तंभ...**जस्टिस भुइयां ने कहा, न्यायपालिका और मीडिया दोनों ही लोकतंत्र के आधारभूत स्तंभ हैं, जो संविधान की एक बुनियादी विशेषता है। उदार लोकतंत्र के लिए, दोनों को एक-दूसरे का पूरक होना चाहिए। किसी भी व्यवस्था में सुधार के लिए, जिसमें जिम्मेदार भी शामिल है, आत्मनिरीक्षण महत्वपूर्ण है। यह तब हो सकता है जब न्यायालय के मौजूदा विद्वानों पर भी बहस हो।

**जज आलोचनाओं का जवाब नहीं दे सकते मगर अवमानना होगी तो कार्रवाई करनी पड़ेगी..**पीठ ने कहा, हालांकि आलोचना करने वालों को याद रखना चाहिए कि जज ऐसी आलोचना का जवाब नहीं दे सकते। लेकिन अगर कोई प्रकाशन न्यायालय या जजों बदनाम करता है और अगर अवमानना का मामला बनता है, तो निश्चित रूप से अदालत को कार्रवाई करनी चाहिए।

### याचिकाओं को सरल व संक्षिप्त बनाने की जरूरत : सीजेआई



**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने न्यायिक कार्यवाही में याचिकाओं को सरल और संक्षिप्त बनाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि याचिकाओं की ड्राफ्टिंग यानी मसौदा तैयार करने की कला में महारत हासिल करने के लिए बहुत प्रयास करने की आवश्यकता है।

अगले सप्ताह सेवानिवृत्त होने जा रहे सीजीआई ने कहा कि 'कम ही ज्यादा है' यानी चीजों को सरल रखने के सिद्धांत को अपनाने की आवश्यकता है, क्योंकि याचिकाओं में स्पष्टता वकीलों और न्यायाधीशों दोनों के लिए लाभदायक है। वह सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) की ओर से उन्हें विदाई देने के लिए आयोजित एक समारोह में बोल रहे थे। वह 13 मई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

सीजेआई पद के लिए मनोनीत जस्टिस बीआर गवई ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सीजेआई खन्ना अपने कार्यकाल के दौरान पारदर्शिता और समावेशिता लेकर आए। जस्टिस गवई 14 मई को 52वें सीजेआई के रूप में शपथ लेंगे। सीजेआई खन्ना ने सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड के महत्व के बारे में बताया और कहा कि वे न केवल सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता हैं, बल्कि देश भर के नागरिकों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा, एक चीज जो मुझे अभी भी महसूस होती है कि हम वास्तव में नहीं सीख पाए हैं, वह है ड्राफ्टिंग की कला। आप जितना कम बोलेंगे, याचिकाएं जितनी छोटी होंगी, याचिकाएं जितनी स्पष्ट होंगी, यह आपके और न्यायाधीशों दोनों के लिए कहीं अधिक लाभकारी होगा। ब्यूरो

# हैकर शेनजेन ने स्टार हेल्थ के अफसरों को जान से मारने की धमकी की ली जिम्मेदारी

## भारतीय स्वास्थ्य बीमा कंपनी के ग्राहकों ने मांगी थी मदद तब किया निजी डाटा लीक

**नई दिल्ली।** बीते साल भारत की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा कंपनी स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस से जुड़े ग्राहकों के निजी डाटा लीक होने पर खासा हो हल्ला मचा था और इसके लिए स्टार हेल्थ को खासी आलोचना झेलनी पड़ी थी। अब शेनजेन उपनाम से मशहूर हैकर ने दावा किया है कि उसने कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) को जान से मारने की धमकियां और जिंदा कारतूस भेजे थे।

समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने बीते साल सितंबर में रिपोर्ट दी थी कि शेनजेन ने उसे भेजे ईमेल में स्टार हेल्थ के 3.1 करोड़ ग्राहकों की मेडिकल रिपोर्ट सहित उनका संवेदनशील 7.24 टेराबाइट का निजी डाटा लीक करने और इस डाटा के संभावित खरीदारों से बात करने की जानकारी दी थी। इसके बाद रॉयटर्स ने पहली बार खुलासा किया है कि शेनजेन ने 31 मार्च को तस्वीरों सहित भेजे इस ईमेल में बताया था कि उसने फरवरी में चेन्नई में स्टार हेल्थ मुख्यालय को दो पार्सल भेजे। ये पार्सल सीईओ आनंद रॉय और सीएफओ निलेश कांबली के नाम पर थे। इनमें कारतूस और एक धमकी भरा नोट शामिल था और इसमें लिखा था, अगली गोली तुम्हारे और तुम्हारे लोगों के सिर में जाएगी। टिक टिक टिक। हालांकि, रॉयटर्स ने हैकर की पहचान और उसके भेजे ईमेल के दावों और उद्देश्य की पुष्टि नहीं की है। ब्यूरो

### तमिलनाडु पुलिस की जांच जारी, एक आरोपी गिरफ्तार

द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार,तमिलनाडु पुलिस इस धमकी की जांच कर रही है और इसे शेनजेन से जोड़ चुकी है। तीन पुलिस सूत्रों ने जांच की पुष्टि की,लेकिन संवेदनशीलता के चलते नाम उजागर करने से इनकार कर दिया। एक सूत्र ने बताया कि पड़ोसी राज्य तेलंगाना से एक व्यक्ति को हाल ही में गिरफ्तार किया गया है। इसने कथित रूप से शेनजेन के के कहने पर ये पार्सल कुरियर किए थे। इस व्यक्ति की पहचान और हिरासत के हालात अज्ञात है।

## बंगाल : एसटीएफ ने किए जेएमबी के दो आतंकी गिरफ्तार

**कोलकाता।** प. बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने बीरभूम जिले से बांग्लादेशी आतंकी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन (जेएमबी) के दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को रामपुरहाट की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजमोल हुसैन और साहेब अली खान के रूप में की गई है। पुलिस ने इन्हें 8 मई की रात नलहाटी और मुरारई इलाकों से धर दबोचा। अधिकारी के अनुसार, ये दोनों जेएमबी के विचारधारा का प्रचार कर रहे थे और एन्क्रिप्टेड माध्यमों से देशविरोधी व जिहादी सामग्री फैलाने में शामिल थे। ब्यूरो

## अब ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म बगैर लाइसेंस नहीं बेच सकेंगे वॉकी-टॉकी, लगी रोक

### उपभोक्ता मामलों के विभाग ने अमेजन सहित सभी को दिया नोटिस

**नई दिल्ली।** अमेजन, फ्लिपकार्ट, मीशो, फेसबुक, इंडियामार्ट और जियोमार्ट जैसे 13 ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म उचित फ्रिक्वेंसी डिस्क्लोजर, इक्विपमेंट टाइप अप्रूवल यानी ईटीए या लाइसेंसिंग जानकारी के बिना वॉकी-टॉकी को नहीं बेच पाएंगे। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने नोटिस भेज कर इस तरह की अवैध बिक्री को रोकने को कहा है।

सीसीपीए ने कहा, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों पर वॉकी-टॉकी की बिक्री वायरलेस ऑपरेटिंग लाइसेंस की जरूरतों या लागू कानूनों के अनुपालन के संबंध में स्पष्ट जानकारी के बिना की जा रही है। वॉकी-टॉकी के ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर लिस्टिंग में यह तय नहीं किया गया है कि डिवाइस के उपयोग के लिए संबंधित प्राधिकरण से लाइसेंस की जरूरत है या नहीं। इस तरह की जानकारी नहीं देने से आम जनता यह सोचती है कि वह स्वतंत्र रूप से वॉकी-टॉकी का उपयोग कर सकती है। एजेंसी

### जल्द जारी होंगे दिशा-निर्देश

विभाग की सचिव निधि खरे ने बताया, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर वॉकी-टॉकी सहित लाइसेंस प्राप्त फ्रीक्वेंसी रेंज वायरलेस टेलीग्राफी उपकरणों की अवैध बिक्री और उपयोग की रोकथाम और रेगुलेशन के लिए दिशा निर्देश जल्द ही उपभोक्ता मामलों के विभाग की वेबसाइट पर डाले जाएंगे। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को निर्देश दिया गया कि वे अपने प्लेटफॉर्म पर लिस्टिंग की निगरानी करें और लागू कानूनों का पालन करने में विफल रहने वाले सभी विक्रेताओं को तुरंत हटा दें।

## छत्तीसगढ़ : 16 लाख रुपये के इनामी नक्सली दंपती का आत्मसमर्पण

**कोंडागांव/नारायणपुर।** 16 लाख रुपये के इनामी माओवादी दंपती ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के कोंडागांव में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधीक्षक वाई अक्षय कुमार ने बताया कि रायसिंह कुमेटी उर्फ रतनसिंह कुमेटी (35) और उसकी पत्नी पुनाय अचला उर्फ हिरोंडा (34) ने खोखली माओवादी विचारधारा से निराश होकर समर्पण किया है। वाई अक्षय कुमार ने बताया कि कुमेटी 2009 में राजनांदगांव में हुए हमले में शामिल था, जिसमें 29 पुलिसकर्मी मारे गए थे। दंपती पर 8-8 लाख रुपये का इनाम था। इस बीच, नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि ओरछा थाना क्षेत्र के जंगल से कोंडाराम उसेंडी और करंजे उसेंडी दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। एजेंसी

**नारायणपुर के ओरछा जंगल से दो गिरफ्तार**

**मौसम** | लबालब होंगे जलस्रोत...खेती को मिलेगी संजीवनी, कुछ स्थानों पर हल्की बारिश का अनुमान

# इस बार भारत समेत दक्षिण एशिया पर मेहरबान रहेगा मानसून

अमर उजाला नेटवर्क

**नई दिल्ली।** इस वर्ष जून से सितंबर के बीच दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान भारत समेत दक्षिण एशिया के अधिकांश क्षेत्रों में औसत से अधिक वर्षा हो सकती है। दक्षिण एशियाई जलवायु पूर्वानुमान मंच (साउथ एशियन क्लाइमेट आउटलुक फोरम-एसएसीओएफ) ने यह अनुमान लगाया है।



माना जा रहा है कि मानसून की मेहबानी कृषि और जल संरक्षण से जुड़े क्षेत्रों के लिए यह पूर्वानुमान उम्मीद की किरण लेकर आएगा। हालांकि, इस पूरे क्षेत्र में वर्षा समान रूप से नहीं होगी। रिपोर्ट में यह भी संकेत दिए गए हैं कि उत्तर, पूरब और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर औसत से कम बारिश दर्ज की जा सकती है। साथ ही इस साल तापमान भी सामान्य से अधिक बने रहने की संभावना है, जिससे गर्मी के प्रभावों में बढ़ोतरी हो सकती है।

### नौ देशों के मौसम विभाग ने तैयार किया पूर्वानुमान

जलवायु के इस क्षेत्रीय पूर्वानुमान को भारत, नेपाल, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, भूटान, अफगानिस्तान, मालदीव और म्यांमार के मौसम विभागों ने मिलकर तैयार किया है। अब इन एजेंसियों की जिम्मेदारी होगी कि वे इस पूर्वानुमान को स्थानीय स्तर पर लागू करें ताकि कृषि, ऊर्जा, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन से जुड़ी रणनीतियों में सुधार हो सके। मानसून के संभावित व्यवहार की सही जानकारी मौसम-संवेदनशील क्षेत्रों जैसे कृषि और जलविद्युत के लिए बेहद मायने रखती है। इसकी मदद से न केवल बेहतर योजना बनाई जा सकती है बल्कि सही समय पर सही निर्णय भी लिए जा सकते हैं।

### बढ़ेगा बाढ़ और भूस्खलन का खतरा

रिपोर्ट के अनुसार जहां अच्छी बारिश राहत देती है, वहीं अत्यधिक बारिश बाढ़, भूस्खलन और अन्य प्राकृतिक आपदाओं का कारण भी बन सकती है। पिछले वर्षों में देखा गया है कि मानसून से जुड़ी आपदाएं दक्षिण एशिया में हर साल हजारों लोगों की जान और अरबों डॉलर की संपत्ति को नुकसान पहुंचाती हैं।

### अल नीनो या ला नीना सक्रिय नहीं

विशेषज्ञों ने कहा, वर्तमान में प्रशांत महासागर में अल नीनो या ला नीना जैसी कोई स्थिति सक्रिय नहीं है, जिससे लगे कि मानसून पर इनका प्रभाव सीमित रहेगा। वहीं, हिंद महासागर द्विध्रुव (आईओडी) जैसी स्थितियों की निगरानी भी महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि यह भारतीय उपमहाद्वीप के साथ-साथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के मौसम पर भी असर डालती है।

# हिमालय क्षेत्रों में बने प्लास्टिक पहाड़...71% रिसाइकल योग्य नहीं

## चिंताजनक : कंपनियां कर रहीं झूठा दावा...मौजूदा हालात पर्यावरण के लिए घातक

अमर उजाला नेटवर्क

**नई दिल्ली।** भारत के हिमालयी क्षेत्रों में प्लास्टिक कचरे के पहाड़ बढ़ते जा रहे हैं। ये प्लास्टिक कचरा 80 फीसदी से अधिक प्लास्टिक कचरा सिंगल-यूज फूड और बेवरेज पैकेजिंग से उत्पन्न हो रहा है। इस कचरे का लगभग 71 फीसदी हिस्सा ऐसा है, जिसे रिसाइकल नहीं किया जा सकता।

द हिमालयन क्लीनअप (टीएचसी) 2024 की रिपोर्ट कंपनियों के उस प्रचार को झुठलाती है, जिसमें वे खुद को पर्यावरण के लिए उत्तरदायी बताने का दावा करते हैं। अध्ययन में यह भी सामने आया कि इन क्षेत्रों में मिलने वाले कचरे में रिसाइक्लिंग योग्य प्लास्टिक जैसे पीईटी (पॉलीइथाइलीन टेरेफ्थेलेट) की हिस्सेदारी सिर्फ 18.5 फीसदी है। सिक्किम, दार्जिलिंग और लद्दाख जैसे पहाड़ी इलाकों में कचरे की भारी मात्रा को देखते हुए, टीएचसी की रिपोर्ट ने यह भी संकेत दिया है कि कंपनियों की ओर से रिसाइक्लिंग का प्रचार केवल एक भ्रम है क्योंकि अधिकांश प्लास्टिक कचरे को रिसाइकल नहीं किया जा सकता।



**बड़े प्रदूषक ब्रांड्स**

रिपोर्ट में प्रमुख प्लास्टिक प्रदूषकों में वाई-वाई, मामा और मीमी जैसे इंस्टेंट नूडल्स ब्रांड्स और मैगी हैं। स्टिंग (पेप्सिको) की खाली बोतले तीसरे स्थान पर है, जो अकेले कुल कचरे का 20.3% हिस्सा हैं। इसके अलावा, सेंटरफ्रेश (परफेटी), बिंगो (आईटीसी), लेज, कुरकुरे, फ्रूटी, एप्पी, कोका कोला, बिसलेरी जैसी कंपनियों के उत्पादों की पन्नियां और बोतलें बड़ी मात्रा में मिलीं।

### मल्टी लेयर्ड प्लास्टिक पर लगे प्रतिबंध

रिपोर्ट में समाधान के लिए कई ठोस सुझाव दिए गए हैं। इनमें मल्टी लेयर्ड प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। इसके साथ ही प्रदूषणकारी कंपनियों की जवाबदेही तय की जाए। स्कूलों के पास जंक फूड और एनर्जी ड्रिंक्स की बिक्री पर रोक लगे। फ्रंट-ऑफ-पैकेज लेबलिंग को अनिवार्य किया जाए। इसके अतिरिक्त रिसाइक्लिंग से आगे बढ़कर डिजाइन आउट वेस्ट नीति लागू की जाए, जिससे उत्पाद पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव डालें। पर्वतीय क्षेत्रों के लिए अलग कचरा प्रबंधन संसाधन उपलब्ध कराए जाएं।

### सेहत के लिए भी नुकसानदायक

रिपोर्ट में कहा गया है कि हिमालयी क्षेत्र में बढ़ता प्लास्टिक कचरा न केवल पारिस्थितिक तंत्र के लिए गंभीर संकट पैदा कर रहा है बल्कि इससे स्थानीय समुदायों के स्वास्थ्य और जीवनशैली पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। सरकार, उद्योग और समाज मिलकर इस संकट का समाधान निकालें, वरना आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक सिद्ध होगा।

# एजुकेशन & कॅरिअर

सफल होने के लिए आपको अपने काम में एकाग्रता लानी होगी।

## अमर उजाला Job Alert

Real-time job alerts amarujala.com/jobs

### एसबीआई में रोजगार के अवसर

सीबीओ के पदों पर निकली भर्ती




2964 पद

आवेदन की अंतिम तिथि : 29 मई, 2025
आयु-सीमा : न्यूनतम आयु 21 वर्ष व अधिकतम आयु 30 वर्ष
यहां आवेदन करें : sbi.co.in

### कॉटन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया में मौके ■ 147 पद

मैनेजमेंट ट्रेनी, जूनियर असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव व अन्य पद खाली
आवेदन की अंतिम तिथि 24 मई, 2025
योग्यताएं
बीएससी एग्रीकल्चर व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें cotcorp.org.in

### इसरो में आवेदन आमंत्रित ■ 31 पद

वैज्ञानिक इंजीनियर के पदों पर निकली भर्ती
आवेदन की अंतिम तिथि 30 मई, 2025
योग्यताएं
बीएससी/एमएससी व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें isro.gov.in

### बिहार कर्मचारी चयन आयोग ■ 201 पद

क्षेत्र सहायक के पदों पर रोजगार के अवसर
आवेदन की अंतिम तिथि : 21 मई, 2025
पात्रताएं : आईएससी, कृषि डिप्लोमा व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें : bssc.bihar.gov.in

### वन एवं वन्यजीव विभाग, दिल्ली में मौके ■ 30 पद

फॉरेस्टर के पदों पर रिक्तियां
आवेदन की अंतिम तिथि 07 जुलाई, 2025
वेतनमान
रुपये 21,700 से लेकर रुपये 69,100 प्रतिमाह निर्धारित
यहां आवेदन करें eforest.delhi.gov.in

### आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड ■ 18 पद

उप-प्रबंधक, प्रबंधक व अन्य पदों पर आवेदन आमंत्रित
आवेदन की अंतिम तिथि 30 मई, 2025
वेतनमान
रुपये 40,000 से लेकर रुपये 70,000 रुपये प्रतिमाह
यहां आवेदन करें avnl.co.in

### यहां भी रोजगार की संभावनाएं...

- भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण : सलाहकार के पदों पर करें आवेदन।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 02 जून, 2025
  ■trai.gov.in
- हरिद्वार नेचुरल गैस प्राइवेट लिमिटेड : वरिष्ठ अधिकारी के पदों पर अवसर।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 30 मई, 2025
  ■hngpl.in

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

## खुद की ब्रांडिंग भी है जरूरी



*यदि आप एआई इंटरेक्शन, वीडियो स्टोरीटेलिंग और आकर्षक प्रेजेंटेशन देने में महारत हासिल करना चाहते हैं, तो फोर्ब्स के स्तंभकार विलियम अरुडा के सुझावों को अपनाकर आप अपने व्यक्तिगत ब्रांड को बढ़ा सकते हैं।*

इस आधुनिक परिदृश्य में लोगों से जुड़ाव के लिए संचार के नए तरीकों में महारत हासिल करना जरूरी है। इसके लिए आपको अपने भीतर नई मानसिकता और संचार कौशल विकसित करना होगा। कार्यस्थल पर लंबे ई-मेल, टेक्स्ट-बड़े-बड़े प्रेजेंटेशन और लंबी मीटिंग के पुराने तरीकों की जगह विजुअल और एआई-सहायता प्राप्त संचार विधियां अपनाई जा रही हैं। याद रखें कि आज आपको सिर्फ बोलने या लिखने की जरूरत नहीं है, बल्कि वर्चुअल बातचीत, एआई इंटरेक्शन, वीडियो स्टोरीटेलिंग और आकर्षक प्रेजेंटेशन में महारत हासिल करने की भी जरूरत है। इसके जरिये आप अपनी संचार शैली को बेहतर बनाकर अपने व्यक्तिगत ब्रांड को बढ़ा सकते हैं।

**■ वर्चुअल मीटिंग, अब सामान्य है**

वर्चुअल मीटिंग को इतना खास बनाएं कि लोग आपके प्रेजेंटेशन से आकर्षित हो सकें। इस दौरान अपनी उपस्थिति को अधिक रुचिकर बनाने पर फोकस करें। अपनी प्रेजेंटेशन की स्लाइड्स में सिर्फ शब्दों का इस्तेमाल न करें, बल्कि अपने संचार को दिलचस्प बनाने के लिए



विजुअल का इस्तेमाल करें। लोगों को प्रभावित करने के लिए पोल तथा वर्ड क्लाउड से लेकर क्विज और गेम भी शामिल कर सकते हैं। इसका सही तरीके का उपयोग आपके लिए खुद का ब्रांडिंग टूल भी हो सकता है।

**■ एआई के साथ संवाद करना**

एआई अब संचार का एक अनिवार्य हिस्सा है और इसके उपयोग के लिए इसे जानना एक आवश्यक कौशल है। सबसे पहले एआई को एक मानव सहायक के रूप में सोचें। एआई इंटरेक्शन को एक वास्तविक वार्तालाप की तरह समझें। इसके साथ बातचीत में अपनी शैली डालें और इसे प्रामाणिक रूप से अपनाने का प्रयास करें।

**■ वीडियो संचार प्रभावी कुंजी**

वीडियो नेतृत्व और आंतरिक संचार के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है। इससे अधिक संभावना होती है कि आपके द्वारा पोस्ट की गई चीजों को लोग जल्द ही देख सकते हैं। वीडियो लोगों के सामने आवाज, भावना और प्रामाणिकता को उन तरीकों से पेश करता है, जो टेक्स्ट से नहीं जोड़ा जा सकता। इसके लिए आपको वीडियो कैमरे से फ्रेंडली होना होगा।

**■ संवाद स्पष्ट हो**

आज के कार्यस्थल संवाद में लंबी-चौड़ी व्याख्याएं काम नहीं आती हैं। अगर आप चाहते हैं कि लोग आपकी बात को सुनें, तो संवाद को सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण बात से शुरुआत करें। इसके लिए मजबूत व सरल भाषा का इस्तेमाल करें। आपके संवाद में स्पष्टता भी महत्वपूर्ण है।

### फेलोशिप प्रोग्राम

## नेक्स्ट जेनरेशन फोरसाइट प्रैक्टिशनर फेलोशिप

**नेक्स्ट** जेनरेशन फोरसाइट प्रैक्टिशनर (एनजीईपी) फेलोशिप प्रोग्राम के लिए युवा पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इस फेलोशिप में वही उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र हैं, जो उभरते व्यवसाय में रुचि रखते हैं और भविष्य के लिए सामाजिक व पर्यावरणीय भलाई के लिए सहयोगात्मक तरीके से अपना योगदान देना चाहते हैं। इस फेलोशिप में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 35 वर्ष होनी चाहिए। फेलोशिप के तहत उम्मीदवारों को शुरुआती दौर में 1,000 अमेरिकी डॉलर और आगे की महत्वपूर्ण प्रगति और योगदान के लिए 10,000 अमेरिकी डॉलर का भव्य पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2025 निर्धारित की गई है। योग्य उम्मीदवार अपनी अर्हता की जांच करते हुए आधिकारिक लिंक nextgenforesight.org/fellowship/apply पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।



### आवेदन आमंत्रित

## माइक्रोसॉफ्ट का ऑनलाइन कोर्स

**स्वयं** प्लस पोर्टल पर माइक्रोसॉफ्ट के 'एज्योर सिक्योरिटी इंजीनियर एसोसिएट' ऑनलाइन कोर्स की शुरुआत की गई है। कोर्स की अवधि 19 घंटे निर्धारित है। इस कोर्स के पाठ्यक्रम में मैनेजर आइडेंटिटी एंड एक्सेस, सिक्योर नेटवर्किंग, सिक्योर कंप्यूटर, स्टोरेज एंड डाटाबेस और मैनेज सिक्योरिटी ऑपरेशन जैसे विषय शामिल हैं। कोर्स के दौरान एंड-टू-एंड इंफ्रास्ट्रक्चर व मल्टी-क्लाउड आदि से परिचित कराया जाएगा। साथ ही आपको एज्योर सिक्योरिटी इंजीनियरिंग के रूप में आर्किटेक्ट, प्रशासकों और डेवलपर्स के साथ मिलकर सुरक्षा के लिए योजना बनाने का अवसर भी मिलेगा। यदि आप इस ऑनलाइन कोर्स में शामिल होकर एज्योर सिक्योरिटी की बारीकियां सीखना चाहते हैं, तो आधिकारिक लिंक tinyurl.com/2wv9kvwf पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### एग्जाम अलर्ट — हफ्ते की परीक्षाएं

## आरपीएससी एसएसओ टॉक्सिकोलॉजी परीक्षा

- **परीक्षा की तिथि :** 15 मई, 2025
- परीक्षा में अभ्यर्थियों से संबंधित विषय से 100 अंकों के 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा में प्रत्येक गलत उत्तर के लिए नकारात्मक अंकन का प्रावधान है। परीक्षा की अवधि दो घंटे निर्धारित की गई है।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें** rpsc.rajasthan.gov.in

## एमपीईएसबी ग्रुप-I संयुक्त भर्ती परीक्षा

- **परीक्षा की तिथि :** 15 मई, 2025
- इस परीक्षा के खंड-अ में सामान्य ज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी और गणित से 100 अंकों के प्रश्न, जबकि खंड-ब में सामान्य एवं अभिरूचि, कंप्यूटर, सामान्य तार्किक योग्यता और सामान्य प्रबंधन से 100 अंकों के प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा की समयावधि तीन घंटे निर्धारित है।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें** esb.mp.gov.in

## खुद को परखें

1. आईएनएस तमाल किस श्रेणी के फ्रिगेट से संबंधित है?
   (a) शिवालिक श्रेणी
   (b) तलवार श्रेणी
   (c) क्रिवाक-III श्रेणी
   (d) कोलकाता श्रेणी
2. भीमगढ़ वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य में स्थित है?
   (a) ओडिशा (b) महाराष्ट्र
   (c) आंध्र प्रदेश (d) कर्नाटक
3. वैज्ञानिकों ने हाल ही में गोदावरी बेसिन में प्राचीन जंगली आग (पैलियोफायर) के साक्ष्य का पता लगाया है, जो किस भूवैज्ञानिक काल से संबंधित है?
   (a) जुरासिक काल
   (b) पर्मियन काल
   (c) कैम्ब्रियन काल
   (d) ट्राइसिक काल

उत्तर : 1.c, 2.d, 3.b

### सामान्य ज्ञान

## कॉसमॉस 482



**■ चर्चा में क्यों**

अंतरिक्ष यान कॉसमॉस 482 का एक भाग पांच दशकों से अधिक समय तक पृथ्वी की परिक्रमा करने के बाद वायुमंडल में पुनः प्रवेश करेगा।

**■ क्या है**

यह सोवियत युग का वीनस लैंडर है, जिसे वेनेरा अंतरिक्ष कार्यक्रम के तहत 31 मार्च, 1972 को प्रक्षेपित किया गया था।

**■ जोखिम कितना है**

इसे शुक्र ग्रह पर उतरना था, लेकिन 500 किलोग्राम वजनी लैंडर मॉड्यूल अंतरिक्ष में 50 से अधिक वर्षों तक फंसा रहा। हालांकि यान के पुन: प्रवेश के दौरान इसके मजबूत डिजाइन और पृथ्वी पर विशाल महासागर के कारण नुकसान की संभावना कम है।

**■ फंसने की वजह**

लॉन्च वाहन का ऊपरी चरण टाइमर की खराबी के कारण समय से पहले बंद हो गया था। इससे अंतरिक्ष यान पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बच नहीं पाया और इसे पृथ्वी की निचली कक्षा में भेज दिया गया। यान का मुख्य भाग अंततः वायुमंडल में जल गया, लेकिन लैंडर मॉड्यूल परिक्रमा करता रहा।

## पहचान

**शख्स :** रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट, अब पोप लियो XIV

**चर्चा :** कैथोलिक ईसाई समुदाय के सबसे बड़े धर्मगुरु बने।
**क्यों :** दो हजार साल के इतिहास में अमेरिका से पोप बनने वाले पहले व्यक्ति।

# शिकागो से वेटिकन

**शिकागो की गलियों से, पेरू के गरीब समुदायों से होते हुए वेटिकन के पवित्र सिंहासन तक, पोप लियो XIV की जीवन यात्रा विश्वास और सेवा की मिसाल है। ट्रंप की नीतियों के आलोचक, टेनिस के प्रशंसक और नई जगहों पर घूमने के शौकीन हैं। कुछ आरोप लगे हैं, लेकिन महज दो दिन में उनका चुना जाना, उनकी सर्वस्वीकार्यता को ही दर्शाता है।**

इक्कीस अप्रैल, 2025 को पोप फ्रांसिस के निधन के बाद उनका उत्तराधिकारी कौन होगा, इस बात की उत्सुकता न केवल दुनिया भर के ईसाई धर्मावलंबियों में थी, बल्कि अन्य समुदाय के लोग भी जानना चाहते थे कि वेटिकन सिटी की गद्दी पर कौन बैठेगा? बृहस्पतिवार यानी 8 मई को जब सिस्टिन चैपल की चिमनी से सफेद धुआं निकला और बाल्कनी का पर्दा उठा, और जब सफेद और लाल रंग की पोशाक पहने 69 वर्षीय रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट ने लोगों का अभिवादन किया, तो स्पष्ट हो गया कि दुनिया के 1.4 अरब सदस्यों वाले कैथोलिक चर्च के नए नेता यही हैं। रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट को अब पोप लियो XIV के नाम से जाना जाएगा। कैथोलिक चर्च के करीब दो हजार वर्ष के इतिहास में रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट अमेरिका में जन्मे ऐसे पहले व्यक्ति बन गए हैं, जो पोप बने हैं। इन्होंने ईसाई धर्मगुरु बनने के लिए एक छोटे पादरी से लेकर सबसे बड़े पादरी बनने तक दी जाने वाली हर कठिन परीक्षा को पार किया है। वह पोप इनोसेंट IV के तहत 1244 में स्थापित सेंट ऑगस्टीन की विचारधारा ऑगस्टीनियन का पालन करते हैं, जिसका मुख्य काम ईसाई धर्म का प्रचार करना होता है। पोप लियो XIV की नेतृत्व क्षमता को इसी से समझा जा सकता है कि कई दिनों तक चलने वाली पोप को चुनने की प्रक्रिया के तहत उन्हें सिर्फ दो दिन की वोटिंग के बाद ही चुन लिया गया। इतना ही नहीं बीते पचास वर्ष में पोप लियो XIV सबसे कम उम्र के पोप चुने गए हैं। वह कैथोलिक चर्च के कुल 267वें और तीसरी सहस्राब्दी के तीसरे पोप बने हैं।



### धर्म प्रचार की शुरुआत

*रोम में धर्म पादरी कानून की शिक्षा हासिल करने के बाद लियो XIV को 1985 में पेरू के चुलुकानास शहर में भेज दिया गया, जहां उन्होंने 1987 में 'द रॉल ऑफ द लॉकल प्रायर इन द ऑर्डर ऑफ सेंट ऑगस्टाइन' शीर्षक से डॉक्टरल थीसिस लिखी। यहां से वह पेरू में ही ट्रूजिलो चले गए, जहां उन्होंने एक दशक तक स्थानीय धर्मप्रांत के रूप में काम किया। वह 1999 में शिकागो लौटे और उन्हें शिकागो के ऑगस्टिनियन प्रांत का नेतृत्व करने के लिए चुना गया। 2001 में उन्हें सेंट ऑगस्टाइन के आदेश के जनरल चैप्टर के प्रायर जनरल के रूप में चुना गया और छह-छह साल के लगातार दो कार्यकाल में 2013 तक काम किया। वह 2014 में पेरू लौट आए और तब तक पेरू में रहे, जब तक कि पोप फ्रांसिस ने उन्हें 2023 में बिशप के लिए डिकास्टरी का नेतृत्व करने के लिए नियुक्त नहीं किया। यह वेटिकन में एक शक्तिशाली पद है, जो नए बिशप की नियुक्ति की देखरेख करता है। उसी वर्ष फ्रांसिस ने उन्हें कार्डिनल बनाया और 8 मई, 2025 को कैथोलिक ईसाई समुदाय के सर्वोच्च धर्मगुरु बन गए।*

### शुरुआत

रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट का जन्म 14 सितंबर, 1955 को अमेरिका के शिकागो में हुआ। उनके पिता लुई प्रीवोस्ट द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान नौसेना में अधिकारी थे। वह फ्रांसीसी और इतावली मूल के स्कूल अधीक्षक थे। रॉबर्ट की मां मिल्डर्ड मार्टिनेज स्पेनिश मूल की लाइब्रेरियन थीं। उनके दो भाई लाई मार्टिन और जॉन जोसेफ हैं। वह बचपन में सेंट मैरी चर्च में जाते थे, जो अब बंद हो चुका है। मां सक्रिय रूप से चर्च जाती थीं, जिसकी वजह से उनकी रुचि धार्मिक कार्यों के प्रति बढ़ती चली गई। उन्होंने सेंट ऑगस्टाइन सेमिनरी हाई स्कूल से स्कूली शिक्षा हासिल की। पेन्सिलवेनिया की विलानोवा यूनिवर्सिटी से गणित में स्नातक की पढ़ाई की है। इसके बाद वह शिकागो की कैथोलिक थियोलॉजिकल यूनियन से जुड़ गए। उन्होंने कुछ समय तक शिकागो के सेंट रीटा हाई स्कूल में फिजिक्स पढ़ाई। वह 27 वर्ष की उम्र में 1982 में पादरी कानून की पढ़ाई करने के लिए रोम चले गए।

### कई भाषाओं के जानकार, टेनिस के प्रशंसक, पढ़ने और घूमने का शौक

पोप लियो XIV में स्कूल और कॉलेज के दौरान से ही नेतृत्व के गुण थे। वह छात्र परिषद के सचिव, तो एकेडमिक ईयरबुक के प्रधान संपादक भी रहे। वह भाषण और वाद-विवाद में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। उन्होंने पोप बनने के बाद अपना पहला वक्तव्य स्पेनिश और इतावली भाषा में दिया। इसके अलावा, वह अंग्रेजी, फ्रेंच और पुर्तगाली भाषा धाराप्रवाह बोलते हैं। साथ ही वह लैटिन और जर्मन भाषाओं को पढ़ सकते हैं। नए पोप टेनिस के प्रशंसक हैं, वह खुद भी शौकिया तौर पर टेनिस खेलते रहे हैं। वह खाली समय में पढ़ना और नई-नई जगहों पर जाना पसंद करते हैं। उन्होंने 47 देशों की यात्रा की है।

### ट्रंप की नीतियों के आलोचक

रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट भले ही अमेरिका में पैदा होने वाले पहले पोप बने हों, लेकिन वह राष्ट्रपति ट्रंप की आप्रवासियों को देश से बाहर करने की नीतियों के आलोचक रहे हैं। हालांकि, पोप लियो XIV अपने पूर्ववर्ती पोप फ्रांसिस की तरह न तो उदारवादी हैं, न वह दक्षिणपंथ का समर्थन करते हैं। माना जाता है कि वह मध्यमार्ग में विश्वास करते हैं।

### आरोप भी लगे

पोप लियो XIV चर्च में महिलाओं की भागीदारी के समर्थक माने जाते हैं। लेकिन उनके सामने समलैंगिक के मुद्दे के अलावा चर्च के अंदर पादरियों द्वारा किए जाने वाले कथित यौन शोषण के मुद्दों से निपटने की चुनौती होगी। तीन महिलाओं ने आरोप लगाया था कि जब पोप लियो XIV पेरू में चर्च के प्रमुख थे और वे नाबालिग थीं, तब उनके साथ चर्च के पादरियों ने यौन शोषण किया। आरोप है कि रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट ने आरोपी पादरियों को दंडित करने के बजाय उनका बचाव किया था।

### नाम चुनने की वजह

रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट को जब पोप चुना गया, तो उन्होंने अपना नाम पोप लियो XIV चुना। 1878 से 1903 तक पोप रहे लियो XIII के चरित्र से वह काफी प्रभावित हैं, जो रूढ़िवादी ईसाई होने के साथ ही नवाचार को भी प्राथमिकता देते थे। पोप लियो XIV भी अन्याय के विरुद्ध लड़ाई और गरीबों की मदद में विश्वास रखते हैं।

### सिर्फ दो दिन में चुने गए

पोप फ्रांसिस के उत्तराधिकारी को चुनने के लिए दुनिया भर के कार्डिनल वेटिकन सिटी में इकट्ठे हुए। इस वक्त पूरे विश्व में 252 कार्डिनल हैं, लेकिन वोट देने का अधिकार 80 वर्ष से कम उम्र के 135 कार्डिनल को ही था। पोप लियो XIV को दो दिन में ही चुन लिया गया, जबकि वर्ष 1271 में पोप ग्रेगरी X को दो वर्ष, नौ माह और दो दिन की प्रक्रिया के बाद चुना गया था, जो कि अब तक की सबसे लंबी चली प्रक्रिया है।

## आज का दिन

10 मई, 1857

अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ पहले स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत हुई थी। मेरठ की तीनों रेजीमेंट के सिपाहियों ने बगावत का झंडा उठाकर दिल्ली कूच कर दिया। इसमें महिलाओं ने भी सहयोग किया था।



- 1503 : कोलंबस ने कायमान द्वीप की खोज की थी।
- 1945 : रूसी सेना ने चेक गणराज्य की राजधानी प्राग पर कब्जा किया था।
- 1993 : भारत की संतोष यादव एवरेस्ट पर दो बार चढ़ने वाली पहली महिला पर्वतारोही बनी थी।
- 1994 : नेल्सन मंडेला अफ्रीका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति बने थे।

## व्रत त्योहार

आज : वैशाख शुक्ल पक्ष त्रयोदशी। कल : श्रीनृसिंह जयंती, ग्रीष्म ऋतु, सूर्य उत्तरायणे, उत्तर गोले।
राहुकाल : सायं 16.30 से 18.00 तक।

## कल का पंचांग

सूर्योदय : 05.37
सूर्यास्त : 18.58
(भारतीय मानक समयानुसार)

**विक्रमी संवत** 2082, 21 वैशाख मास शक 1947, वैशाख मास 29 प्रविष्टे, 12 जिल्काद हिजरी 1446, वैशाख शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 20.01 तक उपरांत पूर्णिमा, स्वाती नक्षत्र दिन रात, व्यतिपात योग 28.59 तक उपरांत वरियान योग, गर करण 06.45 तक उपरांत वणिज करण, चंद्रमा तुला राशि में दिन-रात।

amarujala.com/astrology

## राशिफल

■ पं. विनोद त्यागी

**मेष :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यवसाय के लाभ से खुशी होगी। विरोधी परास्त होंगे। घर में आनंद रहेगा।

**वृष :** मानसिक तनाव बना रहेगा। व्यवसाय में लाभ कम होगा। यात्रा में कष्ट होगा। संतान पक्ष की चिंता रहेगी।

**मिथुन :** सुख-सुविधाओं में कमी रहेगी। अपना ही धन अटक सकता है। व्यावसायिक लाभ से हतोत्साहित रहेंगे।

**कर्क :** सरकारी क्षेत्र में सफलता मिलेगी। नई योजना पर विचार करेंगे। व्यवसाय में उत्तम लाभ होगा।

**सिंह :** कार्य विशेष में निराशा होगी। नौकरी में सम्मान बना रहेगा। व्यवसाय में लाभ होगा। घर में शांति रहेगी।

**कन्या :** नौकरी में उन्नति के संकेत मिलेंगे। योजना में सफलता मिलेगी। व्यवसाय में लाभ होगा।

**तुला :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कुछ परेशानी रहेगी। व्यवसाय में मंदी रहेगी।

**वृश्चिक :** सामाजिक प्रभाव में वृद्धि होगी। स्वजनों का अपेक्षित सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक लाभ बढ़ेगा।

**धनु :** सरकारी क्षेत्र से अर्थ प्राप्ति संभव है। व्यवसाय में आशातीत धन लाभ होगा। परिवार में सुख-शांति रहेगी।

**मकर :** चली आ रही निराशा से मुक्ति मिलेगी। धर्म की ओर झुकाव बढ़ेगा। व्यवसाय में धन लाभ होगा।

**कुंभ :** दिनमान प्रतिकूल रहेगा। श्रम के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यवसाय में सामान्य लाभ होगा।

**मीन :** नौकरी के नए अवसर मिल सकते हैं। योजना में सफलता मिलेगी। व्यावसायिक लाभ में वृद्धि होगी।

## जन्मदिन



हर्षिता भट्ट, अभिनेत्री

यह वर्ष आपके लिए अनुकूल रहेगा। अल्प प्रयासों से ही उद्देश्य पूर्ति में सफल रहेंगे। सरकारी क्षेत्र में अटके कार्य पूर्ण होंगे। परिवार में समरसता बनी रहेगी। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से वर्ष महत्वपूर्ण रहेगा। नए व्यवसाय का प्रारंभ हो सकता है। स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | | | 5 | | |
| 8 | | | 1 | 6 | | 9 | | 4 |
| | | | 2 | | 7 | | 6 | |
| | | | | | | 4 | | 1 |
| | 4 | | 8 | | 9 | | 3 | |
| 1 | | 8 | | | | | | |
| | 8 | | 6 | | 4 | | | |
| 6 | | 5 | | 9 | 1 | | | 2 |
| | | 1 | | | | | | 9 |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 2 | 9 | 4 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 6 | 3 | 9 | 2 | 4 |
| 9 | 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 |
| 5 | 9 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 | 8 | 1 |
| 7 | 4 | 6 | 8 | 1 | 9 | 2 | 3 | 5 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 |
| 6 | 7 | 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 9 |

## डेली हेल्थ कैप्सूल

### गर्मियों का सुपरफूड है खीरा

*खीरा कई पौष्टिक तत्वों से भरपूर है, जो रक्त शर्करा, आंत, हृदय और त्वचा की सेहत को बेहतर बनाता है।*

खीरे में लगभग 95 प्रतिशत पानी होता है, जो शरीर को इलेक्ट्रोलाइट्स प्रदान करते हैं। यह ठंडक देने के साथ मांसपेशियों और तंत्रिका कार्य, रक्त पीएच और सामान्य हृदय गति के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। खीरे में कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती है। एक मध्यम आकार के खीरे में आमतौर पर केवल 30-40 कैलोरी होती है।



कम कैलोरी की मात्रा के बावजूद, खीरा महत्वपूर्ण विटामिन और खनिज प्रदान करता है। इसमें विटामिन सी होता है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। फ्लेवोनोइड्स और टैनिन जैसे एंटीऑक्सिडेंट कोशिकाओं की क्षति को रोकते हैं। इसमें मौजूद मैग्नीशियम और पोटैशियम मांसपेशियों के कार्य और हृदय के स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं। खीरे में मौजूद विटामिन के शरीर को कैल्शियम को बेहतर तरीके से अवशोषित करने में मदद करता है, जिससे हड्डियां मजबूत होती हैं। खीरे में मौजूद स्टेरोल बैड कोलेस्ट्रॉल या कम घनत्व वाले लिपोप्रोटीन के स्तर को कम करने में मदद करते हैं। छिलके के साथ खाने पर आहार फाइबर मिलता है, जो स्वस्थ पाचन और नियमित मल त्याग को बढ़ावा देता है। भूख को नियंत्रित कर अधिक खाने से रोकने में सहायक होता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

**गर्मियों में हाइड्रेशन के लिए खीरा बेहतरीन विकल्प है। इसमें मौजूद पोटैशियम, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सिडेंट हृदय स्वास्थ्य, त्वचा की चमक और पाचन तंत्र को बेहतर बनाते हैं। यह शरीर का तापमान संतुलित रखता है।**
- रीता अहीर, आहार विशेषज्ञ

## मुंबई के लिए फिर खेलना चाहते हैं जायसवाल

*मुंबई। गोवा टीम में जाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मांगने के एक महीने बाद भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) से अनुरोध किया है कि वह घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए ही खेलना चाहते हैं। अप्रैल में जायसवाल ने एमसीए को पत्र लिखकर गोवा के लिए खेलने की अनुमति देने का अनुरोध किया था। एमसीए ने भी उनका अनुरोध मान लिया था।* एजेंसी



### न्यूज डायरी



रोम में इटालियन ओपन टेनिस में जापान की ओसाका स्विट्ज़रलैंड की गोलूबिच के खिलाफ मैच के दौरान।

#### नीरज चोपड़ा क्लासिक इवेंट स्थगित की गई

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच 24 मई को बंगलूरु में होने वाली नीरज चोपड़ा क्लासिक प्रतियोगिता शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। चोपड़ा ने प्रतियोगिता स्थगित होने की घोषणा की। टूर्नामेंट का संशोधित कार्यक्रम आने वाले समय में साझा किया जाएगा। बयान में कहा गया है, 'मौजूदा स्थिति के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। एजेंसी

#### उन्नति और आयुष ताइवान ओपन के सेमीफाइनल में

**ताइवान।** युवा भारतीय शटलर आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा ने ताइवान ओपन सुपर 300 बैडमिंटन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सत्रह साल की उन्नति ने 52 मिनट तक चले मुकाबले में स्थानीय खिलाड़ी हुंग यी टिंग को महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में 21-8 19-21 21-19 से शिकस्त दी। 20 साल के आयुष ने कनाडा के ब्रायन यांग 16-21 21-19 21-14 से मात दी। एजेंसी

#### अफसल ने 800 मीटर में तोड़ा 7 साल पुराना रिकॉर्ड

**दुबई।** एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता मोहम्मद अफसल ने यूएई एथलेटिक्स ग्रां प्री की 800 मीटर की रेस में सात साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। 29 साल के एथलीट ने एक मिनट 45.61 का समय निकाला। इससे पहले रिकॉर्ड जिनसन जिनसन का था जिनका 2018 में प्रदर्शन 1:45.65 का था। पहले स्थान पर केन्या के निकोलस किपलगेत ने 1:45.38 का समय निकाला। एजेंसी

#### 2027 डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी का इच्छुक है बीसीसीआई


**नई दिल्ली।** बीसीसीआई देश में 2025-2027 चक्र के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की मेजबानी करने पर विचार कर रहा है। इस संबंध में प्रस्ताव को बाद में औपचारिक रूप दिया जाएगा। इंग्लैंड ने अब तक 2021 और 2023 में डब्ल्यूटीसी खिताबी मुकाबलों की मेजबानी की है। पिछले महीने जिंबाब्वे में आईसीसी की मुख्य कार्यकारी समिति के दौरान इस संबंध में चर्चा हुई थी। एजेंसी

# जय हिंद...खेल जगत के दिग्गजों का भारतीय जवानों के जज्बे को सलाम


## नीरज, सिंधू, रोहित और विराट सहित तमाम खेल सितारों ने सशस्त्र बलों के साहस और बहादुरी को सराहा

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा, पीवी सिंधू क्रिकेटर रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित भारत की शीर्ष खेल हस्तियों ने पाकिस्तान में आतंकी ढांचे के खिलाफ देश की सैन्य कार्रवाई के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और उन्हें 'भारत की आत्मा'करार दिया।

कोहली ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'हम इस कठिन समय में हमारे देश की रक्षा करने के लिए अपने सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और उन्हें सैल्यूट करते हैं। हम अपने नायकों की अटूट बहादुरी तथा उनके और उनके परिवारों द्वारा हमारे महान राष्ट्र के लिए किए गए बलिदानों के लिए तहेदिल से आभारी हैं।'ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा ने पोस्ट किया, 'हमें अपने बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों पर गर्व है जो आतंकवाद के खिलाफ हमारे देश के लिए लड़ रहे हैं। आइए अपनी भूमिका निभाएं और इस दौरान सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देशों का पालन करें।'



नीरज चोपड़ा



पीवी सिंधू



रोहित शर्मा



विराट कोहली

बैडमिंटन खिलाड़ी सिंधु ने पोस्ट किया, 'भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर पुरुषों और महिलाओं के लिए आपका साहस, अनुशासन और बलिदान हमारे राष्ट्र की आत्मा हैं। ऑपरेशन सिंदूर जैसे क्षणों में, हमें उस मौन शक्ति और निस्वार्थ सेवा की याद आती है जो हमारे तिरंगे को ऊंचा रखती है। भारत आपके साथ खड़ा है। जय हिंद।'

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने लिखा, 'हमारे सशस्त्र बलों का उनके साहस और बहादुरी के लिए आभारी हूं। हम उन्हें सैल्यूट करते हैं और हमें सुरक्षित रखने के लिए वे जो कुछ भी करते हैं उसके लिए हम हमेशा उनके ऋणी रहेंगे।' सूर्यकुमार ने लिखा, 'हमें अपनी सेनाओं पर बहुत गर्व है। आपके कारण ही हम अपने घरों में सुरक्षित रहते हैं। सीमाओं पर हमारी रक्षा करने में आपकी ताकत और दृढ़ संकल्प को सैल्यूट। हम आपका आभार व्यक्त करते हैं। जय हिंद।' विश्वकप विजेता और पूर्व सलामी बल्लेबाज क्रिस श्रीकांत ने कहा, 'हमारे दिल और प्रार्थनाएं सीमा पर खड़े हमारे सैनिकों के साथ हैं। अब समय आ गया है कि हम एकता और विश्वास के साथ उनके पीछे खड़े हों। हमारे बहादुर हमारी भूमि की रक्षा करें और दुनिया को दिखाएं कि भारत वास्तव में किसके लिए है। जय हिंद इसे हमारे लिए जीतें।' एजेंसी

### देश के गौरव के लिए खड़े हैं हमारे योद्धा

रोहित ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'हर गुजरते पल के साथ, हर फैसले के साथ मुझे हमारी भारतीय सेना, भारतीय वायुसेना और भारतीय नौसेना पर बेहद गर्व महसूस होता है। हमारे योद्धा हमारे देश के गौरव के लिए खड़े हैं। प्रत्येक भारतीय के लिए जिम्मेदार होना और किसी भी फर्जी खबर को फैलाने या उस पर विश्वास करने से बचना महत्वपूर्ण है। सभी सुरक्षित रहें। ऑपरेशन सिंदूर, जय हिंद।'

### सेना का जवाब नहीं भूलेगा पाकिस्तान

- *पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने पोस्ट किया, 'पाकिस्तान ने युद्ध का विकल्प तब चुना है जब उनके पास चुप रहने का मौका था। वे अपनी आतंकवादी संपत्तियों को बचाने के लिए आगे बढ़े हैं, उनके बारे में इतना कुछ बोलते हैं। हमारी सेनाएं सबसे उचित तरीके से जवाब देंगी, जिसे पाकिस्तान कभी नहीं भूलेगा।'*
- *सहवाग के साथी रहे बाएं हाथ के बल्लेबाज शिखर धवन ने ट्वीट किया, 'हमारी सीमाओं की इतनी मजबूती से रक्षा करने और जम्मू पर ड्रोन हमले को रोकने के लिए हमारे बहादुर दिलों को सम्मान। भारत मजबूत है। जय हिंद।'*
- *भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने कहा, 'आइए हम सभी अपने बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों के पीछे खड़े हों क्योंकि वे हमारे देश की रक्षा करते हैं। हम हमेशा आपके साथ हैं।'*

# एक सप्ताह के लिए आईपीएल स्थगित बीसीसीआई बोला-राष्ट्रहित है सर्वोपरि

## हालात की समीक्षा के बाद नए सिरे से जारी होगा कार्यक्रम, 16 मैच लीग में खेले जाने हैं बाकी

**नई दिल्ली।** आईपीएल-18 को एक सप्ताह के लिए स्थगित करने के साथ भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने स्पष्ट कर दिया है कि क्रिकेट देश का जुनून है, लेकिन राष्ट्रहित और उसकी एकता, अखंडता, सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। शुक्रवार को आईपीएल स्थगन के बाद बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि बोर्ड लीग के बाकी बचे 16 मैचों को सही समय पर कराने की कोशिश करेगा।

हालात की समीक्षा के बाद नए सिरे से लीग का कार्यक्रम जारी किया जाएगा। लीग का फाइनल 25 मई को कोलकाता के ईडन गार्डन में होना था। अभी 12 लीग और चार नॉकआउट मुकाबले शेष हैं। माना जा रहा है कि आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने क्रिकेटरों, खासतौर पर विदेशी क्रिकेटरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्थगन का फैसला लिया है। विदेशी क्रिकेटरों को तत्काल उनके देश रवाना किया जा रहा है। अटकलें यह भी हैं कि एक सप्ताह के अंदर स्थितियां सामान्य नहीं होती हैं और आईपीएल का आयोजन आगे नहीं हो पाता है तो सितंबर माह में होने वाले एशिया कप के रद्द होने के दौरान आईपीएल कराया जा सकता है। सैकिया ने कहा, इस नाजुक मोड़ पर बीसीसीआई देश के साथ खड़ा है। हम भारत सरकार, सशस्त्र बलों और देश के लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा, बोर्ड भारतीय सेना के जवानों, उनकी बहादुरी, साहस और निस्वार्थ सेवा को सलाम करता है। एजेंसी



खाली पड़ा लखनऊ का इकाना स्टेडियम। यहीं शुक्रवार को लखनऊ-आरसीबी का मैच होना था।

### पहले भी स्थगित हुआ है आईपीएल

एक सप्ताह के बाद अगर आईपीएल को फिर स्थगित करना पड़ा तो इसे तत्काल कराना संभव नहीं होगा। भारतीय टीम को अगले माह पांच टेस्ट मैच की सीरीज खेलने इंग्लैंड जाना है। यह सीरीज अगस्त में खत्म होगी। भारत-पाकिस्तान के बीच हालातों के कारण अब एशिया कप सितंबर में होना संभव नहीं लग रहा है। इस दौरान आईपीएल के बाकी बचे मुकाबलों को कराया जा सकता है। यह दूसरा मौका है जब आईपीएल को बीच में स्थगित करना पड़ा।

- 2021 में आईपीएल बायो बबल में हुआ था, लेकिन क्रिकेटरों के संक्रमण का शिकार होने के बाद इसे बीच में रोकना पड़ा। बाद में इसे सितंबर माह में पूरा कराया गया। बीसीसीआई के पास आईपीएल को यूएई में भी कराने का विकल्प है।

### फ्रेंचाइजी बोले विदेशी क्रिकेटर हैं चिंतित

बीसीसीआई ने साफ कर दिया है कि वह देश की सुरक्षा के लिए सभी प्रयासों का समर्थन करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है और हमेशा राष्ट्र के सर्वोत्तम हित में अपने निर्णय लेगा। आईपीएल स्थगित करने के फैसले पर सभी हितधारकों और फ्रेंचाइजी टीमों ने भी बोर्ड का साथ दिया है। इनमें आधिकारिक प्रसारक, टाइटल प्रायोजक भी शामिल हैं। सूत्र बताते हैं कि सैन्य टकराव के बाद लीग में शामिल विदेशी क्रिकेटरों और उनके क्रिकेट बोर्ड में चिंता पैदा हो गई। इस संबंध में कुछ फ्रेंचाइजी ने बोर्ड को अवगत कराया। अब उन्हें वापस भेजने की व्यवस्था की जा रही है। बीते वर्ष मेगा बोली में 10 फ्रेंचाइजी ने 62 विदेशी खिलाड़ियों को अनुबंधित किया था। आईपीएल की एक टीम के अधिकारी के अनुसार विदेशी क्रिकेटर ठीक हैं, लेकिन जो कुछ घटित हो रहा है, उसको लेकर वे चिंतित हैं।

### विशेष ट्रेन से खिलाड़ी दिल्ली लौटे

**नई दिल्ली।** पंजाब-दिल्ली का मैच बीच में रद्द किए जाने के बाद टीमों को सड़क मार्ग से कड़ी सुरक्षा के बीच धर्मशाला से जालंधर लाया गया। आईपीएल स्टाफ को लेकर यह विशेष ट्रेन (00468 एफटीआर स्पेशल) जालंधर कैंट से सफदरजंग स्टेशन पर रात 8 बजे पहुंची। ट्रेन में सिर्फ आईपीएल स्टाफ था। यहां से कुलदीप यादव ने इतने बड़े दल के लिए विशेष ट्रेन उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद किया। ब्यूरो

- लीग स्थगित होने के बाद टीमें भी समर्थन में उतर आईं। उन्होंने राष्ट्रहित में इस फैसले को सही ठहाराया। लखनऊ सुपरजायंट्स ने सोशल मीडिया पर लिखा, देश सबसे पहले। वहीं, केकेआर ने लिखा, हमारी ढाल भारतीय सैन्यबल। देश सबसे पहले।

## पहले पीएसएल यूएई में कराने की घोषणा बाद में किया स्थगित

**दुबई।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है। पीसीबी ने पहले लीग को यूएई को में कराने की घोषणा की थी, लेकिन बाद में उसे पता लगा कि यूएई लीग के आयोजन की अनुमति नहीं देगा तो उसने इसे स्थगित करने का फैसला ले लिया। अमीरात क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण संबंधों के बीच सुरक्षा कारणों से यूएई पीएसएल अपने यहां नहीं कराना चाहता है। पीएसएल के आठ मैच अभी होने बाकी हैं।

### यूएई ने लीग के आयोजन के लिए नहीं भरी हामी

अमीरात बोर्ड के बीसीसीआई के साथ गहरे संबंध हैं। उसने भारत की मेजबानी में 2021 के टी-20 विश्वकप, आईपीएल का आयोजन किया है। साथ ही इसी वर्ष चैंपियंस ट्रॉफी के मैच आयोजित किए हैं। दुबई आईसीसी का मुख्यालय है, जिसके चेयरमैन, बीसीसीआई के पूर्व सचिव जय शाह हैं। सूत्रों का कहना है कि यूएई में लीग होने से वहां के दक्षिण एशियाई समुदाय में दरार पड़ सकती है। एजेंसी

## दीपिका और सालुंखे तीरंदाजी विश्वकप के सेमीफाइनल में

### पार्थ ने ओलंपिक स्वर्ण विजेता गाजोज को हराया

**शंघाई।** तीरंदाज दीपिका कुमारी और पार्थ सालुंखे ने विश्वकप के महिला और पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत मुकाबलों के सेमीफाइनल में जगह बनाई। सालुंखे ने पहले दौर में टोक्यो ओलंपिक विजेता और पेरिस ओलंपिक के कांस्य विजेता गाजोज को 6-5 से हराकर उलटफेर किया।

दीपिका ने स्पेन की लूसिया को 6-4 से, कजाखस्तान की डायना को 6-0 से और फ्रांस की सेबेस्टियन को 6-4 से हराया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चीन की ओलंपिक पदक विजेता ली को 6-2 से मात दी। मधुरा और अभिषेक की भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने कांस्य मैच में प्रवेश किया। ब्रिटेन की जोड़ी से सेमीफाइनल में हार मिली थी। एजेंसी



दीपिका कुमारी



पार्थ सालुंखे

## जम्मू-कश्मीर ने जीता वॉलीबॉल में स्वर्ण

### उत्तर प्रदेश को 3-1 से हराया, खो-खो में ओडिशा की बेटियां रहीं आगे

**पटना।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में जम्मू-कश्मीर के लड़कों की वॉलीबॉल टीम ने स्वर्ण जीत लिया। अंडर-18 खो-खो फाइनल में ओडिशा की लड़कियों ने महाराष्ट्र को 34-31 से हराया।

**खेलो इंडिया यूथ गेम्स**

वॉलीबॉल में जेएंडके ने फाइनल में उत्तर प्रदेश को 3-1 (35-33, 19-25, 25-17, 25-21) से हराया। वानी महिर (श्रीनगर), साहिल शमीम (अनंतनाग), आबिद गुलजार (गांदरबल), और नासिर (बारामुला) सिर्फ पदक की उम्मीद नहीं, बल्कि घाटी की भावनाएं लेकर आए थे। हाल ही में हुए आतंकी हमलों के साए में भी इन युवाओं ने हिम्मत और जुनून के साथ खेल कर लोगों को गर्व का अहसास कराया। आबिद ने कहा, हम चाहते थे कि घाटी के लोग कुछ अच्छा महसूस करें, और ये जीत वही तोहफा है। ब्यूरो





जीत के बाद जम्मू एवं कश्मीर की वॉलीबॉल की टीम। अमर उजाला

**चुनौती** आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने कहा, बिना भगदड़ 25,000 को स्टेडियम से था निकालना

## टाइमआउट के दौरान पता लगा मैच रोकना पड़ेगा

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स-दिल्ली कैपिटल्स के मैच में स्ट्रैटजिक टाइमआउट के दौरान आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल को पता लगा कि मैच को तुरंत रोकना होगा। समय कम था। धर्मशाला के दोनों पड़ोसी शहरों पठानकोट और जम्मू में हवाई हमले के सायरन बज चुके थे।

धूमल के सामने स्टेडियम में बैठे 25 हजार दर्शकों को बिना किसी भगदड़ के बाहर निकालने और खिलाड़ियों में दहशत नहीं पड़ने देने की चुनौती थी। क्रिकेट प्रशासक के रूप में धूमल के सामने यह सबसे चुनौतीपूर्ण दिनों में से एक था। धूमल याद करते हैं कि टाइमआउट के दौरान मुझे ब्लैकआउट प्रोटोकॉल के बारे में बताया गया। मैंने तुरंत दिल्ली और पंजाब प्रबंधन के शीर्ष अधिकारियों को सूचित किया कि कुछ समय में फ्लडलाइट बंद हो जाएंगी। उन्हें बताया कि हम इस काम को किस तरह से अंजाम देंगे ताकि खिलाड़ी डरें या घबराएं नहीं। इसमें स्थानीय पुलिस से भी पूरा सहयोग मिला। एजेंसी



पुलिस और प्रशासन की मदद से दर्शकों को बाहर निकाला गया।

### जानबूझकर तकनीकी कारण बताया

दर्शकों में भगदड़ नहीं मचे इसलिए घोषणा की गई कि तकनीकी कारण से फ्लडलाइट बंद कर दी गई हैं। पहले फ्लडलाइट्स को धीमा किया गया। कुछ समय के बाद उसे पूरी तरह से बंद कर ब्लैकआउट प्रोटोकॉल लागू किया गया। धूमल ने कहा, जब सार्वजनिक रूप से फ्लडलाइट बंद होने की घोषणा की गई, तो लोग वहां से जाना नहीं चाहते थे। धूमल को इसके बाद पंजाब किंग्स की सह-मालिक प्रीति जिंटा के बगल में खड़े होकर लोगों से स्टेडियम से बाहर निकलने का अनुरोध करते देखा गया।

- धूमल ने माना कि आईपीएल चेयरमैन के तौर पर उनके लिए यह सबसे चुनौतीपूर्ण रात नहीं थी। कोविड-19 के दौरान बड़ी चुनौती थी, जब टूर्नामेंट को बीच में रोकना पड़ा था।

अमर उजाला
संस्थापक : स्व. डोरीलाल अग्रवाल
: स्व. मुरारीलाल माहेश्वरी
नवोन्मेषक : स्व. अतुल माहेश्वरी
अमर उजाला लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मृत्युंजय कुमार सिंह द्वारा अमर उजाला लिमिटेड 5/1, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित व इम्प्रेशन्स प्रिंटिंग & पैकेजिंग लिमिटेड, सी-21, 22, सेक्टर- 59, नोएडा-201301 से मुद्रित।
संपादक : डॉ. इन्दुशेखर पंचोली
फोन : 0120-4694000
फैक्स : 0120-2587325
E-mail : editor@del.amarujala.com
Website : www.amarujala.com
RNI NO. DELHIN/2003/09919

**बिंदास** ENTERTAINMENT **PROMOTIONAL** FEATURE

**अफगानिस्तान में शूट होने वाली पहली भारतीय फिल्म 'धर्मात्मा' की कहानी मारियो पूजो के उपन्यास 'गॉडफादर' पर इसी नाम से बनी फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की फिल्म पर आधारित है।**


# ...जब फिरोज खान ने 'गॉडफादर' को बना दिया 'धर्मात्मा'

**साल 1975 में मई के दूसरे शुक्रवार को रिलीज फिल्म 'धर्मात्मा' उस साल की तीसरी सबसे कामयाब फिल्म बनी। टॉप दो पोजीशन पर उस साल रहीं 'शोले' और 'जय संतोषी मां' तथा चौथे और पांचवें नंबर पर रहीं 'दीवार' और 'संन्यासी।' उस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पांच फिल्मों में तीन हेमा मालिनी की रहीं।**

**पंकज शुक्ल**

**आमिर** खान ने तो बहुत बाद में अपने एग्रीमेंट में फिल्म की हीरोइन के साथ किसिंग सीन होने की शर्त रखनी शुरू की, अभिनेता फिरोज खान साल 1972 में आई बतौर निर्देशक अपनी पहली फिल्म 'अपराध' में ही इसके करीब पहुंच गए थे। फिल्म में मुमताज की नाक पर लिया गया उनका चुंबन सुर्खियां बना। बतौर निर्देशक अपनी दूसरी फिल्म में फिरोज खान ने ऐसा ही कुछ हेमा मालिनी के साथ करने की कोशिश की, लेकिन हेमा मालिनी की मां ने तब सेट पर ही फिरोज खान की तबीयत हरी कर दी थी।

फिरोज खान की शम्मी कपूर से भी इसी फिल्म को लेकर हाथापाई हो गई थी। उस दिन राज कपूर ने नए गायक शैलेंद्र सिंह की आवाज में एक गाना रिकॉर्ड किया, 'मैं शायर तो नहीं..!' गाने के बाद उन्होंने एक शानदार पार्टी रखी, ताकि वह सबको फिल्म 'बॉबी' के बारे में विस्तार से बता सकें। शम्मी कपूर का वजन तब तक बढ़ना शुरू हो चुका था और फिल्म 'जमीर' में वह सायरा बानो के पिता का रोल करने के लिए हामी भी भर चुके थे। 'धर्मात्मा' की शूटिंग शुरू ही होने वाली थी और पार्टी में शम्मी कपूर को देख फिरोज ने इस फिल्म में भी उन्हें अपने पिता का रोल करने का ऑफर दे दिया। दोनों में सिर्फ आठ साल का फर्क है और शम्मी कपूर को भरी पार्टी में यह प्रस्ताव अच्छा नहीं लगा। दोनों में पार्टी के दौरान ही खूब लड़ाई हुई।





**50 साल बेमिसाल**

फिल्म 'धर्मात्मा' की कहानी मारियो पूजो के उपन्यास 'गॉडफादर' पर इसी नाम से बनी फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की फिल्म पर आधारित है। फिल्म में पहले फिरोज खान खुद विलेन जंगूरा की भूमिका निभाना चाहते थे और चाहते थे कि राजेश खन्ना फिल्म के नायक रणबीर का किरदार निभाएं, लेकिन उन्होंने न कर दी। अफगानिस्तान में शूट होने वाली 'धर्मात्मा' पहली भारतीय फिल्म है। फिल्म की टीम जब वहां पहुंची तो वहां के सरकारी टेलीविजन ने इसका सीधा प्रसारण किया था। फिल्म में दो हीरोइन थी हेमा मालिनी और रेखा। 'शोले' में अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र और संजीव कुमार जैसे सितारों के बीच अपनी भूमिका बहुत छोटी होने के चलते हेमा ने यह फिल्म साइन की थी। डैनी के साथ दिक्कत यह हुई कि दोनों फिल्मों में उनके रोल बड़े थे, पर तारीखों के हिसाब से वह कोई एक फिल्म ही कर सकते थे, तो उन्होंने फिल्म 'धर्मात्मा' चुनी। फिल्म में रेखा की एंट्री हुई, जीनत अमान द्वारा यह फिल्म छोड़ देने के चलते। फिल्म का सबसे हिट गाना रहा, 'तेरे चेहरे में वो जादू है..'। और, इस गाने की कहानी फिरोज खान खुद बता चुके हैं। उनके मुताबिक एक बार गीतकार इंदीवर ने यूं ही चलते-फिरते उन्हें अपनी एक कविता सुनाई थी। गीत का मुखड़ा यही था और फिरोज खान के मन में हमेशा यह कविता घूमती रही कि इसे किसी फिल्म का गीत कैसे बनाया जाए? फिल्म 'धर्मात्मा' के संगीतकारों कल्याणजी-आनंदजी को फिरोज खान ने जब यह कविता सुनाई तो वह उछल पड़े, बोले यह तो गाने की जबर्दस्त हुक लाइन है और बना हिट गाना, 'तेरे चेहरे में वो जादू है, बिन डोर खिंचा आता हूं, जाना होता है और कहीं, तेरी ओर चला आता हूं...!'

**भारत और पाकिस्तान के बीच शुरू हुए युद्ध के चलते लंदन में फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का होने वाला कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। शाहरुख खान की पहल पर लिए गए इस फैसले की फिल्म जगत में काफी सराहना हो रही है।**


## शाहरुख ने रद्द किया लंदन का अपना कार्यक्रम

**गर्मियों** में अपनी विदेश यात्राएं काफी पहले से तय कर लेने वाले अभिनेता शाहरुख खान बीती रात अपनी इस साल की छुट्टियां बीच में ही छोड़कर मुंबई लौट आए। वह यहां से मेट गाला पार्टी में शामिल होने गए थे और वहां से वह लंदन पहुंचे थे अपनी सुपरहिट फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' के कालजयी पोज की एक प्रतिमा का वहां अनावरण करने। इस प्रतिमा अनावरण के साथ ही इस फिल्म पर बना एक म्यूजिकल ब्रॉडवे भी लंदन में शुरू होने वाला था, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच बनी युद्ध की स्थिति को देखते हुए शाहरुख ने ये कार्यक्रम टाल देने का प्रस्ताव रखा। सूत्र बताते हैं कि निर्माता आदित्य चोपड़ा को भी शाहरुख का यह सुझाव पसंद आया और दोनों ने कार्यक्रम अगली तारीख तक स्थगित कर देना ही उचित समझा। लंदन के लीसेस्टर स्क्वॉयर में प्रस्तावित कार्यक्रम की नई तारीख बाद में घोषित की जाएगी। शाहरुख खान इसके बाद भारत लौट आए हैं। मेट गाला में पहुंचकर शाहरुख ने इस साल नया रिकॉर्ड यह बनाया कि वह भारतीय पुरुष सितारों में इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले पहले कलाकार बन गए।



**दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे**

लेटेस्ट वीडियो, फोटो और खबरों के लिए क्लिक करें
amarujala.com/entertainment





# आतंकियों के साथ जंग लड़ रहा भारत : क्वात्रा

## अमेरिका : भारतीय राजदूत बोले-अमानवीयों को जवाबदेह ठहरा पीड़ितों को न्याय दिलाएंगे

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा कि भारत आतंकवादियों के साथ जंग लड़ रहा है। इन नीच, अमानवीय राक्षसों को जवाबदेह ठहराकर पहलगाम हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाया जाएगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि किसी भी हालत में इन आतंकवादियों को खुली छूट नहीं दी जाएगी।

क्वात्रा ने बृहस्पतिवार को एक न्यूज चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा कि 22 अप्रैल की घटना सबसे जघन्य आतंकवादी घटना थी। ऑपरेशन सिंदूर पर उन्होंने कहा कि यह कोई नहीं कह सकता कि इन आतंकवादियों को ऐसे ही जाने देना चाहिए और हमने यही किया, उन्हें जवाबदेह ठहराया, उन्हें न्याय के कठघरे में खड़ा किया। एजेंसी



### आतंकियों ने क्रूर, अमानवीय व राक्षसी तरीके से हत्या की

*क्वात्रा ने कहा कि अमेरिकी कांग्रेस के कई सदस्यों, सीनेटरों से लेकर पूरी दुनिया तक, सभी इस बात को मानते हैं कि भारत को इन आतंकवादियों के खिलाफ जवाब देना चाहिए आतंकियों ने क्रूर, अमानवीय व राक्षसी तरीके से हत्या की। भारत की कार्रवाई आतंकवादियों, उनके ठिकानों पर बहुत ही सटीक, सुनियोजित, नपी-तुली प्रतिक्रिया है। हमारा सबसे बड़ा मकसद नीच, अमानवीय राक्षसों को जवाबदेह ठहराना और पीड़ितों को न्याय दिलाना है।*

### पूरा कश्मीर भारत का, मुद्दा सिर्फ वापसी का

न्यूज चैनल के एक पत्रकार ने कश्मीर को भारत प्रशासित कहा तो क्वात्रा ने तत्काल आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि सबसे पहले, मुझे खेद है लेकिन मैं आपको यहां सही करना चाहता हूं। पूरा जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। वहां समाधान किए जाने वाला एकमात्र मुद्दा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की वापसी है।

▪ **इन्कार करना पाकिस्तान की रणनीति का अहम हिस्सा :** पाकिस्तान के हमलों में शामिल होने से इन्कार करने संबंधी सवाल पर क्वात्रा ने कहा कि इन्कार और अस्पष्टता हमेशा से पाकिस्तान की रणनीति का अहम हिस्सा रहा है। ओसामा बिन लादेन, अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल का हत्यारा या 26/11 के मुंबई आतंकी हमलों के अपराधी कहां मिले?

# वैश्विक मीडिया में सुनाई दी सैन्य संघर्ष की गूंज

**पाकिस्तानी आतंकवादी ठिकानों पर भारत की जवाबी सैन्य कार्रवाई को दुनियाभर के मीडिया ने प्रकाशित किया है। आइए जानें वैश्विक मीडिया मंचों पर प्रकाशित सुर्खियां...**

1 **न्यूयॉर्क टाइम्स :** भारत-पाकिस्तान संघर्ष पिछले कई वर्षों में सबसे व्यापक स्तर पर पहुंच गया है। कथित तौर पर दोनों देशों ने विवादित कश्मीर सीमा से परे एक-दूसरे के क्षेत्रों को लक्ष्य बनाकर हमला किया।

2 **सीएनएन :** चीन ने सैन्य तकनीक विकसित करने में अरबों डॉलर खर्च किए हैं। भारत पाक के संघर्ष के बीच दुनिया को पहली बार पता चल सकता है कि पश्चिमी हार्डवेयर के मुकाबले चीनी सैन्य तकनीक कितनी कारगर हैं।

3 **ले मोंडे :** कश्मीर में घातक नागरिक हमले के प्रतिशोध में भारत द्वारा पाकिस्तान में हमला करने के दो दिन बाद, दोनों परमाणु शक्तियां एक ऐसे संघर्ष में उलझ गई हैं, जो उन्हें युद्ध के और करीब ले आया है।

4 **द वाशिंगटन पोस्ट :** भारत-पाक के बीच युद्ध की धुंध, दोनों देशों ने एक-दूसरे पर नए हमलों का आरोप लगाया है, जबकि सोशल मीडिया पर गलत सूचनाओं ने सीमा के दोनों तरफ लोगों की बेचैनी को और बढ़ा दिया है।

5 **द गार्जियन :** भारत ने पाकिस्तान पर उसके शहरों और ठिकानों पर हमला करने के लिए 400 ड्रोन्स का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। इस्लामाबाद ने उत्तर भारत में हमले करने से इनकार किया।

6 **चाइना डेली :** टीवी मीडिया की खबरों में कहा गया कि पाकिस्तान के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित जम्मू व उरी सहित भारत नियंत्रित कश्मीर के कई इलाकों पर पाकिस्तान की ओर से भारी गोलाबारी की गई।

# भारत-पाकिस्तान संघर्ष से अमेरिका का किनारा उपराष्ट्रपति वेंस बोले-इससे हमारा कोई वास्ता नहीं

## कहा-चाहते हैं परमाणु संपन्न दोनों देश तनाव कम करें, लेकिन हम इन्हें काबू नहीं कर सकते

**वाशिंगटन।** भारत-पाकिस्तान संघर्ष से अमेरिका ने किनारा कर लिया है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दो टूक कहा कि दोनों देशों के बीच जंग छिड़ी तो हमारा इससे कोई लेना-देना नहीं होगा। वेंस ने कहा, भारत-पाकिस्तान को तनाव कम करना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी जोड़ा कि अमेरिका परमाणु संपन्न इन दोनों एशियाई पड़ोसियों को काबू नहीं कर सकता है। वेंस ने यह बातें फॉक्स न्यूज के शो द स्टोरी विद मार्था मैककैलम के दौरान कहीं।

वेंस ने कहा, हम चाहते हैं कि यह मामला जल्द से जल्द शांत हो, लेकिन दोनों को नियंत्रित करना मुश्किल है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा, हम सिर्फ इतना कर सकते हैं कि इन देशों को तनाव थोड़ा कम करने के लिए प्रोत्साहन मिले। फिर भी हम युद्ध के बीच में नहीं पड़ेंगे, क्योंकि यह मूल रूप से हमारा काम नहीं है और इसका अमेरिका की युद्ध नियंत्रित करने की क्षमता से कोई लेना-देना नहीं है। वेंस ने कहा, चीन-पाकिस्तान के साथ हमारे अलग-अलग रिश्ते हैं। चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने के लिए भारत निश्चित ही अमेरिका का एक अहम साझेदार बना हुआ है, जबकि पाकिस्तान भले ही प्राथमिकता में न हो, फिर भी एक सहयोगी जरूर है। इस बीच, कुछ पूर्व अफसरों-विश्लेषकों का मानना है कि रूस-यूक्रेन व गाजा युद्ध के चलते अमेरिका पहले ही कूटनीतिक व्यस्तता में उलझा है, ऐसे में नए तनाव में वह सीधा दखल नहीं देगा। एजेंसी


जेडी वेंस

### *ट्रंप बोले-आपसी तनाव कम करें भारत-पाक*

***न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।*** *व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चाहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव जल्द से जल्द से कम हो। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने एक ब्रीफिंग में पत्रकारों से कहा, दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप संघर्ष को कम होते देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के दोनों देशों के नेताओं के साथ अच्छे संबंध हैं। एजेंसी*

## ऑपरेशन सिंदूर से घबराए पाकिस्तान ने दुनियाभर से मांगा और ऋण, बाद में बोला-अकाउंट हैक हुआ

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर से घबराए पाकिस्तान ने भारी नुकसान की भरपाई के लिए अंतरराष्ट्रीय साझेदारों से और अधिक ऋण की गुहार लगाई। हालांकि बाद में पाकिस्तान ने दावा किया कि उसके वित्त मंत्रालय का 'एक्स' अकाउंट हैक हो गया था। वहीं भारत के प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) ने भी कटाक्ष किया और एक फिल्म के डायलॉग का मीम साझा करते हुए लिखा कि ये कोई तरीका है भीख मांगने का। पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 'फेक ट्वीट अलर्ट' जारी कर शुक्रवार को कहा कि वित्त मंत्रालय का अकाउंट 'हैक' हो गया है। एक अधिकारी ने भी पुष्टि की कि 'एक्स' अकाउंट हैक हो गया है और अकाउंट को बंद करने की कोशिश की जा रही है। दरअसल, मंत्रालय के आर्थिक मामलों के प्रभाग की ओर से एक फर्जी अपील की गई। इसमें अधिक ऋण की मांग की गई और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के साथ तनाव को कम करने में मदद की अपील की गई। एजेंसी



पीआईबी ने ट्वीट कर पाकिस्तान का झूठ उजागर किया।

▪ तनाव के कारण पाकिस्तान के शेयर बाजार में भारी गिरावट आई है। कथित हैक किए गए अकाउंट से पोस्ट में कहा गया कि पाकिस्तान सरकार दुश्मन की ओर से भारी नुकसान पहुंचाए जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय भागीदारों से और अधिक ऋण की अपील करती है।

▪ *युद्ध बढ़ने और शेयरों में गिरावट के बीच हम अंतरराष्ट्रीय भागीदारों से तनाव कम करने में मदद करने का आग्रह करते हैं।*

## अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए साझा खतरा है आतंकवाद : जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत आतंकवाद की चुनौती का सामना कर रहा है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए साझा खतरा है।




वह द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी-जर्मनी पर सोवियत संघ की विजय की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर रूसी दूतावास में आयोजित एक कार्यक्रम में भाषण दे रहे थे। जयशंकर ने कहा, 1945 में फासीवाद पर युद्ध में विजय की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर आप सभी के साथ शामिल होना बहुत खुशी की बात है। उन्होंने कहा, हम ऐसे समय में मिल रहे हैं, जब भारत आतंकवाद की चुनौती का सामना कर रहा है। यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए साझा खतरा है। मैं उन लोगों का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने हमारे साथ एकजुटता व्यक्त की है और जो चल रही दृढ़ प्रतिक्रिया को समझते हैं। इस अवसर पर रूसी राजदूत समेत अन्य राजनयिक मौजूद थे। एजेंसी

# नवाज की शहबाज को भारत से तनाव कम करने की सलाह

## रिपोर्ट : अनौपचारिक संपर्क की कोशिशें शुरू

**लाहौर।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से ताबड़तोड़ हुई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने अपने छोटे भाई व मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पड़ोसी देश के साथ तनाव कम करने के लिए कूटनीतिक तरीका अपनाने की सलाह दी है।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि नवाज दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए पर्दे के पीछे से काम कर रहे हैं और नई दिल्ली के साथ अनौपचारिक संपर्क करने की कोशिश की जा रही हैं। भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच नवाज भाई शहबाज की मदद करने के लिए लंदन से पाकिस्तान लौट आए हैं। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने खबर दी कि नवाज ने पीएम आवास पर राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक में शिरकत की और पीएम शहबाज को भारत के साथ कूटनीतिक रूप से तनाव कम करने की सलाह दी। एजेंसी



### पीएम आवास में हुई बैठक में लिया हिस्सा

नवाज ने कहा कि वह भारत के खिलाफ कोई आक्रामक रुख अपनाने के इच्छुक नहीं हैं। नवाज ने भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव का आकलन करने के लिए पीएम हाउस में बुलाई गई उच्च स्तरीय बैठक में हिस्सा लिया। अखबार ने बताया कि चूंकि उनके पास कोई सरकारी विभाग नहीं है, इसलिए उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी सरकार के प्रमुख की हैसियत से इसमें शिरकत की।

▪ इस बीच, शुक्रवार को नेशनल असेंबली ने सर्वसम्मति से भारत के प्रति पाकिस्तान की सैन्य प्रतिक्रिया का समर्थन किया और इसे राष्ट्रीय एकता का प्रदर्शन बताया। द न्यूज इंटरनेशनल ने इस बारे में रिपोर्ट दी।

# बांग्लादेश में हसीना की पार्टी पर लगाई जा सकती है पाबंदी

## अंतरिम सरकार प्रमुख यूनुस ने कहा-जल्द फैसला लेंगे

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही है। शुक्रवार को अंतरिम सरकार के मुखिया प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस के कार्यालय ने बयान जारी कर यह एलान किया। यूनुस ने कहा कि वह इस पर जल्द फैसला लेंगे। यूनुस के कार्यालय ने यह बयान छात्रों के नेतृत्व वाली नवगठित नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के कार्यकर्ताओं के रात भर उनके आधिकारिक आवास के सामने रैली निकालने और हसीना की पार्टी को भंग करने की मांग के बाद जारी किया। अंतरिम सरकार के बयान में कहा गया है, सरकार अलग-अलग राजनीतिक दलों, संगठनों और लोगों की ओर से हाल ही में उठाई गई मांग पर गंभीरता से विचार कर रही है। इसमें निरंकुश शासन और आतंकी गतिविधियों के आरोपों पर अवामी लीग को भंग करने की मांग की गई है। सरकार ने कई सियासी दलों से संपर्क साधा है और उनके साथ परामर्श करके जल्द ही फैसला लिया जाएगा। बता दें, एनसीपी नेतृत्व ने बड़े पैमाने पर छात्र-नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों की अगुवाई की थी। इसके चलते 5 अगस्त को हसीना अपदस्थ होकर भारत आ गईं। एजेंसी

### कट्टरपंथी दलों का विरोध सरकार पर बढ़ाया दबाव


यूनुस के घर के पास जुटे प्रदर्शनकारी।

*बांग्लादेश में नेशनल सिटिजन्स पार्टी, जमात-ए-इस्लामी और अन्य सहित कई राजनीतिक दल और समूहों ने देश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वाले कट्टरपंथियों ने शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। अवामी लीग की अध्यक्ष और प्रधानमंत्री शेख हसीना गत वर्ष 5 अगस्त को बड़े पैमाने पर हुए विद्रोह में सत्ता से बेदखल होकर भारत चली गईं और यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनीं।*

▪ अवामी लीग के लगभग सभी नेता फिलहाल छिपे हुए हैं। पूर्व राष्ट्रपति न अवामी लीग के वरिष्ठ नेता अब्दुल हामिद भी बृहस्पतिवार को अपनी पत्नी न बहनोई के साथ बैंकॉक चले गए। अवामी लीग पर प्रतिबंध की मांग को लेकर रात 10 बजे से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को भी जारी रहा।

## ट्रंप ने चीन पर टैरिफ घटा 80 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी और चीनी अधिकारियों के बीच होने वाली बैठक से पहले चीन पर टैरिफ को 145% से घटाकर 80% करने का प्रस्ताव रखा है।

मालूम हो कि सप्ताहांत में अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर जिनेवा में चीन के उच्चस्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल से मिलने वाले हैं। दोनों देशों के बीच अमेरिका की ओर से आयात पर कड़े टैरिफ लगाए जाने के बाद यह पहली बड़ी वार्ता है। शुक्रवार की सुबह ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, मुझे लगता है चीन पर 80% टैरिफ लगाना उचित है। एजेंसी




# विजय दिवस पर हथियारों के साथ रूस का शक्ति प्रदर्शन

**मॉस्को।** रूस ने द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी की हार की 80वीं बरसी के मौके पर शुक्रवार को मॉस्को के रेड स्क्वायर पर सैन्य परेड निकाली। इस परेड में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा सहित कई विदेशी नेताओं ने भाग लिया। रूस में विजय दिवस पर खुद को यूक्रेन युद्ध के परिप्रेक्ष्य में एक वैश्विक ताकत बताते हुए उन्नत हथियारों का प्रदर्शन भी किया।

रेड स्क्वायर पर सैन्य परेड में यूक्रेनी संघर्ष के बीच पश्चिम के प्रति संतुलन का प्रयास करते हुए राष्ट्रपति पुतिन ने अपने द्वारा बनाए गए गठबंधनों को मजबूत करने पर जोर दिया। परेड में बोलते हुए पुतिन ने यूक्रेन में लड़ रहे रूसी सैनिकों की सराहना की और कहा, हमें उनके साहस और दृढ़ संकल्प पर गर्व है, उनकी आध्यात्मिक शक्ति ने हमें हमेशा जीत दिलाई है। इस दौरान चीन ने भी रूस के साथ मेलजोल का संकल्प दोहराया। उन्होंने परेड के बाद उत्तर कोरियाई अफसरों से भी मुलाकात की। एजेंसी




### अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों का भी प्रदर्शन

परेड में 11,500 से अधिक सैनिक और 180 से अधिक सैन्य वाहन शामिल थे, जिनमें टैंक, बख्तरबंद पैदल सेना के वाहन, यूक्रेन युद्ध में इस्तेमाल तोपें शामिल थीं। रूस को एटमी शक्ति दिखाते हुए परमाणु-युक्त अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें भी प्रदर्शित की गईं।

## सेतुओं के तौर पर काम करें चर्च : पोप लियो-14

**वेटिकन सिटी।** उत्तरी अमेरिकी से पहली बार पोप के तौर पर अपने ऐतिहासिक चुनाव के बाद पोप लियो-14 ने शुक्रवार को पहली सभा की और पहला मास मनाया। इस दौरान उन्होंने कैथोलिक चर्च का नेतृत्व करने के लिए उन्हें चुनने वाले उच्च पादरियों (कार्डिनल) से मुलाकात भी की।



उन्होंने दुनिया के लिए अपने पहले संदेश में कहा, हमें साथ मिलकर यह पता लगाने का प्रयास करना चाहिए कि हम एक मिशनरी चर्च कैसे बनें, एक ऐसा चर्च जो लोगों के बीच सेतुओं के तौर पर काम करता हो।

**पीएम मोदी ने दी बधाई :** नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने पोप लियो-14 को बधाई देते हुए कहा कि भारत साझा मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए होली-सी के साथ निरंतर संवाद और जुड़ाव के लिए प्रतिबद्ध है। एजेंसी

